
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष 8, वर्ष 11, अंक 295, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, मंगलवार, 14 फरवरी, 2023



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

अन्दर : शुभमन गिल बने 'आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



अंदर - परम्परा और आधुनिकता का संवाद

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



# काशी का आध्यात्मिक सौन्दर्य निहार राष्ट्रपति मुर्मू अभिभूत

अश्वनी कुमार श्रीवास्तव

**वाराणसी।** महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को आध्यात्म यात्रा पर काशी पहुंचीं, लगभग चार घंटे तक काशी में रहीं राष्ट्रपति पहुंचीं ने बाबा काल भैरव, बाबा विश्वनाथ मंदिर में सविधि पूजन कर दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती की भव्य छटा को निहारा।

सोमवार को अपराह्न 2:50 पर वायुसेना के विशेष विमान से बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया। इसके बाद उनका काफिला शहर की ओर चला। अपराह्न लगभग 3:45 पर उनका काफिला बाबा कालभैरव मंदिर पहुंचा। मंदिर में उन्होंने बाबा का पूजन किया। फिर बाबा विश्वनाथ दरबार के लिए निकलीं, जहां उन्होंने बाबा विश्वनाथ का पंचगंव्य से षोडशोपचार विधि से बाबा का पूजन कर देशवासियों

**काशी में महामहिम**

### बाबा कालभैरव, श्रीकाशी विश्वनाथ का दर्शन पूजन कर देखी गंगा आरती

### बाबा दरबार में पूजन के साथ काशी के कुछ विशिष्ट लोगों से मुलाकात भी की

के मंगल कामना की। कुछ देर मंदिर में गुजारा, पूजन के पश्चात उन्होंने श्रीकाशी विश्वनाथ कॉरिडोर की भव्यता को निहारते हुए उन्होंने पूरे कॉरिडोर का बारे में जानकारी भी ली। उनके साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित प्रदेश के मंत्री दयाशंकर मिश्र, अनिल राजभर, विधायक नीलकंठ तिवारी भी थे। इसके बाद गंगा आरती के लिए उनका काफिल निकल पड़ा, दशाश्वमेध घाट पर बने मंच से उन्होंने गंगा आरती की



गंगा की छटा निहारतीं महामहिम

भव्य छटा को निहारा, गंगा सेवा निधि की ओर से नौ अर्चकों ने मां गंगा की भव्य आरती की, 21 कन्याएं चंवर डुलाती रहीं। दशाश्वमेध घाट का नजारा देव दिपावली से कम नहीं था, घाट का कोना-कोना दीपों से जगमगा रहा था। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था भी चाक चौबंद थी। लगभग चार घंटे के लिए काशी की आध्यात्म यात्रा पर काशी आयीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बाबा विश्वनाथ धाम में काशी कुछ चुनींदा लोगों से मुलाकात भी किया, जिनको राष्ट्रपति भवन से पूर्व में ही निमंत्रण दिया जा चुका था, उन लोगों के लिए श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन की ओर से अलग से व्यवस्था की गयी थी।

## राष्ट्रपति के आगमन पर डेढ़ घंटे थमा रहा रेल का पहिया

**दो शिफ्ट में लिया गया ब्लॉक, कैंट व काशी पर खड़ी रहीं ट्रेनें**

वाराणसी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन के मद्देनजर दो बार रेलवे की ओर से ब्लॉक लिया गया, जिन रास्तों से महामहिम को गुजरना था उनके बीच पड़ने वाले रेल ट्रैक पर ट्रेनों के आवागमन को रोक दिया गया था। इन ट्रैकों से होकर गुजरने वाली ट्रेनों को कैंट (वाराणसी जंक्शन) व काशी सहित सिटीस्टेशन पर रोक दिया गया। पहला ब्लॉक अपराह्न 3:00 बजे से अपराह्न 3:30 तक लिया गया, कुल आधे घंटे तक इन ट्रैक पर ट्रेनों का आवागमन पूरी तरह से बंद रहा। दूसरी बार जाने के समय ब्लॉक लिया गया जो शाम 6:15 से 7:15 तक का था। ट्रेनों के ब्लॉक की निगरानी नई दिल्ली रेलवे बोर्ड की ओर से की जाती रही। इस दौरान स्टेशन पर खड़ी ट्रेनों के यात्री भी परेशान दिखे, यात्रियों की ओर से बार-बार पूछताछ काउंटर पर ट्रेनों का लोकेशन लिया जाता रहा। राष्ट्रपति के आगमन के मद्देनजर रोकी गयी ट्रेनों की जानकारी होते ही सभी ने राहत की सांस ली।

# अंबेडकर मेरे लिए भगवान जैसे : मुर्मू

**दिल की बात**

### बोलीं, उन्होंने कुछ ऐसा किया था कि मैं आपके सामने खड़ी हूं

### अंबेडकर विवि के दीक्षांत समारोह में बांटे मेडल

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मेधावी छात्रों को मेडल देकर सम्मानित किया। तीन हजार 808 स्टूडेंट्स को डिग्री दी गई। राष्ट्रपति ने कहा- मेरे लिए बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर भगवान के समान हैं। उन्होंने कुछ ऐसा किया था कि आज मैं आपके सामने खड़ी हूं।

राष्ट्रपति ने कहा, निपर और आईआईटी बीएचयू के साथ सहयोग करके विश्वविद्यालय आगे बढ़ रहा है। इसकी मैं सराहना करती हूं। बाबासाहेब के जीवन में जितनी कठिनाई और चुनौतियां थीं, उनकी कामयाबी भी उतनी ही ज्यादा बड़ी थी। उनका जीवन हमारे लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि आज डिग्री पाने वाली 42% और मेडल पाने वाली 60% लड़कियां हैं। ये बहुत खुशी की बात है। समारोह में उत्तर प्रदेश की गवर्नर आनंदीबेन पटेल और उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय भी मौजूद रहे।

द्रौपदी मुर्मू ने कहा, कल मैंने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन समारोह में भाग लिया। जिससे देश और प्रदेश दोनों को लाभ मिल रहा है। स्टार्ट अप के लिए इन्क्यूबेशन सेंटर बने। आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट अप करने वाला देश है। विश्वविद्यालय के सभी स्टूडेंट्स से मेरा कहना है कि इसका जरूर फायदा लें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में एससी-एसटी एडमिशन के लिए 50% की छूट देना सराहनीय है। मुझे बिरसा मुंडा स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर का शुभारंभ करते समय बहुत खुशी हो रही है। बिरसा मुंडा के नाम पर स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर बनाने के लिए विश्वविद्यालय की पूरी टीम को बधाई देती हूं। जीवन में जो कुछ भी बनना चाहे, उसके लिए आज से ही प्रयास करें। लक्ष्य से भ्रमित न हों।




# विश्व को आगे बढ़ाएगी डिजिटल इकॉनमी

**लखनऊ।** वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर। यह वास्तव में भारत का वो प्राचीन श्लोक है जो भारत की दुनिया के बारे में उस सोच को प्रदर्शित करता है कि भारत के पास जो कुछ भी था उसे बिना राग द्वेष के या किसी भी अहंकार के कभी यह नहीं कहा कि यह मेरा है तो इस पर मेरा ही एकाधिकार है। निश्चित ही डिजिटल इकॉनमी वसुधैव कुटुम्बकम के इस भाव के साथ पूरी दुनिया को एक परिवार के रूप में आगे बढ़ाने में मदद कर सकती है और मानवता के जीवन में कल्याण का काम कर सकती है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह बैठक कुछ नए मुद्दों को लेकर आगे बढ़ेगी और मानवता के कल्याण के मार्ग को प्रशस्त करते हुए एक नई दिशा देने का कार्य करेंगे। यह बातें सोमवार को



सीएम योगी ने लखनऊ में पहली जी20 डिजिटल इकॉनमी वर्किंग ग्रुप की बैठक का शुभारंभ करते हुए कहीं।

इस अवसर पर सीएम योगी ने केंद्र सरकार के मंत्रियों के साथ डिजिटल इकॉनमी पर आयोजित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। सीएम योगी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करता है उत्तर प्रदेश जी20 से जुड़े प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए सीएम योगी ने कहा कि भारत की आबादी की दृष्टि से उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा राज्य है। 25 करोड़ की आबादी इस राज्य में निवास करती है। यह भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व भी करता है। भारत की सबसे उर्वरा भूमि भी उत्तर प्रदेश में है। भारत की कुल कृषि योग्य भूमि में से 11 प्रतिशत भूमि उत्तर प्रदेश के पास है। इसमें 20 फीसदी खाद्यान्न उत्पादन उत्तर प्रदेश करता है। सबसे अच्छा जल संसाधन भी उत्तर प्रदेश के पास है।

यूपी के पास युवा शक्ति है और आधुनिक अर्थव्यवस्था की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण आधार एमएसएमई का बेस चाहिए ऐसे 96 लाख एमएसएमई यूनिट भी यूपी में मौजूद है। भारत के एक ऐसे राज्य की राजधानी लखनऊ में जो अपनी पौराणिक और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के रूप में जाना जाता है वहां जी20 समूह से जुड़े हुए विभिन्न देशों से आए हुए आप सभी अतिथियों का सहयोगी मित्र देशों व संगठनों के सभी सम्मानित प्रतिनिधियों का मुझे उत्तर प्रदेश शासन की ओर से स्वागत करते हुए प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है।

## कानपुर में जिंदा जलीं मां-बेटी

**कानपुर।** कानपुर देहात के मैथा तहसील क्षेत्र के मड़ौली पंचायत के चालहा गांव में ग्राम समाज की जमीन से कब्जा हटाने पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अफसरों की टीम के सामने कब्जेदार की झोपड़ी में संदिग्ध हालत में आग लग गई। अपना आशियाना जलता देख मां-बेटी झोपड़ी में घुस गईं। दोनों को बचाने के प्रयास में गृहस्वामी व रुरा थाना प्रभारी झुलस गए। मां-बेटी व कई बकरियों की मौत हो गई। आक्रोशित लोगों ने हंगामा करते हुए लेखपाल पर कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। भीड़ का गुस्सा देख पुलिस और प्रशासन की टीम ने वहां से भागकर खुद को बचाया। मामले में कार्रवाई की मांग पर अड़े आक्रोशित लोग मां-बेटी के शव नहीं उठने दे रहे हैं। डीएम नेहा जैन व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति लोगों को समझाने की कोशिश में लगे हैं। डीएम नेहा जैन सोमवार को अपने कार्यालय जनसुवाई कर रही थीं।

# बीजेपी को सुप्रीम कोर्ट से झटका!

## कोर्ट ने कहा, संविधान में साफ है- वोट नहीं डाल सकते मनोनीत पार्षद

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेयर चुनाव से संबंधित आम आदमी पार्टी की महापौर पद उम्मीदवार शैली गुप्ता की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फरमान सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि एमसीडी के मेयर चुनाव में मनोनीत पार्षद वोट नहीं डाल सकते हैं। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि मनोनीत पार्षद चुनाव में हिस्सा नहीं ले सकते। इसको लेकर संविधान का प्रावधान बहुत स्पष्ट है।

दिल्ली के एलजी की तरफ से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल संजय जैन से चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि मनोनीत सदस्यों को मतदान नहीं करना चाहिए। यह बहुत अच्छी तरह से स्पष्ट है। हालांकि इसपर संजय जैन ने कहा कि इसको लेकर कुछ तर्क हैं। सीनियर एडवोकेट मनिंदर सिंह ने भी कहा कि यह एक बहस

**अगली सुनवाई 17 को**

### दिल्ली एमसीडी चुनाव पर फैसला देगा सुप्रीम कोर्ट

लायक मुद्दा है। समय की कमी की वजह से सुप्रीम कोर्ट की बेंच सोमवार को इस मामले की सुनवाई नहीं कर सकी। अब 17 फरवरी को इस मामले पर सुनवाई होगी

याचिकाकर्ता की तरफ से पेश हुए सीनियर एडवोकेट डॉक्टर अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 243फ इसे बहुत स्पष्ट करता है। उनसे पहले मामले में दलीलें दे रहे एडवोकेट शादान फरासत ने कोर्ट से कहा कि याचिकाकर्ता दो मांगे कर रहा है। मनोनीत सदस्यों को मतदान करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए और मेयर, डिप्टी मेयर, स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव अलग-अलग होने चाहिए। दिल्ली मेयर चुनाव में भारतीय जानता पार्टी ने रेखा गुप्ता जबकि आम आदमी पार्टी ने शैली ओबेरॉय को उम्मीदवार बनाया है। एमसीडी में एलजी ने 10 मनोनीत पार्षदों को भी वोट डालने का अधिकार दिया था जिसका लगातार आम आदमी पार्टी और उनकी उम्मीदवार शैली ओबेरॉय विरोध कर रही थीं।

शैली ने इसको लेकर ही सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को न सिर्फ मनोनीत पार्षदों को वोट डालने से रोकने का फरमान सुनाया बल्कि यह भी कहा कि सुनवाई पूरी न होने तक एमसीडी में वोटिंग नहीं होगी। एमसीडी में डिप्टी मेयर पद पर आम आदमी पार्टी के आले मोहम्मद इकबाल का मुकाबला बीजेपी के कमल बागड़ी से होगा।




## मेरे अपमान से सच नहीं छिपेगा, एक दिन पीएम मोदी को जवाब देना होगा : राहुल

**केरल।** संसद के बजट सत्र के दौरान विपक्षी नेताओं मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के भाषण के कुछ अंशों को हटाने को लेकर विपक्षी नेता लगातार आलोचना कर रहे हैं। इसी क्रम में केरल के वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को अपने संसदीय क्षेत्र में पीएम मोदी पर भी हमला बोला।

राहुल गांधी ने कहा कि मुझे उम्मीद नहीं है कि मेरे शब्दों को रिकॉर्ड पर जाने दिया जाएगा। देश के पीएम सीधे तौर पर मेरा अपमान करते हैं लेकिन उनकी बातों को ऑफ द रिकॉर्ड नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि आपका नाम गांधी क्यों है, नेहरू क्यों नहीं। मेरे अपमान से सच नहीं छिपेगा। उन्होंने आगे कहा कि संसद में मेरे भाषण के



कुछ अंश हटा दिए गए। मैंने किसी का अपमान नहीं किया। मैंने जो कहा उसके संबंध में मुझे सबूत दिखाने के लिए कहा गया था और मैंने लोकसभा अध्यक्ष को एक पत्र लिखा है। इस दौरान उन्होंने सदन में पीएम मोदी के संबोधन को दोबारा देखने के लिए आग्रह करते हुए कहा कि जब मैं बोल रहा था तो मेरे चेहरे और उनके चेहरे को आप देखिये। कितनी बार पीएम ने पानी पिया।

# विपक्ष की नारेबाजी के बीच राज्यसभा स्थगित

**नई दिल्ली।** हिंडनबर्ग रिसर्च की अडानी समूह पर आई रिपोर्ट विपक्ष के सांसदों ने संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। इसके बाद सभापति धनखड़ को राज्यसभा को स्थगित करना पड़ा।

संसद के बजट सत्र के पहले चरण के आखिरी दिन सोमवार को उपराष्ट्रपति और ऊपरी सदन के सभापति जगदीप धनखड़ ने अडानी विवाद पर हंगामा कर रहे विपक्ष के सांसदों को शांत रहने की चेतावनी दी। इसके बाद भी विपक्षी सांसदों की नारेबाजी और उनका हंगामा जारी रहा। इससे नाराज होकर धनखड़ ने राज्यसभा को बजट सत्र के दूसरे भाग के लिए 13 मार्च की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

**तनातनी जारी**

### 13 मार्च को शुरू होगा बजट सत्र का दूसरा भाग

हिंडनबर्ग रिसर्च की अडानी समूह पर आई रिपोर्ट विपक्ष के सांसदों ने संयुक्त संसदीय समिति की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। इसके बाद सभापति धनखड़ को राज्यसभा को स्थगित करना पड़ा। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर विपक्ष अडानी मामले में लगातार जेपीसी जांच की मांग कर रहा है। सभापति धनखड़ ने इसके बाद कहा, जानबूझकर अड़ंगा लगाया जा रहा है और यह सदन चलाने का तरीका नहीं है। हम पहले ही काफी समय बर्बाद कर चुके हैं। अगर सदन को इस तरह के व्यवधान के अधीन किया जाता




है, तो मैं लोगों की अपेक्षा के अनुसार कार्य करने के लिए विवश हो जाऊंगा।

इसके अलावा राज्यसभा में विपक्षी सांसदों ने उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ पर सरकार के दबाव में काम करने का बड़ा आरोप लगा दिया। आरोप लगाए जाने के बाद जगदीप धनखड़ ने नाराज होकर कहा, विपक्ष के नेता, आपने इतनी बार संकेत दिया है कि अध्यक्ष दबाव में काम कर रहे हैं। ये शब्द डिलिटेड हैं। सदन के पटल पर बने रहने के अपने अधिकार का आप हनन कर रहे हैं। आप हर बार कह रहे हैं कि सभापति दबाव में काम कर रहे हैं। इसके बाद सभापति धनखड़ ने लगभग बजट सत्र के दूसरे भाग शुरू होने तक के लिए राज्यसभा स्थगित कर दी।

संसद के बजट सत्र का दूसरा भाग 13 मार्च 11 बजे सुबह से शुरू होकर 6 अप्रैल तक चलेगा। बजट सत्र के दूसरे भाग में संसद के लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में वित्त विधेयक पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद दोनों सदनों से वित्त विधेयक को पास कराया जाएगा। बजट सत्र के दूसरे भाग में कई अहम बिल पेश किए जा सकते हैं। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक संसद के बजट सत्र के दोनों भागों (31 जनवरी से 6 अप्रैल तक) छुट्टियां मिलाकर कुल 66 कार्यदिवसों में कुल 27 बैठकें होनी तय हैं।

## एशिया के सबसे बड़े एयर शो का पीएम ने किया शुभारंभ



**बेंगलुरु।** भारत की टेक सिटी बेंगलुरु में एशिया के सबसे बड़े एयर शो की शुरूआत हो चुकी है। पीएम मोदी ने एयरो इंडिया मेगा शो एयरो इंडिया 2023 के 14वें संस्करण का वायुसेना अड्डे येलहंका पर उद्घाटन किया। जिसके बाद बेंगलुरू के आसमान में भारतीय वायुसेना के विमान अपना जलवा बिखेर रहे हैं। इसमें वायुसेना के विमान, हेलिकॉप्टर और फायटर जेट समेत कई सुरक्षा तकनीकों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस बीच एचएएल द्वारा विकसित किया गया एक विमान चर्चा में आ गया है।

दरअसल, इस विमान के पीछे के हिस्से में हनुमान जी का चित्र उकेरा गया है। साथ ही हनुमान जी के चित्र के साथ ही इसपर 'द स्टार्म इस कमिंग' लिखा गया है। इसके चलते इस विमान की खूब चर्चा हो रही है। शोसल मीडिया पर यूजर्स जमकर इसकी फोटो और वीडियो शेयर कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, का यह आयोजन भारत के बढ़ते हुए सामर्थ्य का उदाहरण है। इसमें दुनिया की करीब 100 देशों की मौजूदगी होना दिखाता है कि भारत पर पूरे विश्व का विश्वास कितना बढ़ गया है। देश-विदेश के एग्जिबिटर इसमें अपनी भागीदारी कर रहे हैं। इसने अब तक अपने सारे रिकोर्ड तोड़ दिए हैं। इसमें भारतीय टरटए भी हैं, स्वदेशी स्टार्ट अप भी है और दुनिया की जानी मानी कंपनी भी है। पीएम मोदी ने कहा, आज देश नई ऊंचाइयों को छू भी रहा है, और उन्हें

**आगाज**

### वायुसेना के विमान पर नजर आए 'बजरंगबली'

### मोदी बोले-आज का भारत तेज सोचता है, दूर की सोचता है

पार भी कर रहा है। जब कोई देश, नई सोच, नई अप्रोच के साथ आगे बढ़ता है, तो उसकी व्यवस्थाएं भी नई सोच के हिसाब से ढलने लगती हैं।भारत आज एक पोटेंशियल डिफेंस पार्टनर भी है। आज भारत की संभावनाओं का, भारत की सामर्थ्य का प्रमाण हमारी सफलताएँ दे रही हैं। 21वीं सदी का नया भारत, अब ना कोई मौका खोएगा और ना ही अपनी मेहनत में कोई कमी रखेगा। आज का भारत तेज सोचता है, दूर की सोचता है और तुरंत फैसले लेता है। एयरो इंडिया की गगनभेदी गर्जना में भी भारत के रीफार्म, परफार्म और ट्रासफार्म की गूंज है। पीएम मोदी ने कहा, रक्षा एक एसा क्षेत्र है, जिसकी तकनीक, मार्केट और सतर्कता को सबसे जटिल माना जाता है। हमारा लक्ष्य है 2024-25 तक इसके निर्यात के आंकड़े को डेढ़ बिलियन से बढ़ाकर 5 बिलियन डॉलर तक ले जाया जाए। पीएम मोदी ने कहा, अमृतकाल का भारत एक फाइटर पायलट की तरह आगे बढ़ रहा है, जिसको ऊंचाइयां छूने से डर नहीं लगता। जो सबसे ऊंची उड़ान भरने के लिए उत्साहित है।

# अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में जांच समिति बनाने को केंद्र राजी

**सहमति**

### कोर्ट ने 17 फरवरी को जानकारी देने को फिर बुलाया

### सुप्रीम कोर्ट ने पिछली सुनवाई में सोमवार तक जवाब मांगा था

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार हिंडनबर्ग-अदाणी प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच समिति बनाने पर सहमत हो गयी है। अदाणी-हिंडनबर्ग विवाद पर सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार को भविष्य में निवेशकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक समिति नियुक्त करने पर कोई आपत्ति नहीं है और सेबी स्थिति से निपटने में सक्षम है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से शुक्रवार (17 फरवरी 2023) को फिर आने और समिति बनाने के बारे में जानकारी देने



को कहा है। केंद्र ने कहा कि वह नियामक तंत्र पर प्रस्तावित पैनल के लिए डोमेन विशेषज्ञों के नाम सीलबंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट को देना चाहता है। पिछली सुनवाई में उच्चतम न्यायालय ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट से संबंधित याचिकाओं पर सेबी से 13 फरवरी तक जवाब मांगा था। उस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सेबी से कहा था कि वह अदालत को यह बताए कि भविष्य में निवेशकों की सुरक्षा कैसे



सुनिश्चित की जाए और सुप्रीम कोर्ट को दिखाए कि मौजूदा संरचना क्या है? कोर्ट ने कहा था कि वह यह भी जानना चाहती है कि नियामक ढांचे को कैसे मजबूत किया जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने सेबी से पूछा था कि कि मौजूदा नियामक ढांचा क्या है और क्या निवेशकों की सुरक्षा के लिए एक मजबूत तंत्र स्थापित करने की आवश्यकता है? उच्चतम न्यायालय ने वित्त मंत्रालय और सेबी से 13 फरवरी तक जवाब मांगा था। कोर्ट ने पूछा था कि निवेशकों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाए? कोर्ट ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई करते हुए ये निर्देश दिया था।

उससे पहले गुरुवार सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ के समक्ष वकील विशाल तिवारी ने मामले को जल्द सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा था कि मामले में दर्ज अन्य याचिकाओं के साथ उनकी अर्जी पर शुक्रवार को सुनवाई की जाए। तिवारी ने जनहित याचिका में बड़े कारोबारी घरानों को दिए गए 500 करोड़ रुपये से अधिक ऋण की मंजूरी नीति की निगरानी को लेकर एक विशेष समिति गठित करने की भी मांग की थी।

कोर्ट ने उनकी याचिका स्वीकार कर ली थी। उससे पहले पिछले हफ्ते वकील एमएल शर्मा ने शीर्ष अदालत में एक और जनहित याचिका दायर की थी, जिसमें अमेरिका स्थित फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च के शॉर्ट सेलर नाथन एंडरसन और भारत और अमेरिका में उनके सहयोगियों के खिलाफ कथित रूप से निर्दोष निवेशकों का शोषण करने और अदाणी समूह के शेयर के मूल्य को कृत्रिम तरीके से गिराने के लिए मुकदमा चलाने की मांग की गई थी।

दरअसल, हिंडनबर्ग रिसर्च की ओर से एक रिपोर्ट जारी की गई थी, जिसमें अदाणी समूह पर फर्जी लेनदेन और शेयर की कीमतों में हेरफेर सहित कई गंभीर आरोप लगाए गए थे। इसके बाद अदाणी समूह की कंपनियों के शेयर की कीमतों में भारी गिरावट आई है। हालांकि, अदाणी समूह ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा था कि वह सभी कानूनों और सूचना सार्वजनिक करने संबंधी नीतियों को पालन करता है।

## बुक्सा जनजाति से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने की मुलाकात

**लखनऊ।** दो दिवसीय दौरे पर आईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राजधानी लखनऊ स्थित राजभवन में बुक्सा जनजाति के लोगों से मुलाकात की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू में बुक्सा जनजाति के लोगों से उनकी समस्याओं पर भी बात की। वहीं उन्होंने जनजाति के पांच लोगों को जमीन के पट्टे भी दिए। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा गांवों में भ्रमण करने और कई गांवों को गोद लेने पर उनकी प्रशंसा भी की। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि सरकार जनजातियों के विकास के लिए काम कर रही है लेकिन, केवल सरकार के सहारे से काम नहीं चलेगा। हमारे अंदर भी आगे बढ़ने का जुनून होना चाहिए और हमारी मानसिकता सशक्त होनी चाहिए। इसीलिए अपने मनबल को सशक्त करना होगा और दूसरे समुदाय के बच्चों के साथ प्रतियोगिता करनी होगी।

संक्षेप

### कथा जीवन में सन्मार्ग दिखाती है : जगतराम दास

**कोरांव।** कोरांव के पड़रिया में आयोजित रामकथा मे चित्रकूट से आए कथावाचक महामंडलेश्वर जगत राम दास जी भगवान राम के मर्मस्पर्शी कथा से भक्तों को सराबोर कर रहे है, कथा के तीसरे दिन महामंडलेश्वर ने शिव सती के वृत्तांत का वर्णन किया और दक्ष प्रजापति के यज्ञ कार्यक्रम में बिना बुलाए पहुंची सती के वृत्तांत का मार्मिक वर्णन कर भक्तो को द्रवित किया। उक्त कथा का आयोजन भाजपा नेता बबुआन द्विवेदी के द्वारा पडरिया ग्राम देवी धाम में 10 फरवरी से चल रहा है, जहां प्रथम दिन पंचमुखी हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अमृतमयी रामकथा की वर्षा शुरू हुई,कार्यक्रम के यजमान बलराम द्विवेदी ने लोगो से रामकथा श्रवण करने हेतु क्षेत्रीय लोगो से निवेदन किया।

# ससुराल जा रही नई नवेली दुल्हन बारातियों को चकमा देकर फरार

खलबली

**कन्या पक्ष के लोग हैरान हो कर तलाश में जुटे, बरातियों में मची खलबली**



**मऊआइमा।** नई नवेली दुल्हन बिदा होकर ससुराल जा रही थी कि रास्ते मे लघुशंका के बहाने कार से उतरी पानी लेकर झाड़ में गयी फिर वापस नहीं लौटी। देर होने पर जब दुल्हा झाड़ में गया तो वह नदारद थी। बाद में खेतों में काम कर रहे लोगों ने बताया कि एक दुल्हन एक युवक की बाइक पर बैठ कर गयी है। सच्चाई पता चलने से बारातियों ने इसकी सूचना दुल्हन के परिजनों को दी। यह सुनते ही युवती के परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। बिन दुल्हन के बारात वापस लौट गयी। युवती के परिजन बेटी की तलाश में जुटे हैं।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रतापगढ क्षेत्र से एक बारात रविवार को शाम को आयी थी। तमाम रीति रिवाज के बाद सोमवार को सुबह जब दुल्हन बिदा होकर ससुराल जाने लगी तो मऊआइमा सीमा से सटे हुए एक सुनशान क्षेत्र में दुल्हन लघु संका के लिए बोली। बताते हैं कि कार रोक कर दुल्हन को पानी दुल्हा देकर झाड में भेज दिया। बताया गया है कि काफी देर के बाद जब दुल्हन नहीं लौटी तो दुल्हा और बाराती दुल्हन को देखने के लिए गए तो दुल्हन नदारद थी। पानी का भरा बोतल फेंका था। खेत में काम कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि एक युवक बाइक लेकर कई घंटों से चकरोड के पास खडा था। जब एक लाल साडी पहने एक युवती आयी तो वह युवक के बाइक पर बैठ कर चली गई। यह सुनते ही दुल्हा के परिजनों ने सारी दास्तान युवती के परिजनों को बताई। यह सुनते ही युवती के परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गयी। बाराती बिना दुल्हन के वापस लौट गए। जबकि की युवती के परिजनों द्वारा बेटी को तलाशने में जुटे हुए थे। बताते हैं कि युवती का किसी युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था । उक्त घटना से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है वहीं किसी भी पक्ष ने थाने में कोई तहरीर नहीं दी है।

# कोई क्षण और कोई कण बगैर शिव शंकर के नहीं है : अंकुश जी महराज



कथा मंच पर कथा के यजमान राम उजागर परिवार सहित



कथा स्थल पर जुटी भक्तों की भारी भीड़

शिव कथा

**शिव पुराण कथा के दूसरे दिन जुटी भक्तों की भारी भीड़**

**मेजा।** क्षेत्र के विकास खण्ड माण्डा के ऊँचडीह में पंडित राम उजागर शुक्ल के आवास पर रविवार से आयोजित सात दिवसीय शिव सहस्त्रार्चन शिव कथा के दूसरे दिन कथा व्यास अंकुश जी महराज ने कथा सुनाते हुए कहा कि शिवपुराण का सार है ओम नमः शिवाय का मंत्र। उन्होंने शिव कथा कहते हुए कहा कि शिवपुराण कथा अनंत फल प्रदाई है। आगे उन्होंने शिव पुराण की पतित पावनी गौरव गाथा का श्रद्धालुओं को श्रवण कराते हुए कहा कि केदार नाथ में जाकर कोई भी सवा करोड़ मंत्र का जप करे तो उसको शिव अपना मित्र बना लेते हैं या यह कहें कि वह शिव के समान हो जाता है। उन्होंने कहा शिव के बगैर संसार मे कुछ नहीं है, कण-कण में शिव शंकर हैं प्रत्येक कंकण में शंकर है, कोई कण कोई छण बिना शंकर के नहीं है। शिव की महिमा का बखान करते हुए कहा की एक बार विष्णु भगवान से शंकर जी ने कहा कि आप बैकुंठ छोड़ कर धरती पर आते नहीं तो आप का दर्शन कैसे हो तो विष्णु भगवान ने कहा कि मैंने सुना है धरती पर कण-कण में आप हैं तो आप पर मैं पैर रखकर कैसे आऊंगा तो भगवान शिव ने कहा कि एक रास्ता है आप सर्प बनकर आ जाओ तो उन्होंने कहा कि भगवान आ तो जाऊंगा लेकिन जाऊंगा कैसे तो भगवान शिव ने कहा आ जाओ जाने की जरूरत नहीं है मेरे गले की शोभा बढ़ाना।

कथा के मुख्य यजमान पंडित राम उजागर शुक्ल व उनकी पत्नी श्यामलता शुक्ल ने शिव जी व कथा व्यास अंकुश जी महराज की पूजा अर्चना कर आरती उतारी उसके बाद कथा वाचक अंकुश जी महाराज ने कथा का शुभारंभ किया। कथा शिव की आराधना, आह्वाहन के बाद शुरू हुई। कथा के दूसरे दिन कथा सुनने के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी ।

कथा के आयोजक धर्मप्रकाश शुक्ल (महादेव) व धनंजय शुक्ल ने सभी शिव भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी लोग सात दिन शिव कथा सुने और अपने जीवन को धन्य बनाएं।



महराज जी का आशीर्वाद लेती टीना माँ व अभिषेक तिवारी

### किन्नर अखाड़ा के प्रदेश अध्यक्ष ने अंकुश जी महराज का लिया आशीर्वाद

**मेजा।** ऊँचडीह में चल रही सात दिवसीय शिव कथा के दूसरे दिन सोमवार को किन्नर महा सभा की महामंडलेश्वर,प्रदेश अध्यक्ष किन्नर अखाड़ा टीना माँ व अधिवक्ता हाई कोर्ट अभिषेक तिवारी उर्फ टिंकू ने श्री अंकुश जी महाराज जी का आशीर्वाद लिया और शिव कथा सुना । इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व प्रमुख कोरांव मंडन तिवारी, भाजपा नेता राजेश त्रिपाठी, ओपी मिश्र सहित सैकड़ों शिव भक्त रहे ।

# उत्कर्ष हत्याकांड में निष्पक्ष जांच के लिए एसीपी को दिया गया ज्ञापन

ज्ञापन

**भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ ने दिया धरना**

**हत्या के ठीक डेढ़ महीने बाद एसीपी ने घटनास्थल का स्थलीय निरीक्षण किया**



एसीपी को ज्ञापन सौंपते भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ

**करछना।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ० भगवान प्रसाद उपाध्याय के पौत्र पवनेश पवन के पुत्र उत्कर्ष (छात्र बीटेक द्वितीय वर्ष) हत्याकांड में संतोषजनक कार्यवाही ना होने के कारण सोमवार को सैकड़ों पत्रकारों ने करछना थाने पर धरना दिया जिसमें शाम चार बजे एसीपी करछना धरना स्थल पर आए और उन्होंने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया।

एसीपी को ज्ञापन देने से पूर्व भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र ने ज्ञापन पढ़ कर सुनाया और फिर सैकड़ों पत्रकारों की उपस्थिति में ज्ञापन ए सी पी को दिया गया। इसके तत्काल बाद एसीपी महोदय ने घटनास्थल का स्थलीय निरीक्षण भी किया। डेढ़ महीने के पश्चात उनके स्थलीय निरीक्षण में उत्कर्ष के परिजन और कई पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि तीन दिन पहले ही धरने की घोषणा की गई थी और पवनेश पवन आज परिजनों और कई पत्रकारों के साथ प्रातः 10 बजे ही थाने के सामने धरना शुरू कर दिया जिसमें क्रमशः पत्रकारों की संख्या बढ़ती गई और भारी दबाव के चलते एसीपी महोदय को आना पड़ा उन्होंने पुलिस आयुक्त प्रयागराज के नाम संबोधित ज्ञापन को स्वीकार करने के पश्चात निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र, राष्ट्रीय संयोजक डॉक्टर भगवान प्रसाद उपाध्याय, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी एवं संपादक पवनेश कुमार पवन, उत्तर प्रदेश के कोषाध्यक्ष हौसला प्रसाद सिंह पटेल, प्रांतीय प्रवक्ता कमल नारायण शुक्ला, जिला अध्यक्ष प्रयागराज रमाकांत त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार यादव, जिला मुख्य महासचिव राजेंद्र पांडेय, जिला कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, महानगर उपाध्यक्ष विकास केलकर, रतन कुमार, शुभम विश्वकर्मा, जिला संगठन सचिव प्रदीप सिंह, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुनेश मिश्र, लालचंद प्रजापति, कमलेश सिंह राजकुमार तिवारी, पंकज कुमार पांडेय, शिव कैलाश भारतीय, दिवाकर पाल, राम बाबू पटेल, विनय कुमार शर्मा, सुशील कुमार यादव, आदित्य कुमार, राजन सिंह, शिवम मिश्रा विकास पांडेय, ननकेश बाबू, गोपी कृष्ण पांडेय, लालता प्रसाद मिश्र, तुषार कांति, रोहित कुमार, राम बाबू द्विवेदी, सत्यम कुमार, सुकेश कुमार, कमलेश पटेल, संजय सिंह, मुदित सिंह, सुनील मिश्रा आदि सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

### रेलवे लाइन पर अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

**थरवई।** सोमवार की सुबह थाना क्षेत्र थरवई के सरायचंदी गांव के सामने 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव रेलवे लाइन पर पाया गया। घटना की सूचना स्टेशन अधीक्षक सरायचंदी संजीव सिंह ने थरवई पुलिस को दी सूचना पाकर थाना प्रभारी लोकेंद्र त्रिपाठी उपनिरीक्षक सोहराब व पुलिस टीम को मौके पर पहुंचे मृतक का दोनों पैर कट गया था मृतक नीले रंग का लोअर पहन रखा था पहचान नहीं हो पाई है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### चारागाह पर पंचायत भवन का निर्माण करने पर अधिकारियों से की गई शिकायत

**मऊआइमा।** चारागाह की भूमि पर पंचायत भवन का निर्माण करने को लेकर ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर आरोप लगाते हुए। अधिकारियों से लिखित शिकायती पत्र दी है। मऊआइमा के ग्राम बड़ौरा निवासी गण पारस पटेल, राज कुमार, गीता देवी, रूपा देवी, कडेदीन, कृष्ण बहादुर पटेल आदि का आरोप है कि उनके ग्रामसभा के ग्राम प्रधान चारागाह की जमीन पर पंचायत भवन का निर्माण करा रहे हैं। तथा यह भी आरोप लगाया है कि गांव के कतिपय लोगों से पैसा ऐंठ कर चारागाह की जमीन पर मकान बनवा दिए।यह भी आरोप ग्रामीणों ने लगाया है कि अमृत बाटिका में लगे वृक्षों को कटवा कर कतिपय लोगों को दे दिए। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने अधिकारियों से की है।उधर ग्राम प्रधान राजेश सिंह का कहना है कि गांव में कहीं भी जमीन नहीं थी।पुरानी पंचायत भवन जर्जर हो कर गिर पडी उसी पर पंचायत भवन का निर्माण किया जा रहा है जहां तक अन्य आरोपों का सवाल है यह सरासर झूठा है। गांव के कतिपय लोग विकास में हमेशा से बाधा डालते चले आ रहे हैं।

# मासूम की मौत मामले में पुलिस की हीला-हवाली

हीला हवाली

**पीड़ित अज्ञात में दे रहा है तहरीर, नहीं ले रही है पुलिस**

**अब तक पीड़ित को पोस्टमार्टम रिपोर्ट तक नहीं दिया गया**

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र के मवैया गांव में दो दिन पूर्व संदिग्ध हालत में एक साढ़े 4 वर्षीय बालिका की कुएं से संदिग्ध हालात में शव बरामद हुआ था। बताया जाता है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने से मौत की पुष्टि बताई जा रही है। वहीं मृतका के पिता संजय कुमार यादव पुलिस को तहरीर देने में एड़ी चोटी का दम लगाए हुए हैं, लेकिन पुलिस तहरीर न लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट स्पष्ट रूप से ना आने और आला अफसरों के यहां होने की बात कहकर पल्ला झाड़ने में लगी हुई है। अभी तक पीड़ित को पोस्टमार्टम रिपोर्ट तक नहीं दी गई है। सवाल उठता है कि आखिरकार पुलिस बारीकी से जांच पड़ताल करने में कतरा क्यों रही है। आखिरकार वह बच्ची रात के जाड़े के सन्नाटे में क्या अकेले अपनी मां के पास सो रही क्या वह कुएं के पास पहुंच सकती है। कुएं की ऊंचाई से वह छलांग लगाने में असमर्थ हो सकती है। घर के बाहर स्वांग के ना कोई आवाज करना। जबकि सूचना मिलने पर 112 नंबर पुलिस जब मौके पर पहुंची थी तो, सूत्रों पर यदि हम यकीन करें तो बाहर मौजूद स्वांग लगातार आवाज करने में जुटे हुए थे। जिस कमरे में कृष्णा और पवन सो रहे थे देर रात लगभग 1:00 बजे उनके दरवाजे की कुंडी बाहर से बंद मिली थी। उन दोनों की की मां ने आवाज मिलने पर कुंडी को खोला था। बताते हैं कि देर रात बाद लगभग 3:00 बजे मृतिका की माता ममता देवी की जब नींद खुली तो बेटी को गायब देख गौशाला में सो रहे अपने पति संजय को बताया। तब कहीं जाकर मासूम की खोजबीन शुरू हुई थी। अगले दिन संदिग्ध हालत में मासूम का शव कुएं से बरामद किया गया था। बताते हैं कि संजय के भाई से गांव के ही एक युवक से जमकर कहासुनी हुई थी लगभग 20 से 25 दिन पूर्व जहां देख लेने की धमकी तक दी गई थी। साथ बिजली कटने की बात भी सामने आई थी। तमाम ऐसे सवाल हैं, जो जांच के दायरे में आते हैं। हालांकि ग्रामीणों के बीच कई तरह की चचाएं आज भी व्याप्त है। पुलिस अपनी ओर से जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।

# काबिल बच्चों ने दिखाया खीरी महोत्सव में हुनर





होनहार बच्चों को पुरस्कृत करते अतिथिगण

महोत्सव

**सत्ताइस स्कूल के बच्चों ने प्रयागराज के दक्षिणांचल में शिक्षा के प्रति दिखाया जुनून**

**खीरी।** कोरांव तहसील क्षेत्र के खीरी बाजार में दो दिवसीय खीरी महोत्सव का आयोजन सकुशल रविवार को देर शाम धरम गेस्ट हाउस में संपन्न हुआ। जिसमें क्षेत्र के 27 स्कूल के बच्चों ने अपने काबिलियत और हुनर दिखाये। बताते चलें कि क्षेत्र में पहली बार इस तरह का भव्य महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, रंगोली, चित्रकला, एकल नृत्य कला, सामूहिक नृत्य कला का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के निजी और सरकारी स्कूल के 10 वर्ष से 15 वर्ष के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बताते चलें कि देवभूमि इंटरनेशनल स्कूल, न्यू एरा पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, जेबी कान्वेंट, सीएम पब्लिक स्कूल, राजकीय जूनियर हाई स्कूल समेत आसपास के कई प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने अपना अपना हुनर दिखाया। जिसमें कार्यक्रम निवेदक व कार्यकम का सफल संचालन कृष्णा कश्यप ने किया। वहीं कार्यक्रम का मुख्य जिम्मेदारी केसी मिश्रा ने सचिव के रूप में की। वही मेडल प्राप्त करने वाले बच्चों में आदित्य सिंह, अदिति सिंह, सेजल केसरवानी, कोमल मांझी, प्रवीण चौहान, दिव्यांशी कुशवाहा, ज्योति कुमारी, मुस्कान ओझा व बेस्ट किड्स रवि सिंह, जोया, सौम्या व अंकिता समेत कई बच्चे शामिल रहे। कार्यक्रम का अध्यक्षता अवध नारायण शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अवधेश प्रताप प्रसाद शुक्ला समेत प्रधान खीरी मो.युसूफ, दीनानाथ कुशवाहा, डॉ वी के यादव, रतन केसरवानी, कन्हैयालाल शुक्ला, मुख्य निर्णायक भूमिका में शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में खीरी महोत्सव में धरम राज गेस्ट हाउस के संचालक राजेश कुमार केशरवानी उर्फ पप्पू ने कहा कि अभी कार्यक्रम में और सुधार की जरूरत है।

### अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में दो छात्र घायल, एक गम्भीर

**बहरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पतुलकी गांव में सोमवार को दो अलग-अलग मार्ग दुर्घटना हुई। जानकारी के अनुसार कमलेश कुमार पुत्र दयाराम बिन्द निवासी बौड़ाई नोनइया, भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय जुगुनीडीह से परीक्षा देकर लौट रहा था जैसे ही पतुलकी गांव के सामने पहुंचा ही था कि फूलपुर की तरफ से एक बाइक सवार ने सामने से टक्कर मार दिया जिससे कमलेश का दाहिना पैर टूट गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों द्वारा कमलेश को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैलहा भेजा गया। दूसरी घटना में उत्कर्ष सिंह पुत्र विभूति नारायण निवासी करियांव पोस्ट मीरगंज जिला जौनपुर भी भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय जुगुनीडीह से परीक्षा देकर घर जा रहा था ये भी जैसे पतुलकी के पास पहुंचा कि फूलपुर की ओर से आ रही एक अनियंत्रित मोटर साइकिल सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे उत्कर्ष घायल हो गया। दोनो घायलों को 108 एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैलहा लाया गया जहां पर चिकित्सको ने कमलेश की हालत को गम्भीर बताते हुये जिला अस्पताल भेज दिया।

# सक्रिय दिखी पुलिस, नवाबगंज में चलाया चेकिंग अभियान



लालगोपालगंज के हनुमान चौराहा पर संदिग्धों की जांच पड़ताल करती पुलिस

**लालगोपालगंज।** अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए नवाबगंज क्षेत्र में पुलिस सक्रिय नजर आई। चौक, चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया। संदिग्ध वाहनों की चेकिंग अभियान व्यापारियों व आम जनमानस को सुरक्षा का भरोसा दिया।

इंस्पेक्टर नवाबगंज अनूप सिंह आपराध और अपराधियों के रोकथाम के लिए चेकिंग अभियान चलाया। नवाबगंज, रेरुआ, महेशगंज, मंसूराबाद, आनापुर, भगौतीपुर, श्रृंगवेरपुर समेत थाना क्षेत्र के चौराहों, सार्वजनिक स्थानों पर पिकेट लगाकर संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों को रोक कर उनकी तलाशी ली गई। पूछताछ करने के पश्चात उन्हें छोड़ दिया गया। लालगोपालगंज के हनुमान चौराहा पर भी पुलिस ने सक्रियता देखाते हुए संदिग्धों से पूछताछ किया। कस्बा के जेठवारा मार्ग, बरौंधा रोड, काली जी मंदिर मार्ग, खानजहानुपर और पुलिस बूथ तिराहा की ओर फुटमार्च कर व्यापारियों को सुरक्षा का भरोसा दिया। दुकानदारों से आह्वान किया कि दुकानों में सीसी कैमरा लगाएं, इससे चोरी आदि की घटनाओं से बचा जा सकता है। फुटमार्च में चौकी प्रभारी हर्षवीर सिंह, कांस्टेबल अखिलेश कुमार यादव, गोरेलाल आदि पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
नलकूप निर्माण खण्ड-प्रयागराज
विज्ञप्ति
इस खण्ड द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना संख्या-02/अ.अ./2022-2023, दिनांक 17012023 में निहित कार्यों की निविदाएं अपरिहार्य कारणों से एतद्द्वारा निरस्त की जाती है।
अधिशासी अभियन्ता
नलकूप निर्माण खण्ड
प्रयागराज
उ.प्र.-185742 दिनांक-11.02.2023
वेबसाइट-www.upgov.nic.in

### बीएमजी डिग्री कॉलेज बघेडा में गेम फार गर्ल की हुई स्थापना

**करछना।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज की ओर से इम्पो वेरयोजना के अंतर्गत लड़कियों हेतु गेम फार गर्ल की स्थापना बीएमजी डिग्री कॉलेज बघेडा में सोमवार को हुयी । जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में वाराणसी परिक्षेत्र के महाप्रबंधक गिरीश जोशी व विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक के. पी. सिंह व बीएमजी डिग्री कॉलेज बघेडा के प्रबंधक एनपी सिंह मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियों को शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ सत्य प्रकाश शुक्ल की ओर से सभी के प्रति आभार जताया गया। इस मौके पर व्यवस्थापक धर्मेंद्र सिंह रणविजय सिंह विजय कुमार मिश्र डां अनिल कुमार पाठक डां सच्चा प्रसाद मिश्र प्रधानाचार्य भगवानदास यादव सुरेंद्र सिंह समेत कालेज की छात्र-छात्राएं भी मौजूद रही।

# लालगोपालगंज में खिलाड़ियों के लिए स्टेडियम की जरूरत : पप्पू कुरैशी

क्रिकेट टूर्नामेंट

**टाउन कप क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में एक्वा पफिन ने बाजी मारी**

**आयोजकों ने विनर औश्र रनर टीम को नगद धनराशि व टाउन कप से नवाजा**



खिलाड़ियों के साथ भाजपा नेता आफताब आलम उर्फ पप्पू कुरैशी

**लालगोपालगंज।** गली-कूचों से ही निकल कर दर्जनों खिलाड़ी देश और गांव का नाम रोशन कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में भी प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। क्षेत्र में क्रिकेट के एक से बढ़कर एक महारथी हैं, उन्हें बस प्लेटफार्म की जरूरत है। आज लालगोपालगंज में एक स्टेडिएम की कमी महसूस हो रही है। यदि खेल का मैदान हो तो खिलाड़ियों को सुविधा होगी। यह बातें भाजपा नेता आफताब आलम उर्फ पप्पू कुरैशी ने लालगोपालगंज कस्बा में आयोजित टाउन कप क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही।

उन्हों कहा कि कस्बा में खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा खेल के मैदान के लिए फाफामऊ विधायक और सांसद से शिफारिश करेंगे। इससे पूर्व फाइनल मुकाबले का शुभारंभ फीता काट कर किया गया। टूनामेंट का फाइनल मुकाबला एक्वा पफिन बडूपुर प्रतापगढ़ और जफीर एलेवन बिहरिया प्रतापगढ़ के बीच खेला गया। दोनों टीमों के कप्तान सब्बू खान और एहतिशाम के बीच टॉस हुआ। बिहरिया ने टास जीत कर पहल्ले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। 10 ओवर के खेल में बिहरिया की टीम ने 73 रन पर ही सभी विकेट गंवा दिए। बिहरिया की ओर से शुभम ने 13 गेंद पर सबसे अधिक 38 रन बनाए। वहीं जवाब में उतरी तुफैल प्रधान की एक्वा पफिन ने अच्छी शुरूवात किया। सलामी बल्लेबाज की धुआंधार बल्लेबाजी किया। टीम के खिलाड़ियों ने 8 ओवर में ही टूनार्मेंट जीतकर कप अपने नाम कर लिया। टीम के हैरिस मंसूरी ने 12 गेंद पर सबसे अधिक 42 रन बनाए। बडूपुर के रोहित ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में 5 विकेट चटकाए। कमेटी ने उन्हें मैनऑफ द मैच से नवाजा, जबकि मैनआफ द सीरीज एहतिशाम कुरैशी को दिया गया। दानिश नेहाल, वकार अंसारी और शोएब अख्तर ने निर्णायक की भूमिका निभाया। वहीं आंखों देखा हाल साजिद नेहाल व अफजल इलाहाबादी द्वारा बताया जा रहा था। अंत में विजेता टीम को मुख्य अतिथि भाजपा नेता आफताब आलम उर्फ पप्पू कुरैशी द्वारा प्रथम पुरस्कार 30 हजार नगद धनराशि एवं कप दिया गया। रनर टीम को बब्लू कुरैशी ने द्वितीय पुरस्कार 20 हजार नगद से नवाजा। इस अवसर पर संयोजक नूरैन इदरीसी, ने सभी काभार जताया। इस अवसर पर अलिशासन, तारिक, रेहान, एजाज, हाफिज सलमान, मोनू, सनी, अनस, किशन, सैफ, आवेस, कैफ, अरमान, सद्दाम व साकिब आदि ने टूनार्मेंट को संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाया।

उत्तर मध्य रेलवे
G20
ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या 08/2023 दिनांक: 10.02.2023
ई-प्रापण निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि मंडल सामग्री प्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज निम्नलिखित मदों के लिये ई-प्रापण निविदा आमंत्रित करते हैं।

| क्रमांक | निविदा संख्या | विवरण | मात्रा | ई.म.डी. रा. | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 19236177 | [illegible] | 03 सेट | रु0 44,540/- | 14.03.2023 |


नोट- 1. उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूर्ण विवरण IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 2. उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। टेण्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T. Act 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class III Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. [illegible] 4. [illegible] 5. [illegible] उपरोक्त निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट https://www.ncr.indianrailways.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है।
327/23(K)
@northcentralrailway North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



बहुजन बाहुल्य बस्तियों में "प्रबुद्ध पाठशाला" में बच्चों को शिक्षा देते आईपी रामबृज

# प्रयागराज

## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 27.00 |
| न्यूनतम : | 15.00 |
| सूर्योदय : | 06.50 |
| सूर्यास्त : | 05.27 |

### बच्चों के विवाद में पड़ोसी ने मां-बेटे को पीटा

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के महमजिया गांव निवासी रेशमा बेगम 35 व उसके बेटे शाहिद 15 कि रविवार को दोपहर के समय बच्चों के विवाद के चलते पड़ोसियों ने मां बेटे की लाठी डंडे से पिटाई कर दिया। आरोप है की दोपहर के समय पड़ोसी बच्चों के विवाद को लेकर उसे गाली गुप्ता दे रहे थे। जिसका विरोध करने पर पड़ोस के ही तीन लोगो द्वारा उनकी लाठी डंडे से पिटाई कर दी गई। जिससे दोनों के शरीर पर चोटे आई है। शाहिद अपनी मां के साथ थाना उतरांव पहुंचकर तीन लोगो के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। लेकिन पुलिस ने अब तक एफआईआर दर्ज नही की।

### महिला ने लगाई फांसी, मौत

**बारा।** बारा थाना क्षेत्र के नीबी(लोहगरा)में एक महिला ने फाँसी के फंदे पर झूल कर अपनी जान दे दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बारा थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि मृतिका रश्मि पटेल 37 वर्ष पत्नी अमरजीत सिंह पटेल का मानसिक संतुलन काफी दिनों से ठीक नहीं था। मौत का सही कारण पता नहीं चल पाया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## प्रदेश के 147 केंद्रों पर 65 हजार छात्र देंगे परीक्षा

**राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षाएं 14 फरवरी से**

**परीक्षा के सफल संचालन के लिए कंट्रोल रूम बनाया**



कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के सत्र दिसंबर 2022 की परीक्षाएं 14 फरवरी से प्रारंभ हो रही हैं। उक्त जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने बताया कि परीक्षाएं 31 मार्च को समाप्त होंगी।

प्रोफेसर सिंह ने बताया कि प्रयागराज, लखनऊ, बरेली, वाराणसी, गोरखपुर, आजमगढ़, झांसी, कानपुर, नोएडा, मेरठ, आगरा तथा अयोध्या क्षेत्रीय केंद्र से सम्बद्ध अध्ययन केंद्रों से नामांकित 65000 शिक्षार्थी प्रदेश में लगभग 147 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देंगे। परीक्षाएं दो पालियों में प्रातः 10:00 से 1:00 बजे तक तथा दोपहर 2:00 से 5:00 बजे तक आयोजित की जाएंगी। जेल बंदी परीक्षार्थी प्रदेश के 8 केन्द्रीय कारागारों प्रयागराज, आगरा, आजमगढ़, गाजियाबाद, अयोध्या, बरेली, मेरठ एवं फतेहपुर में बनाए गए परीक्षा केन्द्रों में ही परीक्षा देंगे।

कुलपति प्रोफेसर सिंह ने बताया कि परीक्षा सामान्य प्रश्नपत्रों की तरह निबंधात्मक शैली में आयोजित की जाएगी। जिसकी समयावधि 3 घंटे की रहेगी। जबकि ओएमआर आधारित प्रश्नपत्रों की परीक्षा वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय होगी। जिसकी समयावधि 2 घंटे निर्धारित की गई हैं। परीक्षा से सम्बन्धित समय सारणी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। इस बार की परीक्षा में शामिल होने वाले सभी शिक्षार्थियों के प्रवेश पत्र ऑनलाइन कर दिए गए हैं। शिक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा केंद्र के प्रवेश द्वार, गैलरी सहित प्रत्येक परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी कैमरा लगवाए जा रहे हैं। पारदर्शिता पूर्ण नकल विहिन परीक्षा संपन्न कराने के लिए उड़ाका दल एवं पर्यवेक्षकों की टीम का गठन कर लिया गया है। परीक्षा के सकुशल संपादन के लिए विश्वविद्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जहां परीक्षा केंद्रों के प्राचार्य, केंद्राध्यक्ष तथा केन्द्र समन्वयक परीक्षा समय में कंट्रोल रूम से संपर्क बनाए रखेंगे। इसके साथ ही क्षेत्रीय केंद्र वार समस्या का समाधान करने के लिए परीक्षा विभाग के कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

## बहुजन बाहुल्य बस्तियों में "प्रबुद्ध पाठशाला" खोले जाने की चर्चा जोरों पर

**प्रयागराज।** बहुजन समाज के पांच से पन्द्रह आयु वर्ग के बच्चों के सृजनात्मक, कलात्मक और व्यक्तित्व विकास के साथ बहुजन रंगमंच के पुनर्स्थापत्य और बहुजन समाज के उच्च प्राथमिक स्तर तक के बच्चों के शैक्षिक विकास के लिये प्रतिबद्ध प्रबुद्ध फाउंडेशन द्वारा यमुनापार की तहसील बारा के अंतर्गत स्थित थाना बारा की ग्रामसभा छिड़िया में 'प्रबुद्ध पाठशाला' खोला गया। प्रबुद्ध पाठशाला में लगभग सैकड़ों बच्चे उपस्थित रहे जिनकी अंग्रेजी, गणित और विज्ञान विषय मे मजबूती प्रदान कर उन्हें कुशाग्र बनाने के लिये पाठशाला के संयोजक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज ने बहुजन समाज के सेवारत और सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों से प्रत्येक रविवार को दोपहर 12 बजे से अपराह्न 04 बजे तक क्लास लेने का आह्वान किया है। प्रबुद्ध पाठशाला के संयोजक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रंगकर्मी रंग निर्देशक आईपी रामबृज ने बताया कि भारतीय लोकतंत्र में देश और प्रदेश की सत्ता पर काबिज होती रही चली आ रही सत्ताधारी पार्टियां क्या ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के बच्चों को अच्छी शिक्षा, अच्छी चिकित्सा और सम्मानजनक रोजगार दे पाने में असफल रही है।

## आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को समाज सेवा के लिए मिली पीएचडी की उपाधि




पीएचडी की उपाधि के साथ आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी

**प्रयागराज।** किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी जी महाराज को समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए गोवा के द थामस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की ओर से पीएचडी की उपाधि आज प्रदान की गयी। यह जानकारी विवि के डायरेक्टर इरदा ईसिन ने देते हुए बताया कि किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी जी महाराज को यह अवार्ड किन्नरों और ट्रांसजेण्डरों के अधिकार के लिए लड़ाई लड़ने और उनको समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ आचार्य महामंडलेश्वर ने किन्नर / ट्रांसजेण्डरों के हक और सम्मान का अधिकार कानूनी तरीके से सुप्रीम कोर्ट से प्राप्त किया तो दूसरी ओर वर्ष-2016 में मध्यप्रदेश के उज्जैन कुंभ में किन्नर अखाड़ा का गठन करके समाज में मान-सम्मान दिलाया गया।

उल्लेखनीय है कि किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महाराज ने किन्नरों के हित की लड़ाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ी थी। 2012 में नाश्नला जजमेंट से किन्नरों / ट्रांसजेण्डरो को थर्ड जेंडर का अधिकार मिला। उसके बाद से कई प्रदेश की सरकारों ने अपने विभागों में रिक्त पदों में नियुक्त के लिए थर्ड जेंडर का कालम अलग से शुरू कर दिया। कई प्रदेश की सरकारों ने किन्नरों को सरकारी योजनाओं - पेंशन, आवास, जमीन का पटटा, खाद्यान्न योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ दे रही है।

केंद्र सरकार, यूपी, बिहार सहित कई राज्यों में किन्नर वेलफेयर बोर्ड का गठन कर किन्नरो को राज्य मत्री और सदस्य का दर्जा दिया गया। किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडल स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महाराज ने वर्ष- 2016 में थर्ड जेंडर को स्थापित करने के लिए किन्नर अखाड़े का उज्जैन महाकुंभ में गठन किया और प्रयागराज कुंभ-2019 के दौरान किन्नर अखाड़ा को बुलंदियों तक ले गए। इस दौरान बड़ी संख्या में संस्थाओं और लोगों ने किन्नरों का उप देवता मानते हुए उनका सम्मान देना समाज में शुरू कर दिया है। आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महाराज ने कहा कि वह किन्नरों के हित के लिए आखिरी सांस तक लड़ाई लड़ते रहेंगे और उनकी जो भी हो सकेगी हर तरह से मदद करेंगे जिससे कि उनको सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके और वह अपना जीवन बेहतर तरीके से जी सकें। कोविड के दौरान आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने राष्ट्रीय स्तर पर किन्नर / ट्रांसजेण्डरो की आर्थिक एवं अन्य तरह से व्यापक स्तर पर मदद किया था। उधर, उप्र किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य / किन्नर अखाडा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि(टीना मा), प्रयागराज की महामण्डलेश्वर स्वामी कल्याणीनंद गिरि (छोटी गुरु), श्रीमहंत वैष्णवी नंद गिरि, श्रीमहंत संजनानंद गिरि, नैना, शोभा, मनीषा, राधिका, नगमा, सृष्टि, मेजा की पूर्व विधायक श्रीमती नीलम करवरिया, किन्नरो के लिये कथा कर रहे प्रसिद्ध कथावाचक / वरिष्ठ अधिकारी डा अशोक हरिवंश, वरिष्ठ समाज सेवी राजीव मिश्रा, प्रधानाचार्या श्रीमती अमिता मिश्रा, उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट)के संरक्षक डा हरिप्रकाश यादव, अभिषेक तिवारी सहित अन्य ने आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी जी महराज को बधाई दिया है।

## सनातन संस्कृति की सुरक्षा करने वालों में जय शिवसेना का भी नाम लिया जाएगा : महंत जगतार मुनि



बैठक में शामिल लोग

**प्रयागराज।** जय शिवसेना भारत के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की वार्षिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए पंचायती अखाड़ा नया उदासीन के महामंत्री महंत स्वामी जगतार मुनि जी महाराज ने कहा की धर्मो रक्षित रक्षितः। धर्म की रक्षा होने पर ही हम सब की रक्षा होगी। स्वामी जी ने कहा कि कभी-कभी छोटा परिश्रम भी बड़ा परिणाम दे जाता है। जय शिवसेना भारत का सनातन धर्म वाह संस्कृति को प्रसारित व सुरक्षित करने में किया जा रहा प्रयास महत्वपूर्ण होगा। जब भी इतिहास का पन्ना खोला जाएगा जय शिवसेना का भी नाम उसमें रहेगा। सेना के कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है।

जब शिवसेना भारत के राष्ट्रीय मंत्री राजेश केसरवानी ने सेना के द्वारा 36 वर्षों से किए जा रहे कार्यों को विस्तार से बताते हुए कहा कि महाशिवरात्रि के दिन भोर में 5:00 बजे पूज्य पाद वेद रक्षित धर्मगुरु त्रिशूल भगवान प्रकट हुए और तब से उनकी भव्य दर्शन शोभायात्रा उनके जन्मदिन के उत्सव के रूप में निकाली जाती है। आज 36 वर्षों के संघर्ष से पूरे विश्व में त्रिशूल भगवान का महत्व स्थापित करने के लिए सेना के लाखों सैनिक लगातार प्रयास करें हैं, जिसमें महिलाएं और बच्चे भी श्री त्रिशूल भगवान की केंद्रीय यात्रा प्रबंधन समिति के पदाधिकारी महंत आचार्य दिगंबर प्रसाद त्रिपाठी ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर निकलने वाली पूज्यपाद वेद रक्षित धर्मगुरू श्री त्रिशूल भगवान की दर्शन शोभा यात्रा की भव्यता के लिए पूरा सहयोग करूंगा। राष्ट्रीय संयोजक विजय मल्होत्रा ने कहा कि कठिन श्रम व संघर्ष से मिली सफलता को पूरी दुनिया को बताने की योजना है।

जय शिवसेना के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक ठाकुर एवं महामंत्री श्रीमती दुर्गेश नंदिनी ने बताया कि यात्रा परंपरागत है, सड़क, सुरक्षा, सफाई एवं पेयजल आपूर्ति के लिए प्रशासन को पत्र दिया जा चुका है शीघ्र ही सेना व जिला प्रशासन की संयुक्त बैठक में समीक्षा होगी। तीनों राष्ट्रीय महामंत्री अनूप वर्मा, राजीवकृष्ण श्रीवास्तव (बंटी) एवं प्रशांत शर्मा महानगर अध्यक्ष अरुण सोनी ने पूरे यात्रा मार्ग में बनाए जाने वाले पूजा स्वागत मंच एवं प्रचार प्रसार कार्यों की निगरानी का विवरण प्रस्तुत किया।

## हरवारी में बाला जी का संगीतमय जागरण आयोजित



**मेजा।** तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड मेजा स्थित हरवारी गाँव मे विनय कुमार सिंह के आवास पर बाला जी का जागरण आयोजित किया गया । जागरण के दौरान बाला जी दल के रास्ट्रीय अध्यक्ष पीएसी वाले गुरु जी मुख्य अतिथि के रूप मौजूद रहे। इस दौरान संगीतमय बाला जी का जागरण बाला जी चालीसा से शुभारंभ हुआ। इस दौरान हजारों बाला जी के भक्त मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से आचार्य विवेक पंडित, अमरनाथ बिंद, राय साहब, कल्लू, बेचन राम बिंद मौजूद रहे।

## सेंट्रल एकेडमी में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**वार्षिकोत्सव**

**बच्चों ने किया अपने-अपने कलाओं का प्रदर्शन**




सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

**प्रयागराज।** झुंसी के आवास विकास कॉलोनी स्थित सेंट्रल एकेडमी, झूसी का वार्षिकोत्सव कलरव सोमवार को हर्ष व उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम के जरिए सभी का मन मोह लिया। समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ0 एसपी सिंह, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज एवं विशिष्ट अतिथियों लक्ष्यजया मिश्रा व रामनरेश तिवारी निवासा और विद्यालय समूह के अध्यक्ष डॉ0 संगम मिश्र द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन से हुई। कक्षा तीन के बच्चों द्वारा सुमधुर सरस्वती वंदना से मां सरस्वती की आराधना की गई। 'ज्ञान की रोशनी' कार्यक्रम से ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कक्षा 4 के नन्हे-मुन्ने ने 'सत्यभामा नृत्य नाटिका' के द्वारा यह संदेश दिया कि मनुष्य का घमंड ही उसके पतन का कारण होता है। 'ओ जन्मभूमि' के गायन ने पूरे वातावरण को देशभक्ति से भर दिया। 'माटी के रंग' वा 'छूना है आसमां' जैसे कार्यक्रमों में दर्शकों को आनंदित कर दिया।

इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत विद्यालय के निदेशक एस के तिवारी ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ0 एस पी सिंह बच्चों की प्रतिभा को सराहाते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास होता है। विशिष्ट अतिथि लक्ष्यजया मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को देश व पर्यावरण के प्रति संवेदनशील होने की अत्यंत आवश्यकता है। विद्यालय समूह के अध्यक्ष डॉ संगम मिश्र ने सभी अभिभावकों व संभ्रांतजनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि हमारा विद्यालय क्षेत्र व जनपद के शैक्षणिक व समग्र विकास के प्रति कृत संकल्पबद्ध है। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंद कुमार पांडे ने किया और उन्होंने विद्यालय की वर्ष भर की उपलब्धियों को रेखांकित भी किया। संचालन नन्हे-मुन्ने प्रखर, शाश्वत, अद्विका व शांभवी ने संयुक्त रूप से शानदार तरीके से किया। समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कार भी प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्य रूप से रिचा त्रिपाठी प्रधानाचार्य सराय इनायत शाखा, श्रीमती दीप्ति मिश्रा इंचार्ज पैरंट्स प्राईड, हरी कृष्ण शुक्ला, डॉ उमेश मिश्रा, डॉ. देवी प्रसाद कुंवर व पिंटू नेता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों का परीक्षण कर दी गई निःशुल्क दवा

**लालगोपालगंज।** सृजन जन सेवा समिति के तत्वावधान में लालगोपालगंज कस्बा स्थित पंकज मेडिकल स्टोर के बगल एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टरों की टीम ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवा वितरण किया। गंभीर बीमारी वाले मरीजों को प्रयागराज के लिए रेफर किया गया। सृजन अस्पताल के निदेशक डॉ. बीवी अग्रवाल की अगुवाई में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में सामान्य रोग, गठिया, अस्थमा, नेत्र, नाक, कान, गला, इस्त्री एवं असाध्य रोगों का परीक्षण किया गया। महिला विशेषज्ञ डॉ. बबीता अग्रवाल, सामान रोगियों के डॉ. बीवी अगरवाल, आंखों के डॉ. उपदेश श्रीवास्तव ने मरीजों का परीक्षण कर उनका परामर्श किया। इनके साथ डॉ. नेहा अग्रवाल, डॉ. दीपाली श्रीवास्तव, डॉ. अभिजीत ने भी मरीजों का परीक्षण किया। परामर्श के बाद संस्था की ओर से निशुल्क दवा का वितरण किया गया। स्वास्थ शिविर के संयोजक पंकज अग्रवाल ने बताया कि कुल 309 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाएं वितरण की गई।

## अनियमितताओं को लेकर कुलपति को सौंपा गया ज्ञापन



ज्ञापन सौंपते छात्र

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ भवन पर छात्रसंघ बहाली, 400% फीस वृद्धि व कुलपति की अवैध नियुक्ति के खिलाफ चल रहे आंदोलन छात्र नेता अजय यादव सम्राट के अगुवाई में आंदोलन का 937व दिन भी जारी रहा। अनशन स्थल पर छात्रों की एक आपात बैठक हुई जिसमें आम छात्र छात्राएं भी सम्मिलित हुए छात्रों ने लाइब्रेरी में विभिन्न समस्याओं को लेकर अपनी बात को बारी बारी से रखा उसके तत्पश्चात अनशन कारियों ने अनशन स्थल से जाकर कुलपति दफ्तर पर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से कुलपति को ज्ञापन सौंपा गया। छात्रों ने कुलपति से मांग की कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय की केंद्रीय लाइब्रेरी सदियों पुरानी लाइब्रेरी है इसी लाइब्रेरी से पढ़कर निकले लोग इस देश का नेतृत्व कर रहे हैं आज भी देश के कोने कोने में और उच्च पदों पर विराजमान हैं महोदया केंद्रीय लाइब्रेरी में जर्नल और अध्ययन सामग्री ना के बराबर है जो है वह भी पुराने जमाने की है लाइब्रेरी किताबों की कमी से जूझ रहा है छात्र छात्राओं को बिना अध्ययन सामग्री के पढ़ाई करने में बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं वहीं दूसरी तरफ कंप्यूटर लैब छात्रों के अनुपात में कंप्यूटर नहीं है कंप्यूटर लैब जो भी कंप्यूटर है वह कहीं न कहीं टेक्निकल रूप से ध्वस्त हो चुके हैं छात्र छात्राओं को बैठने के लिए लाइब्रेरी में पर्याप्त मात्रा में कुर्सी नहीं है, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं हो पा रही है जिससे छात्र छात्राओं के पठन-पाठन में काफी व्यवधान उत्पन्न हो रहे हैं कुलपति महोदय से निवेदन है कि शीघ्र अति शीघ्र व्याप्त अनियमितताओं को दुरुस्त कराने का कष्ट करें अन्यथा समस्त छात्र-छात्राएं बड़े आंदोलन करने के बाध्य होंगे।

इसकी प्रतिलिपि इसकी प्रतिलिपि महामहिम राष्ट्रपति महामहिम राज्यपाल विश्वविद्यालय अनुदान आयोग शिक्षा मंत्रालय को भेजी गई। इस मौके पर छात्र नेता त्र्यंबक नाथ, गोलू पासवान, अभिषेक यादव, जलज यादव, हरेंद्र यादव, मनजीत पटेल शिवबली यादव, मुबाशिर हारून, अनुराग यादव, राहुल पटेल, शैलेंद्र यादव, आलोक तिवारी, प्रियांशु, रिंकू सिंह, प्रकाश कुंडा, विनीत शर्मा, मान सिंह पटेल, सुधीर यादव, प्रदीप आदि रहे।

## क्राइम प्रिवेंशन काउंसिल ऑफ इंडिया ने असहायों में किया कंबल वितरण



कंबल पाकर असहायों के चेहरे पर दिखी खुशी

**नवाबगंज।** क्राइम प्रिवेंशन काउंसिल ऑफ इंडिया ने कौड़िहार बाजार के जगदीशपुर चांधन गांव में 200 ग्राम वासियों को कंबल वितरण किया गया, क्राइम प्रिवेंशन काउंसिल ऑफ इंडिया ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जगदीशपुर चांधन गांव में 200 गरीब मजलूम बेसहारा व्यक्तियों को महिला पुरुष 200 कंबल वितरण किया कार्यक्रम की अध्यक्षता नेशनल चेयरमैन डॉ एस के पांडेय ने किया डॉ एस के पांडेय ने कहा कि क्राइम प्रिवेंशन काउंसिल आफ इंडिया एक सामाजिक संस्था है जो हर समय गरीब मजलूम बेसहाराओं के लिए सदैव तत्पर रहती है भारत में अपराध रोकने के लिए क्राइम प्रिवेंशन काउंसिल आफ इंडिया की टीम प्रशासन के साथ मिलकर प्रशासन को सहयोग करती है और प्रतिबद्ध है कि अपराध को मिटाया जाए, उसी संदर्भ में कंबल वितरण के बाद एक आवश्यक बैठक भी संपन्न हुई कंबल वितरण में नेशनल डॉक्टर एस के पांडेय, नेशनल वर्किंग चेयरमैन (नार्थ जोन) सैयद हसन तारीक जाफरी, नेशनल वर्किंग चेयरमैन सलमान अहमद, नेशनल पी आर ओ तरन्नुम निशा, नेशनल आर टी आई ऑफिसर अतुल रस्तोगी, नेशनल वूमेन डायरेक्टर कनक बागची, नेशनल आर टी आई ऑफिसर उंजला नाज, नेशनल मीडिया सेकेट्री त्रिभुवन नाथ शर्मा, ज्वाइंट सेक्रेटरी यूपी मोहम्मद अख्तर, डिस्ट्रिक ऑफिसर उषा मौर्य, मेंबर जकारिया हिमांशु जायसवाल, अशफिया, अरीबा अंसारी आदि लोग उपस्थित रहे वही ग्राम प्रधान अनिल विश्वकर्मा ने कंबल प्राप्त करने वालों को धन्यवाद दिया तथा अग्निशमन की टीम ने सैकड़ों लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि अगर आपके घर में सिलेंडर में आग लग जाए तो घबराने की जरूरत नहीं है आग पर काबू पा सकते हैं उन्होंने जनता के सामने मार्क डिल करके दिखाया वही डॉ एस के पांडेय ने सभी ग्राम वासियों को धन्यवाद दिया।

## वांछित चल रहे लूट के चार आरोपियों को न्यायालय ने घोषित किया भगोड़ा

**बहरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रामगढ़ कोठारी बंदर पुल पर विगत दो वर्ष पूर्व हुई लूट के आरोपियों को न्यायालय के सामने हाजिर न होना महंगा सावित हुआ है। कोर्ट ने लूट मामले मे कड़ा रुख अपनाते हुये वांछित चल रहे चार आरोपियों को भगोड़ा घोशित कर दिया है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के चकिया धमौर गांव निवासी आशाराम विश्वकर्मा, अशोक कुमार मोटर साइकिल से आ रहे थे अभी वह बहरिया थाना क्षेत्र के रामगढ़ कोठारी गांव स्थित बंदर की पुलिया के समीप पहुंचे ही थे कि वहां पर पहले से ही घात लगा कर बैठे चार लोगों ने बाइक को रोक लिया था आरोप है कि चारों ने असलहा दिखाकर पीड़ितो के पास से मोबाइल और पैसे लूटकर फरार हो गये थे । जिसके बाद पीड़ितों ने घटना की जानकारी बहरिया पुलिस को दी थी घटना की जानकारी मिलते ही बहरिया पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर घटना की जांच करने के बाद चार लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्जकर आरोपियों की तालाष मे जुट गई थी जिसके बाद बहरिया पुलिस ने एक आरोपी आकाष षुक्ला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था । किन्तु तीन आरोपी गोरेलाल उर्फ संतोश यादव पुत्र गंगादीन निवासी फाजिलाबाद उर्फ कालूपुर अवधेष यादव पुत्र ओमकार यादव निवासी अलीपुर थाना फूलपुर, अवधेष उर्फ विपिन मिश्रा पुत्र अषोक मिश्रा निवासी जोगिया षेखपुर थाना फूलपुर, प्रषान्त दूवे पुत्र रणजीत दूवे निवासी रामगढ़ कोठारी थाना बहरिया ये तीनो आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर रहे बताया जाता है कि कोर्ट ने गिरफ्तार किये गये आकाष षुक्ला को कुछ दिनो बाद जमानत दे दिया था । बताया जाता है कि जमानत पर छूटे आकाष षुक्ला और पुलिस की पकड़ से दूर चल रहे अवधेष, अषोक, प्रषान्त कोर्ट से कई सम्मन जारी होने के बाद भी हाजिर नही हुये जिस पर न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाते हुये चारो लूट आरोपियो को भगोड़ा घोषित कर दिया।

## एक्युप्रेशर महाविद्यालय का पहला दीक्षांत समारोह सम्पन्न



समारोह में मेघावियो को मिला सम्मान

**प्रयागराज।** माता प्रसाद खेमका एक्यूप्रेशर महाविद्यालय का पहला दीक्षांत समारोह सोमवार को संपन्न हुआ, जिसमें पत्राचार एवं संस्थागत छात्र छात्राओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले अट्ठारह छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया और उन्हें एक्यूप्रेशर परिवार का सदस्य घोषित किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जस्टिस राजेस कुमार ने एक्युप्रेशर विधा की क्षमता को अभूतपूर्व बताया। साथ ही मेधावियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए जेपी अग्रवाल अध्यक्ष एक्यूप्रेशर संस्थान ने छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी महाविद्यालय के प्राचार्य एपी सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य तकनीकी शिक्षा डॉक्टर आंजनेय शुक्ला ने भी मेधावी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आयरलैंड से आए प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ ब्रिजेन्द्र पाण्डेय ने उपस्थित मेधावियों एवं देश के अलग-अलग भागों में मौजूद एक्युप्रेशर विशेषज्ञों को आनलाइन माध्यम से सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि हृदय के रोगों के बचाव में एक्यूप्रेशर उपचार की क्षमता का प्रयोग कर हम दवाइयों के दुष्प्रभाव से बच सकते हैं। इस कार्यक्रम के साथ ही एक्युप्रेशर प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 90 प्रशिक्षुओं का 7 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम आरम्भ हुआ। जिसमें उन्हें उपचार के व्यवहारिक पक्ष की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम में एस एस सराफ,एमके मिढा, एस पी केसरवानी, ए के दिवेदी, प्रभात वर्मा, आलोक कमलिया, रामकुमार शर्मा विशाल जायसवाल, एम एम कूल, सुनील मिश्रा, अभय त्रिपाठी, अंशू अग्रवाल सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### जुए की फड़ से युवक को पकड़ा

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा थाने की पुलिस ने छापामारी कर रक्सौली गांव के समीप जुए की फड़ से युवक को पकड़ लिया। जबकि साथ रहे चार अन्य जुआरी भाग निकले। पुलिस ने फड़ से 1300 रुपये नकद व ताश के पत्ते बरामद किए हैं। पकड़ा गया जुआरी रक्सौली गांव का मंजीत है। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए आरोपित को जेल भेज दिया है।

### किशोरी से युवक ने की छेड़खानी

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र में युवक ने किशोरी के साथ सरेराह छेड़खानी की। किशोरी के विरोध करने पर आरोपित धमकी देते हुए भाग निकला। देर शाम पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपित युवक की तलाश शुरू कर दी है।

### चापड़, तमंचा के साथ पकड़े गए दो पशु तस्कर

**कौशाम्बी।** चरवा थाने की पुलिस ने दो पशु तस्करों को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चापड़, तमंचा के साथ तराजू आदि बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए पशु तस्कर समद अहमद निवासी समद अहमद निवासी सैयद सरावां व वाहिद निवासी कोठापुर हैं। पुलिस ने दोनों आरोपितों को जेल भेज दिया है।

# हत्या या फिर आत्म हत्या, रेलवे ट्रैक किनारे मिला छात्रा का क्षत-विक्षत शव

**संदिग्ध**

**घटनास्थल व छात्रा का शव अपने पीछे छोड़ रहा कई सवाल**

**कौशाम्बी।** कोखराज कोतवाली अंतर्गत दिल्ली हावड़ा रेल लाइन के भरवारी व बिदनपुर रेलवे स्टेशन के मध्य सोमवार को एक छात्रा का क्षत-विक्षत शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करा, पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। हालांकि छात्रा ने आत्म हत्या किया है या फिर उसके साथ कोई अनहोनि हुई इसका रहस्य बरकरार रहा।

घटना का जिक्र करें तो पुलिस ने मृतका की शिनाख्त डोली पुत्री श्याम बाबू (17) निवासी जिल्लापर रसूलपुर गिरसा के रूप में किया है। यह भी कहा जा रहा था कि बालिका हाईस्कूल की छात्रा थी। हालांकि शव पड़ा होने की चर्चा पर क्षेत्र के तमाम लोग घटनास्थल पर जमा हो गए थे। वहीं जानकारी मिलने पर मृतक के परिवारीजन भी पहुंच गए थे, वहीं घटना के बाद पुलिस का कहना था कि 13 फरवरी की दोपहर अज्ञात ट्रेन से टकराकर बालिका की मौत हुई है, लेकिन घटनास्थल पर मौजूद लोग घटनास्थल व मृतका के शव को देखने के बाद तमाम तरह की चर्चा करते सुने जा रहे थे। ऐसे में यदि लोगों की चचाओं पर गौर करें तो कहा जा रहा था कि यदि ट्रेन हादसा होता तो घटनास्थल पर खून जरूर पड़ा होता, इतना ही नहीं जो कपड़ा लिपटा है उसमें खून के धब्बे भी होते है वह बात अलग है कि हल्का फुल्का कहीं खून के छीन हो, लेकिन ट्रेन से टक्कर होती तो खून से कपड़े भी भीग गए होते, इतना ही नहीं जहां-जहां चोट के निशान दिख रहे थे व ऐसा प्रतीत हो रहा था कि उसमें सफेदी आ गई थी और घटना काफी देर की रही होगी। वहीं बालिका के पीठ में जिस तरह से चोट के निशान दिखाई पड़ रहे हैं वह पुराने निशान प्रतीत हो रहे हैं। खैर इस तरह के तमाम सवाल घटनास्थल पर मौजूद रही भीड़ के जुबां में चचाएं आम रही। लेकिन ग्रामीणों द्वारा की रही चचाओं में कितनी सच्चाई है यह तो पुलिसिया जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगा। उधर घटना के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम का माहौल व्याप्त रहा। बहरहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर घटना की जांच शुरू कर दी थी।



घटनास्थल पर मौजूद लोग

## अप्पे की टक्कर से बाइक सवार युवक जख्मी

**कौशाम्बी।** फतेहपुर जिले के थरियांव निवासी समसुल रविवार को किसी काम से मंझनपुर आया था। देर शाम वह बाइक से घर लौट रहा था। सेलहरा गांव के समीप पीछे से आए तेज रफ्तार अप्पे ने बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस के साथ परिजनों को देते हुए घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सुबह उपचार के बाद परिवार के लोग युवक को लेकर गांव चले गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मारपीट में आधा दर्जन पर केस दर्ज

**कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के केसारी गांव के समीप हाईवे पर स्थित ढाबे में हंगामा करते हुए मारपीट करना उपद्रवियों को महंगा पड़ा। होटल में खाना खाने के बाद पैसे के विवाद में मारपीट हुई थी। घटना के तीन महीने बाद सैनी पुलिस ने अदालत के आदेश पर आधा दर्जन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

सैनी थाना क्षेत्र के केसारी निवासी सुशील कुमार ने बताया कि उसने गांव के समीप हाईवे किनारे होटल खोल रखा है। 29 नवंबर को अखिलेश निवासी पहाडपुर कोदन पांच साथियों के साथ उसके होटल पहुंचा। खाना-पीना करने के बाद पैसा मांगने पर आरोपित भिड़ गए। पैसे के विवाद को लेकर होटल में हंगामा करते हुए उसके साथ मारपीट की। इसके बाद धमकी देते हुए भाग निकले। देर रात पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से किया। आरोप है नामजद शिकायत के बाद भी पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने अदालत पहुंचा। अदालत के आदेश पर रविवार को सैनी पुलिस ने आरोपित अखिलेश, दिलशाद निवासी सराय, भास्कर निवासी गरई, कृष्णा निवासी केसारी, राम किशुन निवासी केसारी समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज लिया है।

## परिवार के ही दो पक्ष भिड़े, अधेड़ चुटहिल

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बम्हरौली गांव में पारिवारिक विवाद में रिश्तेदारों ने अधेड़ को पीट दिया। देर शाम थाने में पीड़ित ने घटना की नामजद तहरीर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

बम्हरौली निवासी ओंकार नाथ ने बताया कि संदीपनघाट थाना क्षेत्र के बड़ेगांव निवासी सुनील के परिवार से उसका विवाद चल रहा है। रविवार को सुनील भाई व साथी के साथ उसके घर आया था। मामूली बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद आरोपितों ने ओंकार को पीट दिया। पिटाई करने के बाद जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपित भाग निकले। रिश्तेदारों की पिटाई के बाद पीड़ित अधेड़ थाने पहुंचा और मामले की नामजद शिकायत की। पीड़ित का प्राथमिक उपचार कराने के बाद कोखराज पुलिस ने आरोपित सोनू, मोनू व सुनील के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## जख्मी हिरण के बच्चे का वन कर्मियो ने कराया इलाज

**दारानगर, कौशाम्बी।** कड़ा के दौलतपुर कसार गांव में रविवार की शाम जंगल की ओर से भटकता हुआ एक हिरण का बच्चा जख्मी हालत में गांव पहुंचा, जख्मी हिरण का बच्चा का देख ग्रामीणों ने जानकारी ग्राम प्रधान अनिल शर्मा की दी। प्रधान की सूचना पर वन विभाग के कर्मचारी रामसिंह गांव पहुँचकर हिरण के बच्चे को अपने कब्जे में ले लिया। वनकर्मी ने बताया कि हिरण के बच्चे को इलाज के पश्चात पुनः गांव के जंगल मे छोड़ दिया जाएगा।

## गैरइरादतन हत्या में सात साल की जेल

**कौशाम्बी।** गैरइरादतन हत्या के एक मामले की सुनवाई करते हुए सोमवार को अदालत ने आरोपित को सात साल कैद की सजा सुनाई। उसपर दस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। घटना कोखराज थाना क्षेत्र में 2013 में घटना हुई थी।

कोखराज के खोरांव गांव निवासी मनोज कुमार ने बताया कि छह अप्रैल 2013 को भूमि विवाद के चलते पड़ोसी राजेश उर्फ गूंगा गाली-गलौज कर रहा था। विरोध करने पर उसने मनोज के पिता मोहनलाल की पिटाई कर दी थी। सिर पर लोहे की रॉड लगने से मोहनलाल गंभीर तौर पर घायल हुआ था। बाद में उसकी मौत हो गई थी। मामले में मृतक के बेटे की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज हुआ। विवेचना के बाद पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी। सोमवार को अपर सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार ने प्रकरण की सुनवाई की। इस दौरान एडीजीसी अनिरुद्ध कुमार मिश्रा ने सात गवाहों का परीक्षण कराया। सुनवाई के बाद कोर्ट में सजा सुना दी। कोर्ट ने निर्णय लिया है कि जुमार्ने की रकम नहीं देने पर आरोपित को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## मां बेटे की पिटाई, नाली को लेकर हुआ विवाद

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव में नाली बनाने के विवाद में कहासुनी के बाद पट्टीदारों ने पड़ोसन व उसके बेटे को पीट दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुबारकपुर गांव की नथुनिया देवी पत्नी रामलाल ने बताया कि पट्टीदार से नाली बनाने को लेकर विवाद हो गया था। इसी अदावत में शाम आरोपित ने परिजनों के साथ मिल उसे व उसके बेटे को पीट दिया। ग्रामीणों ने बीच-बचाव करते हुए मामला शांत कराया। देर शाम थाने पहुंच पीड़िता ने मामले की शिकायत की। पीड़िता का प्राथमिक उपचार कराने के बाद पुलिस ने तहरीर लेकर आरोपित राम आसरे, कंचन समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति की सीडीओ ने किया बैठक

**कौशाम्बी।** कलक्ट्रेट स्थित उदयन सभागार में सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति ग्रामीण की बैठक हुई। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्राप्त एवं अवशेष धनराशि से कराये गये कार्यों, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के अन्तर्गत एसबीएम फेज-2 के अन्तर्गत चिन्हित लाभार्थियों के पक्ष में पीएफएमएस के माध्यम से धनराशि हस्तान्तरण किये जाने, वित्तीय वर्ष 2022-23 में आईईसीध्प्रचार- प्रसार मद में उपलब्ध धनराशि के व्यय एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रशासनिक मद में किये गये कार्य पर विचार-विमर्श उपरान्त समिति द्वारा अनुमोदन किया गया।

बैठक में डीपीआरओ ने बताया कि जनपद में वर्ष 2014-15 से अब तक बनाये गये व्यक्तिगत शौचालयों के रेट्रोफिटिंग के लिए पंचायत सहायकों द्वारा शौचालय विहीन ऐसे परिवार (नव सृजित परिवार शामिल करते हुए) जिन्हें व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए योजना का लाभ नहीं दिया गया, ऐसे लाभार्थी जिनके पास सिंगल पिट शौचालय है एवं ऐसे लाभार्थी जिनका शौचालय उपयोग में नहीं आ रहा है, पंचायत सहायक ऐप के माध्यम से ऑनलाइन डिजिटल सर्वे कराया जा रहा है। कमी पाये जाने पर लाभार्थी को न्यूनतम 1500 एवं अधिकतम 5000 प्रोत्साहन स्वरूप दिये जाने का प्राविधान हैं। उन्होंने बताया कि पंचायत सहायकों द्वारा अब तक लक्षित परिवार 398689 के सापेक्ष 249258 लाभार्थियों का सर्वेक्षण करा लिया गया है, शीघ्र ही शेष लाभार्थियों का भी सत्यापन शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया जायेंगा। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सत्यापन कार्य शीर्घ पूर्ण कराकर मानक के अनुसार अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। डीपीआरओ ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार जनपद के 5 हजार से अधिक जनसंख्या वाले चिन्हित 35 ग्राम पंचायतों के 46 राजस्व ग्रामों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के तहत कार्ययोजना बनाकर कार्य कराया जा रहा हैं। बैठक में बताया गया कि ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के अन्तर्गत गंगा के किनारे अवस्थित ग्रामों को मॉडल ग्राम बनाये जाने के लिए शासन के निदेर्शानुसार कार्य किया जा रहा है। बताया गया कि गोबर धन योजना के अन्तर्गत गाम टेंवा एवं बिदांव में बायोगैस प्लॉन्ट इकाई की स्थापना करायी जा रहीं है तथा प्लास्टिक मैनेजमेन्ट यूनिट की इकाई टेंवा एवं पुरखास में स्थापित की जायेंगी।



अफसरों के साथ बैठक करते सीडीओ

# काबीना मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह का भाजपाईयों ने मनाया जन्म दिन

**दारानगर, कौशाम्बी।** नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम अंतर्गत श्री गंगा प्रसाद साहू इंटर कालेज देवीगंज में सोमवार को भाजपाइयों ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व वर्तमान कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह पटेल का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लाष के साथ मनाया। इस दौरान भाजपा नेता उमेश पटेल की अगुवाई में पार्टी कार्यकताओं ने कैबिनेट मंत्री के चित्र के समक्ष केक भी काटा और उन्हें जन्म दिन की ढेरों की बधाई दिया, वहीं एक दूसरे को केक खिलाकर खुशियां मनाते उनके दीघार्यु के लिए मंगल कामना किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता अरूण केशरवानी, नीरज साहू, शैलेश गुप्ता, श्यामू अग्रहरि आदि लोग मौजूद रहे।



काबीना मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के चित्र के समक्ष केक काटते भाजपा पदाधिकारी

### युवक से 90 हजार की ठगी

**कौशाम्बी।** कोतवाली क्षेत्र के रामपुर सुहेला अल्लीपुर गांव के एक युवक को कबूतरबाज ने ठग लिया। सऊदी अरब का वीजा व पासपोर्ट देने के नाम पर 90 हजार रुपये ले लिए। वीजा न मिलने पर युवक ने रकम वापस मांगी तो आरोपित ने जान से मारने की धमकी दी। थाने में पीड़ित ने मामले की शिकायत की। पीड़ित युवक से तहरीर लेकर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### खाना बनाते वक्त आग से झुलसी महिला

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव की रेखा देवी पत्नी संजय शनिवार शाम घर पर खाना बना रही थी। इस दौरान अचानक उसके कपड़ों में आग लग गई। आग ने रेखा को घेर लिया। चीखें सुन मौके पर पहुंचे परिजनों ने आग बुझाई। महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## रंगदारी व धमकाने का आरोप, चार पर केस

**कौशाम्बी।** प्रयागराज के एक युवक से रंगबाजों ने रंगदारी मांगी। उसने रुपये देने से मना किया तो उसकी पिटाई कर दी। दहशत फैलाने को आरोपितों ने हवाई फायरिंग भी की। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। अदालत के आदेश पर दो महीने बाद संदीपनघाट थाने की पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

प्रयागराज के निरातुल निवासी राजकुमार साहू ने बताया के भभका कोइलहा के समीप उसने प्लॉट खरीद रखा है। निर्माण के दौरान दो महीने पहले जैग हलीम ने साथियों के साथ मिल उससे पांच लाख रंगदारी मांगी। इस पर उसने देने से मना किया तो आरोपित ने साथियों के साथ मिलकर पिटाई की। आरोपित दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग कर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की लेकिन पुलिस ने उसकी एक नहीं सुनी। अदालत के आदेश पर संदीपनघाट थाने की पुलिस ने आरोपित जैग हलीम, मतबूल समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## इलाज के दौरान युवक की मौत

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के नौबस्ता गांव में युवक के साथ मारपीट की गई थी। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक फूल चन्द्र पुत्र बूंदी लाल निवासी नौबस्ता थाना करारी ने थाना में सूचना दिया कि दिनांक 05.02.2023 को गांव में हुई मार पीट में उसका चचेरा भाई विष्णु पुत्र खुद्दी लाल घायल हो गया था जिसका इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पंजीकृत मु0अ0सं0 33/23 धारा 147,323,504,506 भादवि से संबंधित घायल विष्णु के शव को बाद पंचायत नामा मर्चरी भेज दिया है।

### महर्षि दयानंद बालिका इंटर कॉलेज मनौरी के विद्यालय प्रबंध समिति का चुनाव हुआ सकुशल सम्पन

**मनौरी कौशाम्बी।** महर्षि दयानंद बालिका इंटर कॉलेज मनौरी में प्रबंध समिति का चुनाव रविवार की सम्पन्न हुआ। नामित सदस्यों ने सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध निर्वाचित कर दिया निर्विरोध निर्वाचन के बाद निर्वाचित पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया गया है इस मौके पर निर्वाचित पदाधिकारियों ने कालेज हित में सदैव संघर्ष करने का भरोसा संस्था के लोगों को दिलाया है। रविवार 12 फरवरी को महर्षि दयानंद बालिका इंटर कॉलेज मनौरी के परिसर में हुए प्रबंध समिति के चुनाव में नामित सदस्यों ने एक बार पुनः सतीश केसरवानी को अध्यक्ष मनोज केसरवानी को प्रबंधक, तथा पुरुषोत्तम दास को कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुना है ,इसी तरह संस्था समिति कार्यकारणी के सदस्य पद के लिए शिवालाल केसरवानी, लालता प्रसाद ,नरोत्तम दास निर्विरोध निर्वाचित हुए है निर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि पिछले कार्यकाल में विद्यालय में हुए विकास कार्यो को बढ़ाया जाएगा। पुनः निर्वाचित हुए पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों व कालेज हित मे सदैव संघर्ष करने का भरोसा दिलाया।

## जुआ की फड़ में चौकी पुलिस ने मारा छापा संचालक फरार, 5 गिरफ्तार

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के शांखा गांव में बीती देर रात मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने सादी वर्दी में जुआ की फड़ में छापा मार दिया 12200रु नकद,ताश गड्डी फड़ बरामद कर 5 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर लिया है। अझुवा चौकी पुलिस ने बताया लंबे समय से पप्पू पुत्र जयकरन सिंह निवासी शांखा जुआ की फड़ गांव के पश्चिम थोक जंगल मे संचालित करवा रहा था ये इतना शातिर है कि केवल पगडंडी के सहारे पहुंचने वाले मार्ग के जंगल मे जुआड़ियों को उनके घरों से अपने साधन द्वारा जुआ खेलाने के लिए लाता था इस फड़ में कौशाम्बी सहित दूसरे जिलों के लोग भी दांव लगाकर वारा न्यारा करते थे प्रतिदिन कई लाख का जुआ होता था बीती देर शाम मुखबिर की सटीक सूचना से चौकी इंचार्ज अझुवा गौरव त्रिवेदी ने मय हमराहियों नकदी सहित 5 जुआड़ी सुशील सिंह पुत्र लवकुश सिंह निवासी शांखा,भोला नाथ यादव पुत्र देवशरण नसीरपुर कछुआ,सुनील कुमार पुत्र लालता प्रसाद घटमापुर पैंसा, कल्याण सिंह पुत्र आनंद सिंह पहाड़पुर,पिंटू निषाद पुत्र विश्राम समसाबाद को गिरफ्तार कर मय ताश गद्दी 12200 रुपया बरामद किया है 10 नामजद सहित कुछ अज्ञात जुआड़ी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए पुलिस जुआ संचालक पप्पू पुत्र जय करन सहित नामजद फरार जुआड़ियों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस पकड़े गए 5 जुआड़ियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत वैधानिक कार्रवाई में जुट गई है। वहीं ग्रामीणों ने बताया पुलिस कई मोटरसाइकिल छोटा हांथी में लादकर ले गयी है कुछ जुआड़ियों पर नजरें इनायत कर अभयदान भी दिया है।

## जालसाज का शिकार हुआ युवक नकदी किया पार

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के तेरई गांव के एक युवक को जालसाजों ने पौने तीन लाख रुपये हड़प लिए। आरोपित ने रकम लेकर जमीन का बैनामा से इनकार दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित फरेबी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। तेरई निवासी विनय कुमार ने बताया कि साल भर पहले उसे पड़ोसी गांव मखऊपुर के युवक से एक भूखंड का सौदा किया था। इसके बाद युवक ने पौने तीन लाख रुपये एडवांस दे दिया। जमीन का बैनामा नहीं होने पर युवक ने दी गई रकम वापस मांगी तो आरोपित ने पहले आनाकानी की, बाद में रकम देने से मुकर गया। पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपित मारपीट पर अमादा हो गया। पीड़ित विनय कुमार ने थाने में मामले की नामजद की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित फरेबी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# वित्तीय साक्षरता हेतु प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग

**सैय्यद सरावां, कौशाम्बी।** विकास खण्ड चायल अंतर्गत ग्राम पहाड़पुर सुधवर के पंचायत भवन में सोमवार को बड़ौदा यूपी बैंक, चायल द्वारा वित्तीय साक्षरता हेतू प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक कमलेश प्रभाकर एवं वित्तीय साक्षरता परामर्शदाता ईश्वरीय प्रसाद चैधरी व आरबी शर्मा सभी ने क्रमवतु वित्तीय साक्षरता सप्ताह अंतर्गत प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधान मंत्री अटल पेंशन योजना, प्रधानमन्त्री जीवन ज्योति योजना,किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम सुकन्या योजना आदि किसानों के लिए चल रही सरकार की लाभदायक योजनाओ के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं और कुछ किसानों को बैंक व नाबार्ड के सौजन्य से प्रशिक्षण किट भी वितरित किया गया।

## संक्षेप

### घायल अधेड़ का बयान लेने प्रयागराज पहुंची पुलिस

**पट्टी।** कंधई थाना क्षेत्र के डेहरी दीगर गांव में बीते रविवार देर शाम रास्ते में कुछ लोगों द्वारा किए गये हमले में गंभीर रूप से घायल अधेड़ का बयान लेने सोमवार को कंधई पुलिस प्रयागराज गई। वहां उससे हमलावरों के बारे में जानकारी ली। थाना क्षेत्र के डेहरी दीगर निवासी नजमें हसन (45) को गांव के पास ही कुछ लोगों ने घर जाते समय हमला कर दिया था। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस दौरान फायरिंग करने का भी आरोप लगाया गया है। गंभीर रूप से घायल नजमें को परिजन उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गये वहां से उसे स्वरूपरानी मेडिकल कालेज प्रयागराज रेफर कर दिया गया। एसओ कंधई विनीत उपाध्याय ने बताया कि अधेड़ की हालत में सुधार हुआ है। घायल की तरफ से गांव निवासी गुलशाद सहित चार के खिलाफ तहरीर दी गई है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह व निकाह कार्यक्रम 11 मार्च को

**प्रतापगढ़।** राजा भइया यूथ ब्रिगेड के संयोजन व योगीराज देवरहा बाबा चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष आयोजित किये जाने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन इस वर्ष भी 11 मार्च को बजरंग महाविद्यालय कुण्डा में किया गया है। जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजा भैया के दिशा-निर्देशन में होने वाले सामूहिक विवाह में इस वर्ष 100 हिन्दू कन्याओं का विवाह व 1 मुस्लिम कन्या का निकाह 11 मार्च को कुण्डा नगर के बजरंग महाविद्यालय के प्रांगण में संपन्न होगा। यह जानकारी राजा भैया के प्रतिनिधि हरिओम श्रीवास्तव ने दी।

# भुगतान न होने से नाराज प्रधानों ने बीडीओ के खिलाफ दिया धरना

**प्रतापगढ़।** कई सारे पदों से खाली चल रही बिहार ब्लाक के प्रधानों का गुस्सा आखिरकार सोमवार को फूट पड़ा। दर्जनों की संख्या में ब्लाक मुख्यालय पर पहुँचे प्रधान और उनके प्रतिनिधि कार्य न होने से आक्रोशित होकर धरने पर बैठ गए। बिहार ब्लाक में महीनों से कर्मचारियों के कई पद खाली चल रहें हैं। जिससे गांवों में विकास से सम्बंधित कोई भी कार्य नहीं हो पा रहा है। कर्मियों के न होने से गांवों में हुए विकास कार्यों का भुगतान नही हो पाया है। खुद बीडीओ की ही कुर्सी पिछले साढ़े तीन माह से खाली पड़ी हुई है। काम चलाने के लिए रामपुर संग्रामगढ़ के बीडीओ अश्वनी सोनकर को बिहार का चार्ज तो दे दिया गया है लेकिन वे भी कभी ब्लाक आतें नही हैं। कई माह पूर्व ब्लाक के कंप्यूटर आपरेटर को भी रिश्वत लेने के आरोप में सस्पेंड कर दिया गया है। उसके स्थान पर किसी भी आपरेटर की नियुक्ति अभी तक नही की गई है। सहायक लेखाकार का



बीडीओ के खिलाफ धरना देते प्रधान

पद भी खाली पड़ा हुआ है। बाबागंज ब्लाक के सहायक लेखाकर को बिहार का भी चार्ज दे दिया गया है लेकिन काम के बोझ के चलते वह भी बिहार ब्लाक नहीं आता। बीडीओ और ब्लाक कर्मियों के न होने से काफी दिनों से ब्लाक में विकास कार्य नहीं हो पा रहा है। जिससे नाराज होकर सोमवार को बिहार ब्लाक के दर्जनों प्रधान ब्लाक मुख्यायल पहुँचे और धरने पर बैठ गए। प्रधानों का कहना है कि अधिकारियों और कर्मियों के न होने से कोई भी विकास कार्य और भुगतान नहीं हो पा रहा है। बिहार ब्लाक के प्रधान संघ अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी ने बताया कि प्रभारी बीडीओ कभी भी ब्लाक नहीं आते हैं और न ही उनका फोन उठता है। यदि कभी फोन उठ भी गया तो वे बिहार ब्लाक न आकर प्रधानों को रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक कार्य के लिए बुलाते हैं। उनका कहना है कि ब्लाक में स्थाई कर्मी और अधिकारी के न होने से मैटेरियल का भी भुगतान नही हो पाया है। प्रधानों ने उधारी लेकर काम करा दिया है लेकिन उसका भुगतान नहीं हो पा रहा है। जिससे प्रधान कर्जदार बन गए हैं। प्रधानों का आरोप है कि सभी अधिकारी और कर्मी कमीशन लेकर भी भुगतान नहीं कर रहें हैं। इन्हीं विसंगतियों से नाराज होकर दर्जनों प्रधान धरने पर बैठ गए। प्रधानों के धरने पर बैठते ही ब्लाक के इक्का-दुक्का कर्मी भी ताला जड़कर चलते बने। इस संबंध में जब प्रभारी बीडीओ अश्वनी सोनकर को फोन किया गया तो उनका फोन ही नही उठा। जबकि डीसी मनरेगा इंद्रमणि त्रिपाठी का कहना कि धरने की कोई जानकारी नही है। यदि प्रधान धरना दें रहें हैं तो उनसे बात करके समस्या का समाधान किया जाएगा। धरने पर प्रधान संघ जिलाध्यक्ष पिंटू सिंह, राकेश पांडेय, रामेश यादव, पिंटू मिश्र, उज्ज्वल शुक्ल, डब्लू सिंह, राकेश पांडेय, सुरेश मिश्र, सिद्ध नाथ यादव, रमेश यादव सहित प्रधान प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सांसद स्पर्धा में उपमुख्यमंत्री के स्वागत को तैयार हो रहा स्टेडियम

**तैयारी**

**तीन दिन तक चलने वाली जिला स्पर्धा में दमखम दिखाएंगे ब्लाक के खिलाड़ी**



कबड्डी और खो-खो के लिए फील्ड की नाप जोख करते व्यायाम शिक्षक

**प्रतापगढ़।** 14 फरवरी से जिला स्टेडियम में होने वाली तीन दिवसीय सांसद स्पर्धा प्रतियोगिता में ब्लाक से जीते खिलाड़ी और टीमें अपना हुनर दिखाएंगे। इसके मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य होंगे। इनके स्वागत के लिए जिला स्टेडियम को तैयार किया जा रहा है। सोमवार को बेसिक के व्यायाम शिक्षको की टीम कबड्डी और खो खो के लिए फील्ड की नाप जोख और चूने आदि का छिड़काव करने में जुटी थी।

बता दें कि दस से तेरह फरवरी तक ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में विजेता टीम और प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का चयन 14 फरवरी से जिला स्टेडियम में शुरू होने जा रही जिला सांसद स्पर्धा के लिए हुआ है। इसमें करीब तीन दर्जन से अधिक टीमों के प्रतिभाग करने की संभावना है। कुश्ती, रेस में भी काफी संख्या में चयनित खिलाड़ी होंगे। सोमवार को ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में लगे गेम टीचर और निर्णायकों की टीम को स्टेडियम को तैयार करने के लिए भेज दिया गया। जिला व्यायाम शिक्षक राजकुमार सिंह, सदर गेम टीचर शैलेश सिंह के अलावा मनोज भारती, शकील अहमद और खुर्शीद समेत अन्य ब्लाकों के पीटीआई मैदान में डटे रहे।

# प्रमोद तिवारी ने एकता महोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

**लालगंज।** राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने सोमवार को बाबा घुइसरनाथ धाम में महाशिवरात्रि पर होने वाले अटठाईसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। महोत्सव आयोजन समिति की समीक्षा बैठक में सांसद प्रमोद तिवारी ने बाबा धाम मे होने वाले परम्परागत एकता महोत्सव को भव्यता से मनाए जाने के लिए तैयारियों को यथाशीघ्र अंतिम रूप दिये जाने के निर्देश दिये। उन्होने मुख्य मंदिर की आकर्षक साजसज्जा के साथ सांस्कृतिक रंगमंच तथा दर्शक दीघाओं मे भी कलाकारो व दर्शकों के लिए बेहतर प्रबन्ध सुनिश्चित कराए जाने को कहा। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने बाबा धाम मे महोत्सव से जुड़ी तैयारियों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। गंगा सागर मे स्वच्छ जल की उपलब्धता के साथ सई नदी के घाटो की साफ सफाई व यहां रोशनी के प्रबन्धों को लेकर भी सांसद प्रमोद तिवारी ने कार्ययोजना पर मंथन किया। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से बाबा का दर्शन पूजन करने आने वाले श्रद्धालुओं की भी सुविधाओं को लेकर उन्होने बिंदुवार व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाए जाने को कहा। सांसद एवं बाबा घुइसरनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने महोत्सव को लेकर यहां स्वास्थ्य एवं पेयजल, सई घाट के पैदल यात्री सेतु के आवागमन समेत विभिन्न कार्यो का अवलोकन करते हुए महाशिवरात्रि के दिन बड़ी संख्या मे यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के बाबा के दर्शन पूजन से जुडी सुविधाओं को लेकर भी परामर्शी निर्देश भी दिये। इसके बाद सांसद प्रमोद तिवारी चकौड़िया गांव पहुंचे और यहां राजकुमार पाण्डेय के संयोजन में हो रही श्रीमदभागवत कथा के धार्मिक अनुष्ठान मे शामिल हुए। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, सुधाकर पाण्डेय, हृगपाल यादव, रामबोध शुक्ल, लालगंज प्रमुख अमित सिंह, केडी मिश्र, छोटे लाल सरोज, मुन्ना शुक्ला आदि रहे।

## आबादी की जमीन पर दबंग कर रहे जबरन कब्जा

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के डेईडीह धौरहरा गांव की रहने वाली महिला ने पड़ोसियों पर आरोप लगाते हुए बताया कि आरोपी उसकी आबादी की जमीन पर जबरन कब्जा कर रहे हैं। कोतवाली क्षेत्र के डेईडीह धौरहरा गांव की अमृता पाण्डेय पत्नी प्रेम नारायण का आरोप है, कि विपक्षी उनकी आबादी की जमीन पर जबरन कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने जब इसका विरोध किया तो उक्त लोग उसे भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारने पीटने लगे और महिला का गला दबा दिया। उसे जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। महिला ने मामले की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी। मौके पर पुलिस मामले की जांच कर वापस लौट गई। विपक्षी पुलिस के जाने के बाद फिर से जमीन पर कब्जा करने लगे। पीड़िता ने मामले की नामजद लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र संबंधित थाने पर देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

# सर्वश्रेष्ठ सफलता का लक्ष्य तय करते हुए मेधावी ज्ञानार्जन में बढ़ाएं अभिरूचि : प्रकाशचंद्र

**लालगंज।** अझारा स्थित पं. नागेशदा पब्लिक स्कूल में सोमवार को पुरातन छात्र सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ दिखा। सम्मेलन में कक्षा बारह के विद्यार्थियों को विद्यालय के कक्षा ग्यारह के छात्र छात्राओं द्वारा भावपूर्ण विदाई भी दी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र व विद्यालय की निदेशिका रीमा मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। वहीं छात्रा समिष्ठा त्रिपाठी तथा श्रेया जायसवाल ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर समारोह का आगाज किया। छात्रा सोनाली, संजना, प्रगति, आकृति, श्रद्धा सिंह ने भावनृत्य, गीत-गजल, भाषण आदि की शानदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम मे मौजूद अभिवावको व अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अजय मिश्र तथा अखिलेश पाण्डेय का युगल गायन भी सराहनीय रहा। आर्या व अंशिका का विदाई गीत प्रस्तुत हुआ तो छात्र



छात्रों को सम्मानित करते अतिथि

छात्राओं के साथ शिक्षको की भी आंखे नम हो उठी। अतिथियों ने छात्र अभिषेक वर्मा एवं छात्रा आयुषी शुक्ला को सर्वश्रेष्ठ मेधा प्रदर्शन के लिए पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल का विशेष पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के बीच परस्पर रचनात्मक स्पर्धा के तहत मंचीय प्रस्तुतियों का भी सराहनीय प्रदर्शन दिखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र ने कहा कि जीवन मे सर्वश्रेष्ठ सफलता के लिए कठिन परिश्रम और पठन पाठन को लेकर अपने लक्ष्य पर सदैव आगे बढ़ना चाहिए। उन्होनें कहा कि ज्ञान मे वृद्धि के लिए सदैव मेधावियों को विषयवस्तु की विशेषज्ञता के साथ व्यक्तित्व निर्माण के क्षेत्र मे भी सदैव स्फूर्ति बनायी रखनी चाहिए। प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी ने विद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्कूल में मिलने वाले ज्ञान के साथ घर मे भी स्वाध्याय प्रतियोगी परिणामों की सफलता का आधार हुआ करता है। विशिष्ट अतिथि एकेडमिक कंट्रोलर रीमा मिश्रा ने भी छात्र छात्राओं को भविष्य निर्माण के प्रति जागरूकता प्रदान की। वहीं अति विशिष्ट अतिथि प्रबंधिका सुनीता मिश्रा ने मेधावियों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा तथा संस्कृति के संवर्धन मे समन्वय की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन छात्रा वर्तिका एवं श्रेया ने किया। समारोह मे मेधावी पुरा छात्रो के साथ समाजविदो को भी आयोजन समिति द्वारा सारस्वत सम्मान से नवाजा गया। इस मौके पर हिमांशु शुक्ला, सोनी त्रिपाठी, मोनू तिवारी, आरके यादव, श्रुति मिश्रा, रितेश, रवि, शिवबालक, प्रदीप व अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल, कमलेश विश्वकर्मा आदि रहे।

# मानस रत्न डॉ. अम्बिकेश त्रिपाठी का हुआ सम्मान

**लालगंज।** रानीगंज कैथौला स्थित केशव प्लाजा में प्रदेश सरकार द्वारा पुस्तक पुरस्कार से सम्मानित क्षेत्र के वरिष्ठ साहित्यकार एवं मानस रत्न डा. अम्बिकेश त्रिपाठी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह को लेकर कवि सम्मेलन में भी रचनाकारों ने राष्ट्रीयता की धार को अपनी ओज भरी रचनाओं को स्वर देकर कार्यक्रम को चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक रामसूरत सोनकर व विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य डा. डीपी ओझा एवं विचारक गौरव विवेक ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। प्रख्यात साहित्यकार आचार्य अनीस देहाती की अध्यक्षता मे हुए आयोजन मे अतिथियो ने मानस रत्न कविवर डॉ0 अंबिकेश त्रिपाठी को अंगवस्त्रम तथा माल्यार्पण एवं सम्मान चिन्ह प्रदान कर करतल ध्वनियो के बीच अलंकृत किया। कार्यक्रम के संयोजक कौशिल्यापुर प्रधान ददन सिंह, समाजसेवी रामचंद्र तिवारी व रामकृष्ण तिवारी एवं जीतेन्द्र सिंह ने कवि सम्मेलन



कार्यक्रम में वरिष्ठ कवि डॉ. अंबिकेश को सम्मानित करते अतिथि

मे कविताओं की मनमोहक प्रस्तुतियां देने वाले दूरदराज के जिलों तथा स्थानीय क्षेत्र से आये कवियों व कवयत्रियों को भी प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि सीओ रामसूरत सोनकर ने साहित्यकारों से समाज मे अमन व शांति के लिए वातावरण के सृजन में लेखन के योगदान का आहवान किया। शिक्षाविद डा. डीपी ओझा ने भी साहित्य और समाज की उपादेयता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार हरि बहादुर सिंह हर्ष ने आयोजन को ऊंचाईयां प्रदान करते दिखे। कवि सम्मेलन में आगरा से निभा चैधरी, सुल्तानपुर के अभिमन्यु तरंग, प्रयागराज के शिवम भगवती, अतुल सिंह, परवाना प्रतापगढ़ी, संतोष विद्रोही, सत्येंद्र सिंह सौम्य, रायबरेली के केएन सिंह ने काव्यपाठ करते हुए जहां सामाजिक विसंगतियों को कुदेरा वहीं राष्ट्रीय एकता तथा वतन परस्ती को लेकर भी प्रभावी जागरूकता दी। इस मौके पर राकेश सिंह, अशोक सिंह, अर्जुन जायसवाल, गोविंद केसरवानी, डा. प्रणव मिश्र, त्रिवेणीपाल त्रिपाठी, अरूण सिंह, डा. अजय मिश्र, देवी प्रसाद मिश्र, शेर बहादुर इंसान आदि रहे। आभार प्रदर्शन जितेन्द्र सिंह ने किया।



तेरवें दिन धरने पर बैठे संग्रह अमीन

## तेरहवें दिन भी जारी रहा संग्रह अमीनों व अनुसेवकों का धरना

**प्रतापगढ़।** जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट प्रांगण में अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे सामायिक संग्रह अमीनों व अनुसेवकों ने तेरहवें दिन भी अपनी आवाज बुलंद की। अध्यक्षता कर रहे भोला नाथ यादव ने कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों के आवश्वासन के बाद भी अभी तक सामायिक संग्रह विभाग में समायोजन नही किया गया। जिससे राजस्व कर्मियों के परिवार के सामने भरण पोषण की समस्या उत्पन्न हो गयी है। जिला अध्यक्ष हरकेश बहादुर सिंह ने कहा कि राजस्व कोष की भरपाई करने वाले कर्मियों की जायज मांगो को जिला प्रशासन द्वारा माने जाने के बाद भी अनदेखी करना बेइंसाफी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में सामायिक संग्रह अमीन, अनुसेवक अनवरत सेवा से जुड़े हुए हैं। फिर भी उनकी मांगों को नजरंदाज किया जा रहा है। प्रतापगढ़ में उन्हें वंचित करना न्याय संगत प्रतीत नही हो रहा है। इस दौरान मो0 अकील, जगदीश प्रसाद, दिनेश कुमार, अनिल कुमार यादव, चन्द्रमणि पांडेय, जीतलाल मौर्य, राजेन्द्र कुमार, राज कुमार सिंह, राम बरन विन्द, वीरेंद्र तिवारी, श्याम शंकर शुक्ल, हीरा लाल गौतम, सुनील दुबे, अशोक तिवारी, बंश राज सरोज, राज मणि निगम, मोती लाल, ज्योति श्रीवास्तव, रत्नेश कुमार, मथुरा प्रसाद सरोज आदि मौजूद रहे।

# ई-मेल से हुआ प्यार : रूस की वेरोनिका सात फेरे लेने पहुंची प्रतापगढ़

**विवाह में शामिल हुए विदेशी मेहमान, शादी बनी कौतूहल**

**प्रतापगढ़।** कुछ महीने पहले ई-मेल से रूस की वेरोनिका और प्रतापगढ़ के अमित की प्रेम कहानी शुरू हुई थी। रविवार को प्रतापगढ़ में दोनों शादी के बंधन में बंध गए। बेल्हा के अमित और रूस की रहने वाली वेरोनिका ने भारतीय रीति-रिवाज से सात फेरे लिए और एक दूजे के साथ जीने- मरने की कसमें खाईं। रविवार रात शहर के आशीर्वाद मैरेज हाल में सम्पन्न हुए वैवाहिक कार्यक्रम के साक्षी बनने वालों में बेल्हा सहित रूसी मेहमान भी शामिल रहे। रूसी मेहमानों के लिए यह शादी लंबे समय तक याद रहेगी। प्रतापगढ़ शहर के सियाराम कॉलोनी निवासी कारोबारी दिनेश सिंह के बेटे अमित सिंह की बातचीत रूस की रहने वाली वेरोनिका से 2017 में ई-मेल से जरिए शुरू हुई थी। कारोबार के सिलसिले में शुरू हुई बातचीत धीरे-धीरे प्यार में बदली और वर्ष



शांदी के बंधन में बंधते रूस की वेरोनिका और प्रतापगढ़ के अमित

2021 में वेरोनिका अमित से मुलाकात करने दिल्ली आ गई। मुलाकात के बाद दोनों से जीवन भर साथ रहने का फैसला कर लिया। इस बात की जानकारी दोनों के परिजनों को हुई तो वह भी राजी हो गए और दोनों की शादी की तिथि 12 फरवरी मुकर्रर कर दी गई।

### वैवाहिक समारोह में पहुंचे दोनों के परिजन

वैवाहिक आयोजन में वेरोनिका अपने माता-पिता, रिस्तेदार व सहेलियों के साथ चार दिन पहले बेल्हा आ गई। इसके बाद हल्दी, मेंहदी सहित अन्य रस्में पूरी की गईं। रविवार रात शहर के आशीर्वाद मैरेज हाल में दोनों ने सात फेरे लिए। इस विवाह के साक्षी बनने वालों में 14 रूसी नागरिक शामिल रहे।

# विदाई समारोह में छात्रों को दी गई शुभकामना



विदाई समारोह में उपस्थित छात्र

**प्रतापगढ़।** शहर की केपी इंटर कॉलेज में परिषदीय परीक्षा में सम्मिलित होने वाले कक्षा-12 के छात्रों का भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आदित्य प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलन करके मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। सरस्वती वंदना के उपरांत कक्षा प्रतिनिधियों ने प्रधानाचार्य, शिक्षकों एवं छात्रों को तिलक लगाकर स्वागत किया। छात्र आशुतोष गुप्ता ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर वाहवाही बटोरी। शिक्षकों में राकेश कुमार मिश्र, सुधाकर प्रताप सिंह, हर्ष देव सिंह आदि ने परीक्षा उपयोगी उद्बोधन पर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इसके पश्चात व प्रधानाचार्य ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर उनके सफल जीवन की कामना की। कक्षा-11 के बच्चों ने परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्रों को पेन, स्केच और पारदर्शी पर्स देकर उनको शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिनेश कुमार द्विवेदी ने किया।

# तम्बाकू निषेध की दिलाई शपथ

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत विद्यालय जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें दिव्य ज्योति सेवा निकेतन द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय, कांपा मधुपुर, बाबा बेलखरनाथ धाम में निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गयी। कार्यक्रम की थीम ष्पर्यावरण की रक्षाष विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं अन्नू दूबे, आकाश वर्मा एवं उत्तम मौर्य को प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया। अंत में सभी को तम्बाकू निषेध सम्बन्धी शपथ दिलाई गई। विचार गोष्ठी में शिक्षक संकुल डा०विनोद त्रिपाठी ने कहा कि पर्यावरण पर तंबाकू उद्योग का हानिकारक प्रभाव व्यापक रूप से बढ़ रहा है। जिससे हमारे ग्रह पर दुर्लभ संसाधनों और नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र पर पहले से ही उपस्थित दबाव में अनावश्यक वृद्धि हो रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन प्रत्येक वर्ष तंबाकू के उपयोग को रोकने के लिये सरकारों, संगठनों और व्यक्तियों द्वारा किये गए प्रयासों और योगदान के लिये उन्हें



तम्बाकू निषेध की शपथ लेते बच्चे

सम्मानित करता है। सोशल वर्कर नितिन तिवारी ने कहा कि तंबाकू के सेवन से हर वर्ष लाखों लोगों की मृत्यु हो जाती है। भारत में प्रत्येक वर्ष लगभग 35 मिलियन मौतें तंबाकू के सेवन की वजह से होती हैं। भारत तंबाकू का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता एवं उत्पादक देश भी है। सोशल वर्कर राजीव सिंह ने बताया कि विश्व स्तर पर प्रत्येक वर्ष लगभग 80 लाख लोगों की मृत्यु तंबाकू के सेवन से होती है, जिनमें 5 लाख भारतीय नागरिक शामिल हैं। शिक्षक देवानन्द मिश्र ने कहा कि धूम्रपान से कैंसर, हार्ट अटैक, पैरालाइसिस लकवा, क्रानिक आप्सटक्टिक पल्मोनरी डिजीज और वेस्कुलर डिजीज आदि से मौतों का कारण बनता है। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक राजेन्द्र प्रताप सिंह एवं संचालन डा०विनोद त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर मोहम्मद शोएब, श्वेता मिश्रा, शशिबाला शुक्ला, विनीता मिश्रा, अर्चना यादव और संजीव दूबे ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के आलापुर निवासी विवेक पुत्र राधेश्याम जायसवाल का बेटा विनय जायसवाल (17) सोमवार की सुबह घर मे फाँसी लगाकर जान दे दी। विवेक आलापुर स्थित अपने दुकान से घर नहाने के लिए गया था। देर होने पर उसे खोजने उसके पिता घर पहुंचे। घर का दरवाजा बन्द देख युवक के पिता ने आवाज लगाई। कोई जवाब न मिलने पर पडोसी के छत पर से अंदर घुसे तो कमरे का नजारा देखा दंग रह गये। विनय पंखे में लूंगी के सहारे गले मे फंदा डालकर लटक रहा था जिसके मुंह से खून निकल रहा था। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।घटना की जानकारी मिलते ही नवाबगज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी दलबल के साथ मौके पर पहुचे। युवक का शव नीचे उतरवाकर सीएचसी कालाकांकर भेजा जहाँ चिकित्सको ने विनय को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पांचनाम कर शव पीएम के लिए भेज दिया। मृतक विनय अपने माँ बाप की अकेली संतान था।




## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

**प्रतापगढ़।** बिहार ब्लॉक के चैहान मार्केट स्थित कौशिल्या देवी रेडरोज लघु माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय की प्रधानाध्यापिका संगीता मिश्रा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत देशभक्ति गीत, राजनीतिक एवं सामाजिक हास्य व्यंग्य नाटक, कव्वाली, लोकगीत एवं लोक नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मनमोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक बिहार के शाखा प्रबन्धक गौरव सिंह ने कहा कि बच्चे देश, समाज एवं परिवार का उज्ज्वल भविष्य है। इन्हें निखरने का स्वर्णिम अवसर प्रदान करना हम सबकी जिम्मेदारी है। शाखा प्रबंधक ने कहा कि विद्यालय शिक्षा का पवित्र मन्दिर है। इसकी गरिमा शिक्षक एवं विद्यार्थी दोनों को बनाएं रखने की जिम्मेदारी है। तभी उद्देश्य पूर्ण लक्ष्य की प्राप्ति सम्भव है। विशिष्ट अतिथि सांई नाथ हॉस्पिटल बिहार की चिकित्सक डॉ0 मंजुला सिंह ने बदलते समय में प्रौद्योगिकी युक्त शिक्षा एवं अनुशासन बनाए रखने की बात कहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ0 राकेश चन्द्रा सिंह ने किया। विद्यालय के प्रबन्धक अनिल कुमार सिंह ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रेम कुमार यादव ने किया। इस मौके पर दौरान छविनाथ तिवारी, नीरज सिंह, सलमान, कंचन सिंह, प्रिया साहू, कोमल यादव, खुशी, सलोनी मौर्या, निहारिका सिंह आदि शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं अभिभावक मौजूद रहे।

## जनसंपादकीय

# दयानन्द सरस्वती और प्रगतिशील भारत

**अजय तिवारी**



आधुनिक भारत के धर्म सुधारकों की एक बड़ी विशेषता थी शिक्षा के प्रसार का प्रयत्न। हम स्वामी दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती के साक्षी हैं। दयानन्द सरस्वती ने लगभग वही काम किया जो फ्रांस में ज्यां जाके रूसो ने किया था। रूसो ने 'अतीत में लौटो' का नारा दिया था। दयानन्द सरस्वती ने वेदों की ओर लौटो का नारा दिया था।

अगर रूसो का आह्वान दकियानूसी नहीं था तो दयानन्द सरस्वती का आह्वान भी दकियानूसी नहीं कहा जा सकता। रूसो ने सामंती अभिजात वर्ग और लुटेरे व्यापारी वर्ग के विरुद्ध जागरूकता फैलायी। दयानंद जी ने अँग्रेज़ी लुटेरों और मुस्लिम आक्रमणकारियों के विरुद्ध आक्रोश जगाया। यह एक बड़ा फर्क था। इसका कारण दोनों देशों की परिस्थितियों का अंतर है। अँग्रेज़ों के आने से पहले भारत सोने की चिड़िया था। अँग्रेज़ों के अलावा भारत को लुटने आये विदेशियों में स्पैनिश, पुर्तगाली ही नहीं, फ्रांसीसी भी थे।

रूसो से भिन्न दयानन्द ने भारत के सामंती तत्वों का भरोसा किया। सामंती जीवन और धार्मिक चेतना का चोली-दामन का साथ है। यही कारण है कि रूसो फ्रांस में आधुनिकता और धर्मनिरपेक्षता के अग्रदूत बने, दयानन्द सरस्वती अर्ध-आधुनिकता के वाहक तो बने, धर्मनिरपेक्षता के नहीं। लेकिन यह अर्ध-आधुनिकता वैसी प्रतिक्रियावादी नहीं थी जैसी बाद के धर्म आधारित आंदोलनों और राजनीति में देखा जाता है।

दयानन्द सरस्वती ने वेदों की व्याख्या करते हुए सामन्त-युगीन धार्मिक विकृतियों का बहिष्कार किया। अंधविश्वास, जातिवाद, छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ सबसे अधिक संघर्ष करने वालों में दयानन्द जी का नाम प्रमुख है। आज भी अदालतों के अलावा अंतर्जातीय विवाहों का सबसे बड़े मंच आर्यसमाज मंदिर हैं। मैंने ही अपने अनेक विद्यार्थियों का विवाह आर्यसमाज मंदिरों में कराया है। ज्यादातर में अभिभावक और संरक्षक की भूमिका निभायी है। यह काम दयानन्द को न केवल धर्म-सुधारक बल्कि समाज-सुधारक की भूमिका में खड़ा करता है। एक बात अत्यंत महत्वपूर्ण है जिसपर ध्यान दिया जाना चाहिए। 19 वीं शताब्दी के धर्मसुधारकों की एक बहुत बड़ी विशेषता थी शिक्षा के लिए कार्य। स्वयं दयानन्द जी ने आर्यसमाज के शिक्षण संस्थानों का सूत्रपात किया। ये शिक्षा संस्थान अँग्रेज़ी शिक्षा के विकल्प के रूप में निर्मित किये गये। अब तो प्राथमिक स्तर से लेकर उच्चतम स्तर के आर्यसमाजी शिक्षण संस्थानों का पूरा ताना-बाना मौजूद है। आरम्भ में इन संस्थाओं की स्थापना के लिए जो धन आवश्यक था, वह ब्रिटिश सरकार से मिलने वाला नहीं था, उसके लिए दयानन्द जी ने राजा-महाराजाओं का भरोसा किया। लेकिन वे यह नहीं समझते पाये कि अँग्रेज़ों का चाटुकार सामन्त वर्ग उन्हें थोड़ा-बहुत आर्थिक सहयोग तो कर सकता है लेकिन पूरी तरह भरोसेमंद नहीं हो सकता। आखिर राजस्थान के एक महाराजा ने ही विष देकर उनकी हत्या की, हालाँकि दयानन्द जी उन्हें अपना मित्र समझते थे और उनके अतिथि थे!

मुझे यह कहते हुए अफ़सोस होता है कि वामपंथी विचारकों ने दयानन्द सरस्वती के प्रति अक्सर संकीर्ण रवैया अपनाया। कुछ बुद्धिजीवियों ने आर्यसमाज और दयानन्द पर विशेष अध्ययन किया लेकिन द्वंद्वात्मक दृष्टि से मूल्यांकन करने की जगह 'प्रगतिशील' आग्रह लेकर निष्कर्ष निकाले। ऐसे एक विद्वान के काम की समीक्षा मैंने की थी। वह पत्र-पत्रिकाओं के अलावा पुस्तक में मौजूद है इसलिए उसकी चर्चा यहाँ व्यर्थ का दोहराव होगी।

फिर भी एक निवेदन करना चाहता हूँ। स्वयं मार्क्स से इस तरह के अध्ययन की विधि सीखनी चाहिए। उन्होंने यूरोप में 18 वीं शताब्दी उन पूँजीवाद विरोधी दार्शनिकों का सकारात्मक आकलन किया है जो सामंती से उपस्थित सहकारिता के मूल्यों को लेकर चले। दयानन्द सरस्वती ने तो सामाजिक कुरीतियों और धार्मिक अंधविश्वासों के विरुद्ध संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी।

दयानन्द जी सांस्कृतिक आत्मगौरव और राष्ट्रीय स्वाधीनता के उद्घ समर्थक थे। उन्होंने वेदों की ही व्याख्या नहीं की, 1950 के बाद अज्ञातवास के दिनों में उन्होंने सन सत्तावन के विद्रोहियों के लिए मूल्यवान सहायता भी की। इसलिए हमें दो बातें स्पष्ट रूप में समझनी चाहिए। एक तो यह तत्कालीन अधिकांश मनीषियों की भाँति दयानन्द सरस्वती भी अपने युग के अंतर्विरोधों से मुक्त नहीं थे, दूसरे उनकी मूल विरासत प्रगतिशीलों और क्रांतिकारियों के साथ जुड़ती है।

लेकिन प्रगतिशीलों और क्रांतिकारियों ने जिस संकीर्णता से अपनी विरासत और इतिहास को देखा उसका नतीजा है कि आज दयानन्द सरस्वती के वारिस भारत के सम्प्रदायवादी और प्रतिक्रियावादी तत्व बन गये हैं। अपने पुरखों के योगदान को स्वीकार करने की जगह हमने उनके सारे कामों को नकारात्मक दृष्टि से देखा। डांगे ने मराठी जातीयता को अंगीकार करके छत्रपति शिवाजी का सकारात्मक मूल्यांकन किया और यह दिखाया कि अपनी विरासत के प्रति क्या रुख होना चाहिए,लेकिन हिंदी प्रदेश के वामपंथी बुद्धिजीवियों ने यह काम नहीं किया। पूरा मैदान दक्षिणपंथियों के लिए छोड़ दिया। उनकी इस मूल्यांकन का परिणाम है कि हिंदी प्रदेश अपनी क्रांतिकारी सम्भावनाओं के बावजूद दकियानूसीपन और दक्षिणपंथ का गढ़ बना हुआ है।

मुझे नहीं लगता कि दयानन्द सरस्वती की 200 वीं जयंती पर वामपंथ और प्रगतिशील-जनवादी समूह की ओर से कोई प्रयास हो रहा है जबकि दक्षिणपंथी राजनीति और सत्ता की ओर से भव्य प्रयत्न हो रहे हैं। याद रखना चाहिए कि भगतसिंह वामपंथी विमर्श में तब शामिल हुए जब आरएसएस के पोस्टरों में वे दर्शकों तक विराजमान रहे। इससे भी हमारे वामपंथी बुद्धिजीवियों ने कोई शिक्षा नहीं ली। सच पूछिए तो भविष्य की प्रगति कभी इतिहास को नकार कर नहीं होती।

यह बात इतिहास के निर्माताओं को सबसे ज्यादा समझनी चाहिए और यह दायित्व वामपंथ का है। इतिहास को मिटाने और विकृत करने वाले दक्षिणपंथ ने वामपंथी हथियार अपना लिये हैं और वामपंथियों ने खुद अपने हथियार फेंक दिये हैं। संकीर्णता वामपंथ की विशेषता नहीं रहा है। लेकिन हम भारत में यही नजारा देखते हैं। यह पहली बार नहीं हो रहा है। ज्यॉर्जी दिमित्रोव ने संयुक्त मोर्चा में विरासत के साथ बर्ताव के तरीकों पर विस्तार से लिखा था। क्या वामपंथी बुद्धिजीवियों के आचरण में वह झलकता है?

**( लेखक वरिष्ठ आलोचक एवं सामाजिक चिंतक हैं, संपर्क 97171 70693)**

---

पेरिस में सैयद हैदर रजा की अब तक की सबसे बड़ी प्रदर्शनी भारतीय आधुनिक कला जगत की बड़ी परिघटना

# परम्परा और आधुनिकता का संवाद

## कभी-कभार

**अशोक वाजपेयी**



फरवरी की ठण्ड है। यों भी पेरिस में फरवरी साल में आम तौर पर सबसे ठण्डा महीना माना जाता है। पर रोमांच की गरमाहट भी है। यहाँ बड़ी संख्या में रजा के प्रशंसक और प्रेमी, उनकी कला के कई संग्रहकर्ता, कई कलाविद्, कुछ हिन्दी युवा लेखक, साहित्य और ललित कला के कर्म नामचीन लोग, कलावीथिकाओं के कुछ प्रतिनिधि, अन्तरराष्ट्रीय आक्शन हाउसों के विशेषज्ञ, भारत के कई कलालोचक और पत्रकार सब एकत्र हुए हैं। सैयद हैदर रजा की अब तक की सबसे बड़ी प्रदर्शनी के सेण्टर दि पाम्पिदू की गैलरी 4 में 14 फरवरी को शुभारम्भ के अवसर पर भारतीय आधुनिक कला जगत की यह बड़ी परिघटना है। शायद किसी और भारतीय चित्रकार की इतनी बड़ी एकल प्रदर्शनी फ्रांस या विदेश में कहीं भी नहीं हुई। इसलिए यह आधुनिक विश्व-कला में भारतीय उपस्थिति और शिरकत की मान्यता भी है।

रजा की आधुनिकता के रूपायन में फ्रांस की बड़ी भूमिका है। बरसों तक वे पेरिस स्कूल के एक मान्य चित्रकार थे। फिर उन्होंने अपने लिए भारत की परम्परा और कुछ मूल अभिप्रायों की ओर मुड़कर उनका रंगसंधान शुरू किया और वे 'बिन्दु' तक पहुँचे। वे कहते भी थे कि चित्र कैसे बनाये जायें यह कौशल उन्होंने फ्रांस से सीखा पर क्या चित्रित किया जाये यह भारत से। वे दो संस्कृतियों के बीच संवाद और आवाजाही का एक बड़ा और सक्रिय माध्यम बने। उसी फ्रांस में उनकी अब तक की सबसे बड़ी प्रदर्शनी होना एक तरह से उनकी दुहरी उपस्थिति का एहतराम है- फ्रेंच और भारतीय एक साथ।

हमने इस प्रदर्शनी का प्रस्ताव पाम्पिदू केन्द्र को 2017 में दिया था। फ्रेंच दूतावास ने इस का जोरदार समर्थन किया और यह स्वीकार कर लिया गया। बीच में कोविड प्रकोप ने कई अड़ंगे लगाये पर अन्ततः एक स्थान के बाद अब प्रदर्शनी हो रही है। यह संयोग ही है कि 13 और 14 फरवरी मेरे सार्वजनिक उद्यम के जीवन में दो निर्णायक तिथियाँ हैं। आज से 41 वर्ष पहले भोपाल में 13 फरवरी को भारत भवन का शुभारम्भ हुआ था। अब 14 फरवरी को रजा की वृहत प्रदर्शनी का शुभारम्भ होने जा रहा है।

इस प्रदर्शनी में रजा के ऐसे बहुत से काम हैं जो सम्भवतः कभी सार्वजनिक रूप से देखे ही नहीं गये। पचास से अधिक वर्षों के दौरान बनायी गयी कलाकृतियों में कुछ सिलसिलेवार शामिल हैं। एक बार फिर रजा का कलाप्रवाह उभयतटतीर्थ है, उनकी प्रिय नदी नर्मदा की ही तरहः रंग और विचार, आवेग और शान्ति, बिम्ब और शब्द, लैण्डस्केप और इनस्केप, ऐन्द्रियता और पवित्रता, आधुनिकता और स्मृति, उत्सव और प्रार्थना, अभिव्यक्ति और मौन, चित्र और कविता, इतिहास और अनन्त, भारत और फ्रांस। रजा के बारे में बहुत से नयी समझ और संवेदनशीलता लेकर हम लोग इस प्रदर्शनी से जायेंगे। यह एक महान् भारतीय चित्रकार का नयनाभिराम विचारोत्तेजक विश्व-प्रवेश है। वे अन्ततः पुनर्दर्शनाय हैं।

### देखने का बाजार

हमारे जीवन में बाजार और बाजारू वृत्तियाँ इस कदर भीतर तक घुस गयी हैं कि साहित्य और कलाएँ उससे दूर नहीं रह सकतीं। समाज और समय में ऐसी कोई पाक-साफ जगह नहीं ह जहाँ कलाएँ शरण पा सकें। तो जैसे हम अब समय-समाज-बाजार में लगभग एक साथ रहते हैं, वैसे ही कलाएँ भी रहती हैं। यों तो पहले भी राजनीति और बाजार एक-दूसरे को प्रभावित करते रहे हैं पर हमारे समय में बाजार राजनीति पर बहुत हावी हो गया है और प्रभाव में उसने समाज को लगभग अपदस्थ कर दिया है। भारत में तो राजनीति और बाजार के गठबन्धन में धर्म भी जुड़ गया है और मीडिया का एक बड़ा प्रभावशाली हिस्सा भी।

ऐसी परिस्थिति में देखते-दिखाने का भी बाजार विकसित हुआ है। यह बाजार, राजनीति की ही तरह यह तय करता है कि क्या और कैसे दिखाया जाये। हर चीज का दाम है और दाम ही तय करने लगा है कि किसी कलावस्तु की मूल्यवत्ता क्या है? रजा इस बात से बहुत चिढ़ते थे जब कोई उन्हें किसी नीलामी में उनकी किसी कृति के करोड़ों में बिकने पर उन्हें बधाई देता था। वे चिहुँक कर कहते कि दाम तो ठीक है, आपकी नजर में उस कलाकृति का मूल्यवत्ता क्या है?

भारत में कलाओं का बाजार अभी पूरी तरह से विकसित नहीं हुआ है। पर कलाकृतियों के दाम काफी बढ़ते गये हैं। दूसरी ओर, यह भी सच है कि भारतीय दाम दामों के विश्व-प्रतिमानों से काफी नीचे हैं। भारतीय बढ़त समय लेगी। हमारे यहाँ भी दो-चार आक्शन हाउस स्थापित हो गये और सक्रिय हैं। इस स्थिति ने और कलावीथिकाओं के विस्तार ने ललित कला की राज्य पर निर्भरता काफी घटा दी है। सार्वजनिक कला-संस्थाओं ललित कला अकादेमी, राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय आदि की जो दुर्गति हुई है उसे लेकर कला-जगत विशेष चिन्तित नहीं रहा है क्योंकि उसने बाजार के माध्यम से अपना अलग परिक्षेत्र विकसित कर लिया है।

इसके दुष्परिणामों में से अधिक गम्भीर यह है कि कलालोचना में आलोचना-तत्व बहुत शिथिल हो गया है। अधिकांश आलोचना कलावीथिकाएँ अपनी प्रदर्शनियों के लिए लिखवाती और उसके लिए अच्छा पारिश्रमिक देती हैं। जाहिर है इस लगभग प्रायोजित उपक्रम में व्याख्या, अतिव्याख्या, अतिपाठ तो होते हैं, खरी-सच्ची आलोचना नहीं। कला को लेकर एक किस्म ये यह बाजारू आलोचना जो माहौल तैयार करती है उसमें रसिकों में भी आलोचना भाव शिथिल होता है। ऐसे कलाकारों की संख्या कम नहीं है जो इस आलोचना से यह बाजार में अधिक दाम पाने के कारण अधिमूल्यित हो रहे हैं। ऐसे प्रतिभाशाली कलाकार भी हैं जो अपनी निर्भीक प्रयोगशीलता या तीखी राजनैतिक या सांस्कृतिक दृष्टि के कारण देखे जाने से छिंक जाते हैं।

### देखने-समझने की राजनीति

सार्वजनिक रूप से हम क्या देखते और समझते हैं यह पूरी तरह से हम पर निर्भर नहीं करता। हम क्या देखें और क्या न देखें इसका निर्णय हम ही नहीं हमेशा करते। हम ऐसा बहुत सा देखते हैं जिसे देखने का फैसला हमने नहीं, नागरिक जीवन का प्रबन्धन करनेवाली संस्थाएँ याने सत्ता के अधिकरण लेते हैं। इन दिनों राजधानी दिल्ली से लेकर भारत के अनेक शहरों में सड़कों, बाइपास आदि के दोनों और की जगहों में तथाकथित सार्वजनिक कला चित्रित की जा रही है। इसके अधिकांश का समकालीन चित्रकला से कोई संबंध नहीं हैः वह ज्यादातर भदेस, कुरुचिपूर्ण, आकृतिपरक और अलंकरण है। आप, उन सड़कों पर आते-जाते या कुछ देर के लिए टिकते, यह कला देखने को विवश हैं। सही है कि हमारे संग्रहालयों और कलावीथिकाओं का माहौल ऐसा है कि उसमें आम नागरिक को पहुँचने का उत्साह ही नहीं होता। अधिकांश आम नागरिक तक पहुँचने या उसे आकर्षित करने की कोई कोशिश भी नहीं करते। हालत यह है कि हमारे अनेक संग्रहालयों संसार की श्रेष्ठ कला के समकक्ष कला-सम्पदा है पर बहुत कम लोग उसे देख-समझ पाते हैं। उन्हें इसका सहज नागरिक अवसर ही नहीं मिलता।

पाठ्यपुस्तकों, पुरा-पड़ोस, सड़कों आदि पर हम जो कला देखते हैं वह हमारी रूचि को प्रभावित करती है और हमारे मन में कुछ अवधारणाएँ रूढ़ हो जाती हैं। जैसे एक यही कि सारी भारतीय कला आकृतिमूलक रही है और अमूर्तन विदेश से आयी विधा है। इस समय तो सर्वथा आधुनिक तकनालजी का बहुत व्यापक और सुघर दुरुपयोग सारी आधुनिकता और उसके संस्थापकों को संदिग्ध बनाने के लिए किया जा रहा है। हमारी परम्परा को एकतान किया जा रहा है जबकि वह विचार, अवधारणा, व्यवहार, अभिव्यक्ति, शिरकत आदि हर स्तर पर अदम्य रूप से बहुल रही हैं। यह आकस्मिक नहीं है कि इस समय जो राजनीति और निर्णायक सत्ता है, वह दृश्यता के भूगोल से स्त्रियों, दलितों, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों आदि को बाहर ढकेल रही है। यही सत्ता हमें अपनी प्रश्नवाचक और बहुल कला-परम्परा से हमें दूर कर रही है- ऐसी जनरूचि गढ़ने में लगी है जिससे प्रायः सारी आधुनिक भारतीय कला जिसकी भी अब कम से कम एक शताब्दी लम्बी परम्परा है, अप्रासंगिक और विदेशी समझी जाने लगेगी।

यह सब कहने का प्रसंग यों बनता है कि रजा की सबसे बड़ी प्रदर्शनी उनकी मातृभूमि के किसी सार्वजनिक संग्रहालय में नहीं, पेरिस के एक सार्वजनिक संग्रहालय में हो रही है। न तो भारत भवन में, जो रजा के मातृप्रदेश मध्यप्रदेश में स्थित है, न ही राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, दिल्ली-मुंबई-बैंगलुरु ने ऐसी कोई प्रदर्शनी उनकी जन्मशती के दौरान आयोजित करने में कोई दिलचस्पी ली है। पेरिस में हो रही प्रदर्शनी में आधे से ज्यादा चित्र और प्रायः सभी दस्तावेज भारत से गये हैं। यह बेरुखी बेसबब नहीं हैः जैसा कि गालिब ने कहा था- 'कुछ तो है जिसकी पदार्दारी है।' भारत के एक बड़े चित्रकार की सबसे बड़ी प्रदर्शनी उसके देश में न होकर अन्य देश में हो यह विचित्र है और हमें याने आप कलाप्रेमियों को रजा को ठीक से देखने-समझने से वंचित-बाधित करना है।

**(लेखक वरिष्ठ कवि एवं साहित्यिक, सांस्कृतिक चिंतक हैं)**

---

# रजा के चित्रों में एक साथ उपस्थित हैं कई दुनियाएं

## प्रसंगवश

**पूनम अरोड़ा**



पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण सरीखे सर्वोच्च नागरिक सम्मानों से सम्मानित सैयद हैदर रजा का नाम भारत के विशिष्ट चित्रकारों में शुमार है। रजा फाउण्डेशन द्वारा यह वर्ष रजा शती के उपलक्ष्य में एक स्मृति उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष यदि सैयद हैदर रजा हमारे बीच उपस्थित होते तो वे अपनी आयु के सौवें वर्ष में होते। रजा फाउण्डेशन के प्रबन्ध न्यासी अशोक वाजपेयी के अथक प्रयासों के निर्णायक दिवस के रूप में कला के ऐतिहासिक देश फ्रांस के सबसे खूबसूरत शहर पेरिस में रजा के मकबूल चित्रों की प्रदर्शनी हो रही है। यह प्रदर्शनी पेरिस के भव्य और प्रतिष्ठित सेंटर पोम्पीदू में 15 फरवरी से 15 मई तक चलेगी। इस प्रदर्शनी में रजा के उन चित्रों को भी प्रदर्शित किया जा रहा है जो अब तक किसी अन्य प्रदर्शनी में शामिल नहीं किए गए। चित्रों के साथ ही रजा की दैनंदिन वस्तुओं का निजी कारवां भी प्रदर्शनी में रखा गया। एक कलाकार अपने सामान्य जीवन के साधारण उपकरणों के साथ अपनी दिनचर्या का निर्वाह किस तरह करता है, उनका यह निजी कारवां उसी की एक झलक है। चित्रों को देखने, उन्हें समझने और उन पर बात करने की एक खास रवायत रही है। यह शायद कला का एकमात्र रूप है जो विभिन्न रंगों में आकार पाती हुई स्वप्निल आकृतियों के माध्यम से साकार होता है। यहां न केवल दृश्य की निर्मित्ती चित्रकार के स्वप्न का विलोम बनकर सामने आती है बल्कि ये दृश्य हवा में तैरते उन बुलबुलों के समान होते हैं जिनके होने में मौलिक रूप से सर्वप्रथम उसी चित्रकार के द्रष्टा भाव का अधिकार होता है। इन दृश्यों की दरअसल कोई सीमा नहीं होती और इसलिए ही एक चित्रकार के चित्र बार-बार, लगभग हर बार अलग स्तर पर नवीन अर्थों में खुलते हैं।

रजा के चित्रों के बहुआयामी संसार में हर एक दुनिया के अपने कई आयाम हैं। अपने देवता, सूर्य और चन्द्रमा हैं। अपनी चित्रकला के माध्यम से रजा ने भारत और फ्रांस दोनों देशों के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक सम्बन्धों में एक सुगढ़ और अनगढ़ तत्त्वों की आपूर्ति की है। रजा के चित्र ज्यामिति के आंतरिक जालों में महज रंगों की जुंबिश या गुंजाईश नहीं है बल्कि उच्च आध्यात्मिक जागृति का संकेत भी हैं और बोध भी जो अपने अर्थ खोजने में अन्य कई दृश्यों का निर्माण करते हैं। दृश्यों में दृश्य का होना उच्च कला की श्रेयस भंगिमा है।

रजा के चित्रों में ध्वनि के सूक्ष्म कण अनुभूत होते हैं। वे सूर्य, शहर, स्पंदन, माँ, सफेद फूल, समुद्र और ऐसे अनेक प्रतीकों में प्रतिबिम्बित है जो अंततः परम शांति की तरफ इशारा करते हैं। इस परम ध्वनि का चक्र महसूस करते हुए एक स्थिर कंपन का अहसास होता है। जबकि कंपन स्थिर नहीं होती लेकिन यही पैराडॉक्स रजा के चित्रों की श्रेष्ठता का बोध भी कराता है। इनमें ठहरी अवर्णनीय शांति मुझे फिल्मकार बेला टार की फिल्म 'रिकमाइस्टर हार्मनीज' की याद दिलाती है जो रजा के चित्रों, विशेष रूप से बिन्दु केन्द्रित चित्रों में, चेतना की सूक्ष्म आवृति रचते हुए आँखों के सामने विराट दृश्य का निर्माण करती है। यहाँ कला कोई प्रश्न नहीं उपजती बल्कि यह शांति हर प्रश्न को खण्डित कर देती है जैसे एक साधक अपनी साधना के चरम पर पहुंच कर शांत चित्त हो जाता है। रजा के चित्र उसी शांति की खोज का प्रतीक हैं। लेकिन जहां दृश्यों में गहनतम विश्राम है वहीं दूसरी ओर वे अपने आसपास घटित होने वाली घटनाओं से विचलित भी होते थे और अपने चित्रों में अमूर्तन रचकर अपने मनोभावों को तीक्ष्णता के गहरे रंगों से रचते थे।

रजा के चित्रों में एक बड़ा परिवर्तन तब आया जब उन्होंने आधुनिक अमूर्तन की ओर अपना रुख किया। वे धीरे-धीरे अपने चित्रों को आकृतियों से मुक्त करने लगे थे। मध्य भारत में अपना बचपन बिताने वाले सैयद हैदर रजा के भीतर रंगों के प्रति जो भाषा भारत रहते उपजी उसे विस्तार मिला फ्रांस के बहुआयामी कलात्मक परिवेश में। फ्रांस में उन्होंने रंगों को अपने चित्रों में बरतने का नवीन हुनर गढ़ लिया। उन्होंने तैल रंगों की जगह एक्रेलिक रंगों को अपनी कल्पनाओं को विस्तार रूप देने का माध्यम बनाया।

सैयद हैदर रजा के चित्रों में 'बिन्दु' का होना उस स्वपन की जागृति के समान प्रतीत होता है जिसे उनके अवचेतन ने ग्रहण किया था। यह एक ऐसा बीज था जो उनके अबोध चित्त में बो दिया गया था। वर्षों बाद जब फ्रांस जैसे कला को समर्पित देश में वे अपनी कला में व्यक्तिगत योगदान के परिप्रेक्ष्य से अपनी जड़ों को तलाश रहे थे तो दरअसल यह खोज एक चित्रकार की बेचैनी थी जिसे वे अपनी संगठित मान्यताओं के पार देखना चाहते थे। उस समय वे अपनी कला में अनंत की अवधारणा को तलाशने के चरण में थे। उन्होंने बिन्दु पर ध्यान केन्द्रित करने के आध्यात्मिक अभ्यास को एक साधक की तरह साधा। रजा ने





बिन्दु में अपने भविष्य की कला को पहचाना और अंतिम समय तक उसका अनुसरण किया। कोई भी कला जिसने अपने उच्च आयाम को पा लिया हो कभी आपकी जिज्ञासा को पूरी तरह समाप्त नहीं करती बल्कि नये प्रश्नों और जिज्ञासाओं के साथ आपको अकेला छोड़ देती है। रजा का रचा बिन्दु केन्द्रित एक चित्र 'इनऑडिबल साउंडः न सुनी जा सकने वाली आवाज' के रंग-विस्तार और अंतःध्वनि के सूक्ष्म कणों की शब्द देते हुए हिन्दी भाषा के समादृत लेखक-कवि उदयन वाजपेयी ने लिखा है, 'पहले इस चित्र को ध्यान से देखो। कुछ देर ध्यान से देखते रहो। चित्र के ठीक बीच का काला गोला अपनी ही जगह धड़कता-सा महसूस होता है। यह मुझे लगता है, शायद तुम्हें भी लगे या शायद ना लगे। उसके हर तरफ हल्का पीला रंग लगा है। धड़कते गोले या कह लें बिन्दु-नाद से नाद की उत्पत्ति शुरू नहीं हुई है। अभी तक धड़कन आवाज नहीं बन पायी है। और अगर बन गयी है तो वह सुनायी नहीं दे रही। वह आवाज तो बन गई है पर इतनी जोर की नहीं कि उसे सुना जा सके। बिन्दु-नाद का कम्पन दिखायी दे रहा है पर सुनायी नहीं देता।'

रजा ने अपने चित्रों में बिन्दु को बार बार दोहराया है। यह दोहराव ऐसा लगता है जैसे संगीत की एक धुन अपना अंतरा बार-बार दोहराती है। इस पुनरावृत्ति में संगीत की स्वर लहरियाँ सुनने के सौंदर्य को भटकने नहीं देती। रजा ने भी पुनरावृत्ति के अर्थ को स्पष्ट करते हुए उसे ऊर्जा और चेतना की क्षमताओं से जोड़ कर देखने का प्रयास किया। उन्होंने माना कि फॉर्म के अपने दोहराव के लिए मुझे कोई खेद नहीं है। बिंदु की पुनरावृत्ति से ऊर्जा, तीव्रता और गहराई को प्राप्त किया जा सकता है जैसा कि जपमाला के माध्यम से किसी शब्द या शब्दांश के दोहराव से प्राप्त किया जाता है जब तक कि उच्च चेतना की स्थिति को प्राप्त न कर लिया जाये।'

जिन लोगों को रजा का सान्निध्य मिला, जिन्होंने उनके साथ समय बिताया वे बेशक उनके व्यक्तित्व से परिचित होंगे लेकिन रजा को उस दृष्टि से देखना, उस जगह से देखना जहां दुनियावी प्रचलित तुलनाएँ और धर्म की गढ़ी जा चुकी परिभाषायें धुंधली दिखाई दें, वहां वे एक कलाकार, एक चित्रकार की तरह अपनी विराट उपस्थिति में दर्ज.हैं। ऐसा लगता है जैसे अराजक और स्वेच्छाचारी संसार में यह एक अप्रतिम घटना घटी है। मेरे लिए रजा तब और भी अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं जब वे धर्मों के बीच शाश्वत सत्य की रोशनी के भेद मिटा देते हैं। ईसाई मूल्यों को समझने के साथ हिन्दू आस्थाओं में विश्वास और इस्लाम की मयार्दा में स्वयं का परिष्कार उन्हें धर्म से अलग ले जाकर 'मनुष्यता सबसे परम सत्य है' की 'यथार्थवादी कल्पना' के बीच ले आता है। रजा फाउण्डेशन के प्रबन्ध न्यासी अशोक वाजपेयी ने एक लंबा अरसा सैयद हैदर रजा के साथ बिताया है। उन्होंने रजा के कलात्मक पक्षों को न सिर्फ.गहराई से जानने का प्रयास किया बल्कि रजा को अपने चित्रों में डूबे सत्रों में घंटों बैठे देखते हुए उनकी प्रतीक्षा भी की है। ऐसा संयम और करुणा संवेदनशील मनुष्यों के भीतर शायद कला ही ला सकती है। इस वर्ष फ्रांस में रजा के चित्रों की उपस्थिति का अर्थ केवल एक प्रदर्शनी नहीं है बल्कि सामूहिकता के रूप में कला, साहित्य और अन्य विकसित विधाओं के समावेश के रूप में भी इसे याद किया जाता रहेगा। रजा के चित्रों की इस सबसे बड़ी प्रदर्शनी के शुभारम्भ के अवसर पर फ्रांस के शहर पेरिस में भारत के कुछ गण्यमान्य लोगों की भी उपस्थिति रही जिनमें विशिष्ट पत्रकार, विख्यात चित्रकार, साहित्य से जुड़े बुद्धिजीवी, और हिन्दी के कुछ युवा लेखक पेरिस के भव्य सेंटर पोम्पीदू में मौजूद रहे।

---

# अंधेरे समय का प्रतिरोध है प्रेम

## विशेष

**डॉ. चित्रा माली**



14 फरवरी 'वेलेंटाइन डे' प्रेम के इजहार का दिन है,वह प्रेम जो पितृसत्तात्मक व्यवस्था के विरुद्ध प्रतिरोध करता है और साथ ही हर उस व्यवस्था का विरोध भी करता है जो शोषण और दमन पर टिकी व्यवस्था है । इसलिए इस दिन प्रेम का विरोध एक तरह से पितृसत्ता का समर्थन भी है । यह हर दिन की तरह एक प्रेम का दिन अवश्य है,लेकिन इस दिन के मार्फत हम सब प्रेम करना सीखते हैं,जो लगातार होते मायावी समय में हम भूलते जा रहे हैं। इस दिन को कई तर्कों से बाजार आधारित भी सिद्ध किया जा सकता है जो इसका एक पक्ष भी है लेकिन इस बाजार आधारित व्यवस्था में अगर लोग अपनों के लिए कुछ खास करते हैं जिससे उन्हें अच्छा लगे या वे अपने आप को खास महसूस करें तो इसमें बुराई भी क्या है । कुछ लोग जो इसे पाश्चात्य संस्कृति से संचालित बताते हैं और भारतीय संस्कृति को इससे खतरा है यह बताते हैं तो उन्हें हमारी संस्कृति की सही समझ ही नहीं है,हमारी संस्कृति प्रेम व सहिष्णुता की संस्कृति है जो अपने में सभी को समाहित कर लेती है, चाहे वह किसी भी धर्म,जाति, राष्ट्र,या नस्ल का हो,इसी संस्कृति के समर्थक गांधी हैं । ये हमारे अधिक मनुष्य होने का भी प्रमाण भी है जिसमें हम प्रेम करना सीख रहे होते हैं, प्रेम का लगातार अभ्यास करने का प्रयास भी करते है । जब आप प्रेम कर रहे होते हैं तो पूरी कायनात से प्रेम कर रहे होते हैं यह प्रेम मुक्ति का मार्ग भी है जब आप स्वतंत्र होकर स्त्री-पुरूष के भेद से परे पहुंच जाते हैं । ये महज प्रेयसी का प्रेम न होकर मानवता की ओर ले जाने वाला भी है । वैज्ञानिक बताते हैं कि जिन अणुओं से मिलकर हमारी पृथ्वी की रचना हुई है उनके बीच ससंजक या संसक्तिशील बल विद्यमान न हो तो पृथ्वी खंड खंड हो जाएगी और हमारा अस्तित्व समाप्त हो जाएगा । जिस प्रकार जड़ पदार्थों में ससंजक बल है उसी प्रकार सभी चेतन पदार्थों में भी यह बल उपस्थित होना चाहिए, चेतन पदार्थों में इस संसक्तिशील बल का नाम 'प्रेम' है । हमें इसके दर्शन हमारे आस पास के विभिन्न रिश्तों में होते हैं, लेकिन हमें समस्त प्राणी-जगत के बीच इस बल के प्रयोग का अभ्यास डालना चाहिए। जहां प्रेम है वहां जीवन है; घृणा विनाश की ओर ले जाती है । गांधी जी का मानना था कि ‟मानव जाति की ऊर्जा का कुल योग हमारे अपकर्ष के लिए नहीं, अपितु हमारे उत्कर्ष के लिए है और यह प्रेम के नियम के अचेतन किंतु निश्चित प्रवर्तन का ही परिणाम है । मात्र यह तथ्य कि मानव जाति का अस्तित्व बरकरार है, इस बात का प्रमाण है कि संसक्तिशील बल विच्छेदक बल से अधिक शक्तिशाली है, अभिकेंद्री-बल अपकेंद्री-बल से बढ़कर है । इतिहास एक के बाद एक लड़े गए युद्धों का अभिलेख है, किंतु हम एक नये इतिहास के निर्माण का प्रयास कर रहे हैं - यह बात मैं,कम से कम जहां तक अहिंसा का संबंध है, राष्ट्रीय मानस के प्रतिनिधि के रूप में कह रहा हूं । मैंने तलवार के सिद्धांत को तर्क की तुला पर तौलकर देख लिया है, मैंने उसकी संभावनाओं पर विचार कर लिया है और मैं इस निष्कर्ष पर पंहुचा हूं कि मानव का भविष्य 'जंगल के नियम' के स्थान पर 'प्रेम के नियम' की प्रतिष्ठा करने में ही निहित है । प्रेम सृष्टि का नियम है, प्रेम हमेशा देता है । प्रेम स्वयं पीड़ा भोगता है, कभी दोष प्रकट नहीं करता,कभी बदला नहीं लेता है‟ । गांधी प्रेम के सार्वभौमिक नियम में विश्वास करते थे वे किसी तरह के भेदभावों को नहीं मानते थे । गांधी का स्पष्ट कहना था कि 'मैंने रिश्तेदारों और अजनबियों, देशवासियों और विदेशियों, श्वेतों और अश्वेतों, हिंदुओं और मुसलमानों, पारसियों,ईसाइयों,या यहूदियों आदि अन्य धर्मावलंबियों के बीच कोई भेद नहीं किया है । हमें अपने प्रेम की परिधि का विस्तार तब तक करते जाना चाहिए जब तक उसमें पूरा गांव न समा जाए । इसी प्रकार गांव को शहर,शहर को प्रांत, प्रांत को देश और देश को समूची दुनिया को अपने प्रेम के राज्य में समेट लेना चाहिए । हम ऐसे समय में रह रहे हैं जब मूल्य बड़ी तेजी से बदल रहे हैं । हमें धीमें परिणामों में संतोष नहीं हो रहा है । हमें केवल अपनी जाति के लोगों या अपने ही देश के कल्याण से संतोष नहीं हो रहा है । प्रेम के सार्वभौमिक नियम के तहत हम समूची मानवता के लिए सोचते हैं या सोचना चाहते हैं। ये बातें मानवता के लक्ष्य की खोज के लिए अत्यंत लाभकारी हैं।' वर्तमान समय में प्रेम के इस सार्वभौमिक नियम का लगातार ह्रास होता दिखाई दे रहा है जिसको गांधी लगातार अपने अभ्यासों में शामिल कर सामान्य जन तक पहुंचा रहे थे । गांधी जिसे 'प्रेम का नियम' या संसक्तिशील का नियम कह रहे थे वो विश्व शांति और समूची मानव जाति के लिए आवश्यक है । साथ ही गांधी इतिहास के प्रमाणों से भी सिद्ध करते हैं कि अगर हमारा इतिहास युद्धों का इतिहास होता तो समूची मानव जाति का समूल नाश हो गया होता और आज मानव जाति का अस्तित्व ही नहीं रहता और आज अगर हमारा अस्तित्व है तो वह प्रेम,परस्पर सहयोग और सह अस्तित्व से ही संभव है । प्रेम के नियम का सार्वभौमिकता का सिद्धांत गांधी को ईसा मसीह के समक्ष ले जाता है । पश्चिम में गांधी को गांधी के समूचे दर्शन को ईसा की तरह ही माना जाता है जो अपनों के लिए बिना किसी विरोध के सलीब पर चढ़ने के लिए तैयार हैं लेकिन भारत में आज भी गांधी का विरोध,गांधी के विचारों का विरोध किया जाता है उसी तरह इस प्रेम दिवस का विरोध भी कुछ लोगों के द्वारा किया जाता रहा है जो प्रेम से डरते हैं दरअसल वो उन विचारों से डरते हैं जो समतामूलक समाज की रचना के लिए सहयोगी तत्व हैं, वे स्त्री की स्वतंत्रता उनके निर्णय लेने की क्षमता से डरते उन्हें भय है कि अगर स्त्री मुक्त हो गई तो उसे बांधना मुश्किल होगा ये सब डर पितृसत्ता की अधीनता के डर हैं जो उन्हें ऑनर किलिंग तक ले जाता है भारतीय समाज व्यवस्था की संरचना पितृसत्तात्मक है । पितृसत्ता का मतलब पिता का शासन है और उस पर पुत्र या किसी अन्य पुरुष का उत्तराधिकार । यहां पिता का अर्थ जैविक पिता के साथ साथ सामाजिक इकाई के पुरूष नेतृत्व से भी है जो पारिवारिक इकाई के साथ किसी समाज,समुदाय या कबीले का भी प्रमुख हैं । समाज विज्ञान इस अभिव्यक्ति का प्रयोग लैंगिक - संबंधों की एक प्रणाली के लिए करता है जिसमें जेंडर - विषमता हावी रहती है । इस व्यवस्था में स्त्रियों को प्रेम करने और अपने संबंध में निर्णय लेने का अधिकार नहीं होता है। सिल्विया वेबल के अनुसार,‟पितृसत्ता एक सामाजिक संरचना और आचरण का नाम है,जिसमें पुरुष महिलाओं का शोषण करते हैं । यह व्यवस्था पुरुष और महिलाओं के बीच अन्यायपूर्ण शक्ति संबंधों को दशार्ती है और समाज में पुरुषत्व और स्त्रीत्व के बीच गहरी लकीर को प्रदर्शित करती है‟। जेंडर आधारित इस समाज व्यवस्था में पुरुषत्व और स्त्रीत्व के लिए विषमतापूर्ण विशिष्टताओं को दशार्या जाता है । जिसमें पुरुषों को प्रथम श्रेणी का और स्त्रियों को दूसरे या निम्न दर्जे का समझा जाता है । इसमें पुरुषों को स्त्रियों से श्रेष्ठ बतलाया जाता है और इसी श्रेष्ठताबोध के लिए लगातार समाज और परिवार के द्वारा पुरुषों की कंडीशनिंग की जाती रहती है । जिसमें उन्हें अपनी वास्तविक प्रकृति से अलग गुणों को आत्मसात करना अनिवार्य होता है । जिस प्रकार स्त्री पैदा नहीं होती बनाई जाती है उसी प्रकार से पुरुषों को भी गढ़ा जाता है । उन्हें हिंसक, क्रूर, आक्रामक, निष्ठुर, शोषक, असंवेदनशील इसी सामाजिक कंडीशनिंग के तहत बनाया जाता है । स्त्रियों और पुरुषों में जेंडर (लिंग) आधारित भिन्नताएं है जो प्राकृतिक है लेकिन सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से जब इसे परिभाषित किया जाता है तो यह जटिलताओं और विषमताओं को उत्पन्न करते हैं । अलग अलग धर्मों में, रीति रिवाज में संस्कृतियों में जेंडर अपने विविध रूपों में प्रकट होता है । हमारे समाज में स्त्रीत्व और पुरुषत्व की सांस्कृतिक समझ और सामाजिक संबंधों के आचार - विचार और व्यवहार के द्वारा एक मनुष्य या प्राणी,स्त्री और पुरुष बन जाते हैं । इसी प्रकार का विभेद मनुष्य पशुओं के साथ भी करता है। पीटर सिंगर कहते है कि जिस प्रकार नस्लवादी लोग अपनी नस्ल के हितों को दूसरी नस्ल के हितों पर वरीयता देते हैं, उसी प्रकार मानव - जाति अपने हितों के लिए पशु - जाति के प्रति भेदभावपूर्ण व्यवहार करती है । पीटर सिंगर इसे मनुष्य जाति का जातिवाद ( स्स्ीूरि२) स्पीसिसिज्म कहते हैं, जो उसी प्रकार अनैतिक है जैसे नस्लवाद या अन्य असमानता मूलक अवधारणाएं तथा आचरण । भारतीय समाज में जिस प्रकार की श्रेणीबद्धता है उसी तरह की श्रेणीबद्धता वो पशुओं पर भी लागू करने की कोशिश कर रहा है । किसी एक पशु को श्रेष्ठ और अन्य को कमतर बतलाना जो एनिमल लिबरेशन और उनके प्रति प्रेक्टिकल एथिक्स के भी खिलाफ है । इस प्रकार का भेदभाव समतामूलक समाज और सभ्य समाज के भी खिलाफ है । एक सभ्य और समतामूलक समाज के लिए प्रेम अनिवार्य शर्त है । भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी और फिरोज गांधी जी की सगाई के विरोध में कई पत्र गांधी जी के पास आए थे इन पत्रों के जवाब में गांधी जी ने 2 मार्च 1942 को सेवाग्राम से एक लंबा पत्र सभी विरोधियों को संबोधित करते हुए लिखा था जिसका सर यह था 'जैसे जैसे समय बीतता जाएगा,इस तरह के विवाह बढ़ेंगे,और उनसे समाज को फायदा ही होगा । जब सहिष्णुता बढ़कर सर्वधर्म समभाव में बदल जाएगी,तो ऐसे विवाह स्वागत योग्य माने जाएंगे। आने वाले समाज की नवरचना में जो धर्म संकुचित रहेगा और बुद्धि की कसौटी पर खरा नहीं उतरेगा,वह टिक नहीं सकेगा । मेरी कल्पना का हिन्दूधर्म,मात्र एक संकुचित संप्रदाय नहीं है वह तो एक महान और सतत विकास का प्रतीक है और काल की तरह सनातन है । मुझे मिले हुए पत्रों से अज्ञान,असहिष्णुता और अरुचि के भाव टपकते हैं, उनमें एक प्रकार की ऐसी अस्पृश्यता है, जिसे कोई ठीक नाम देना मुश्किल है, लेकिन इसीलिए वह भयावह भी है।'

**( लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# संदिग्ध परिस्थितियों में श्रमिक की मौत

## परिजनों ने ठंड से मौत होने की आशंका जताई

**कलवारी।** विकासखंड राजगढ़ के ग्राम सभा कलवारी माफी निवासी 53 वर्षीय अधेड़ रामा पुत्र राम लखन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। रामा छत ढ़लाई का काम करवाता था। रविवार की देर रात ढ़लाई का काम करके पिता-पुत्र दोनों घर पहुंचे थे, खाना खाने के बाद परिवार के लोग सोने चले गए। आधी रात को अचानक रामा की तबीयत बिगड़ने पर परिजन निजी चिकित्सालय ले गए। जहां पर डॉक्टर ने स्थिति असामान्य होने पर अन्यत्र रेफर कर दिया। क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों का चलन इतना बढ़ गया है कि झोलाछाप डॉक्टर भोली-भाली जनता का खून चूसने के बाद ही अन्यत्र रेफर करते हैं, तब तक मरीज की स्थिति और बिगड़ जाती है। मड़िहान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचने पर डॉक्टरों ने रामा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस को सूचना देकर शव का पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक की पत्नी रजवंती का पति के मौत की खबर सुनकर रो- रो कर बुरा हाल है। वहीं मृतक को पांच लड़कियां व एक लड़का है जिसमें से तीन लड़कियों का विवाह हो चुका है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़िहान चिकित्सा प्रभारी महेंद्र प्रसाद चौधरी ने बताया कि देर रात रामा को उपचार के लिए परिजन एंबुलेंस से आए थे। रामा को मृत घोषित कर दिया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। रिपोर्ट आने पर मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## ग्राम समाज की जमीन को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद

**कलवारी।** सड़क के किनारे ग्राम समाज की जमीन पर कब्जे के लिए दो पक्षों में विवाद हो गया। मड़िहान घोरावल मार्ग स्थित कलवारी माफी गांव के गुरुदेव नगर मजरे में सोमवार को सुबह दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष गांव समाज की जमीन में कब्जा कर रहा था। तभी दूसरा पक्ष भी आकर विवाद करने लगा। विवाद बढ़ते को देखकर ग्रामीणों ने 112 नंबर को सूचित किया। मौके पर पुलिस जुटकर दोनों पक्ष को समझाया। तब जाकर मामला शांत हुआ। उपनिरीक्षक सुरेश कुमार यादव ने बताया गांव समाज की जमीन है। कई लोग चाह रहे हैं कि हम बना ले और लेखपाल के द्वारा मना किया गया था। इस जमीन पर कोई कब्जा नहीं करेगा। कुछ दिन पहले भी विवाद हुआ था। ग्रामीणों की शिकायत पर तहसील की राजस्व टीम मौके पर पहुंच कर विवाद को शांत कराया था। निर्माण कार्य रोकवाते हुए दोनों पक्षों को अभिलेख के साथ तहसील प्रस्तुत होने के लिए निर्देश भी दिया था।

## बिजली पोल से टकराया युवक, मौत

**दुखद**

**पीछे बैठा मित्र घायल**

**जमालपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जेके स्टेट हाइवे स्थित मठना गांव के पास रविवार की रात अनियंत्रित ग्लैमर बाइक सवार बिजली की पोल से टकरा गया और बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक सवार घायल साथी को ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर भर्ती कराया गया। जिसे चिकित्सक ने हालत नाजुक देख ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार पंकज कुमार 26 वर्ष पुत्र स्व रामदयाल निवासी सरेजा थाना राजपुर बक्सर अपने साथी सुनील यादव 28 वर्ष रामनगर अपने मामा के घर जा रहे थे कि अचानक मठना बाजार के पास बिजली की पोल से बाइक टकरा गई। जिससे पंकज की मौके पर मौत हो गई। वहीं सुनील यादव गंभीर रूप से चोटिल हो गए जिसे चिकित्सक ने प्रथम दृष्टया इलाज के बाद हालत नाजुक देख ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। जहां हालत नाजुक बतायी जाती है। पुलिस ने मृतक और घायल के परिजनों को दूरभाष से सूचना दिया और शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गई। मृतक पंकज अपने गांव से मित्र सुनील यादव के साथ अपनी बाइक से अपने मामा मछहट्टा रामनगर वाराणसी शादी में शामिल होने के लिए आया हुआ था। मृतक अपने पिता का एकलौता संतान था जो अविवाहित था।

### बाइकर ने साइकिल सवार को मारी टक्कर

**दो बाइक सवार समेत तीन घायल**

**जिगना।** छानबे दिन सोमवार को अपरान्ह दो बजे विन्ध्याचल थाना क्षेत्र के कलनागहरवार गांव के सामने बाइक सवार ने साइकिल सवार को टक्कर मार दिया जिससे विन्ध्याचल थाना क्षेत्र के अतरैला गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद मौर्या 53 वर्ष व जासा गांव निवासी रफीक 26 वर्ष, सेराज 20 वर्ष घायल हो गये। राजेंद्र प्रसाद पड़ोस के गांव कलनागहरवार में कोटे की दुकान पर अनाज लेने साइकिल से जा रहे थे कि वह प्रयागराज मार्ग से मीरजापुर मार्ग की तरफ जा रहे बाइक सवार गैपुरा त्रिभुवन गैस एजेंसी के सामने बाइक सवार ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे राजेंद्र प्रसाद 53 तथा बाइक सवार रफीक अली 26 पुत्र आविद अली व सेराज अली 20 पुत्र सैनूद्दीन निवासी जासाबघौरा थाना विन्ध्याचल घायल हो गए। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी गैपुरा रविकांत मिश्र ने घायलों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर (सरोंई )ले गए जहां पर डाक्टर ने राजेंद्र प्रसाद 53 वर्ष व रफीक 26 वर्ष की हालत खराब होने पर मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। वही सेराज अली को हल्की चोट आने की वजह से उनको सरोंई से मलहम पट्टी कर छोड़ दिया गया।

# विधायक व डीएम ने गर्मी में संभावित पेयजल संकट के दृष्टिगत की बैठक

**पहले से तैयारी**

**सभी बीडीओ सर्वे कर पेयजल संकट वाले ग्रामों की सूची एक सप्ताह में करायें उपलब्ध : डीएम**



बैठक को संबोधित करतीं डीएम।

**मीरजापुर।** मड़िहान तहसील अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट को देखते हुए विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे अमरेन्द्र कुमार वर्मा एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी गर्मी के दृष्टिगत ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने पर चर्चा की। उन्होने कहा कि इस साल बरसात कम होने से गर्मी के दिनों में पेयजल के संकट की सम्भावना रहेगी, इसलिए अभी से सभी तैयारी जिला प्रशासन द्वारा कर ली जाये, जिससे आने वाले गर्मी के दिनों में ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े। उन्होने कहा कि मड़िहान क्षेत्रान्तर्गत पटेहरा व राजगढ़ में पेयजल समस्या होती है, वहां पर गर्मी से पूर्व सम्बन्धित विभाग पेयजल संकट का निदान सुनिश्चित कर लिया जाय। उन्होने कहा कि जो हैण्डपम्प खराब हो उनकी एक सूची बनाकर उनको ठीक कराया जाय, खराब हैण्डपम्पों की सूची बनाते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाय कि उसमें कोई गलत रिपोटिंग न की जाय। उन्होने गलत रिपोटिंग पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि जो टैंकर पिछले वर्ष खरीदे गये थे उनकी स्थिति के बारे में प्रधानों से जानकारी प्राप्त कर लें। जिलाधिकारी ने सभी विकास खण्ड अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि अधिक पेयजल संकट वालें ग्रामों का सर्वे कर रिपोर्ट एक सप्ताह के अन्दर प्रस्तुत करें। उन्होने कहा कि खराब हैण्डपम्पों की सूची रिबोर हैण्डपम्पों की सूची अलग-अलग बनायें। उन्होने कहा कि जो हैण्डपम्प रिबोर योग्य है उनको रिबोर कराया जाय। उन्होने कहा प्रत्येक ग्राम की रिपोर्ट बनाकर कार्ययोजना प्रस्तुत करें। इस अवसर पर जिला जिला पंचायत राज अधिकारी अरविन्द कुमार एवं सभी खंड विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बोतल के पानी से बुझा रहे प्यास

**मड़िहान।** मानक से कम बरसात होने के कारण भू-गर्भ का जल स्तर तेजी से खिसक रहा है। 20 रुपये के बाटल से लोग प्यास बुझा रहे हैं। कहीं नदी-नाला तो कहीं सिचाई के लिए लगे खातों के समरसेबल सहारा बने हैं। मड़िहान में तहसील-थाना परिसर समेत अस्पताल व अन्य सरकारी कार्यालयों में पानी की समस्या बिकट हो गयी है। तहसील क्षेत्र के अधिकतम गाँवों में डेढ़ से दो सौ फीट जमीन के नीचे पानी का जलस्तर चला गया। चापाकल तो दो माह पहले ही खड़े हो गए। तहसील के इर्दगिर्द पानी न मिलने से कई दुकानदार अपनी दुकानों को बन्द कर दिए। अधिवक्ता व वादकारियों के सामने पानी की बिकट समस्या खड़ी हो गयी है। मरीजों को अस्पताल में दवा खाने के लिए घर से पानी ले आना पड़ता है। सीएचसी में एएनएम ट्रेनिंग सेंटर में 60 छात्राएं प्रशिक्षण ले रही हैं। अस्पताल प्रशासन द्वारा उनके लिए कोई प्रबन्ध नही किया जा सका। पानी के लिए प्रशिक्षुओं को पानी के लिए सुबह से शाम तक छुछुआना पड़ता है। थाना परिसर में पीएसी व पुलिस को पानी के संकट से जूझना पड़ रहा है।

## दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत, दो घायल

**चील्ह।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चील्ह गोपीगंज मार्ग पर अनुरुद्धपुर पूरब पट्टी नएपुर गांव के पास दो बाईको के आमने सामने टक्कर में एक बाइक सवार 40 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरे बाइक पर सवार दो घायल हो गए। जिसमें एक की हालत गंभीर बताई जाती है। जानकारी के अनुसार रविवार की रात्रि लगभग 10:30 बजे अभय कुमार विश्वकर्मा 40 निवासी ग्राम श्रीपट्टी थाना चील्ह क्षेत्र के हनुमान नगर एक विवाह में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहा था कि चील्ह गोपीगंज मार्ग पर अनिरुद्ध पुर पूरबपट्टी नएपुर गांव के सामने से विंध्याचल से एक बारात में शरीक होकर लौट रहा एक बाइक पर दो सगे भाई अमित कुमार गुप्ता 45 एवं अनिल कुमार गुप्ता 32 निवासी बिहरोजपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही से आमने-सामने टक्कर हो गई जिससे बाइक सवार अभय कुमार विश्वकर्मा 40 पुत्र स्वर्गीय राधे श्याम विश्वकर्मा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पाकर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई तथा स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी चेतगंज पुलिस को दिया। घटना की सूचना पर चेतगंज पुलिस चौकी प्रभारी हरिकेश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस की मदद से तीनों को उपचार हेतु मंडली चिकित्सालय मीरजापुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने अभय कुमार विश्वकर्मा को मृत घोषित कर दिया तथा अमित कुमार गुप्ता की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद उसे बीएचयू ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जबकि अनिल कुमार गुप्ता की मंडलीय चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। अभय कुमार विश्वकर्मा अपने चार भाइयों में तीसरे नंबर का भाई था। अभय कुमार विश्वकर्मा को दो पुत्र व एक पुत्री है। मौत की जानकारी पर उनकी पत्नी नगीना देवी बच्चों तथा परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने अभय कुमार विश्वकर्मा का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## दुष्कर्म का केस दर्ज न होने पर परिजनों ने किया प्रदर्शन

### एसओ अदलहाट को निलम्बित करने की मांग

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** अदलहाट थाना क्षेत्र के एक गाँव मे बीते दिनों पहले हुए दुराचार की घटना को लेकर परिजनों ने सौंप न्याय की गुहार लगाई। परिजनों के मुताबिक बीते 28 जनवरी को लड़की शौंच के लिए सीवान में गयी हुई थी जहां पहले से ही घात लगाए बैठे विपक्षी दीपक उर्फ दीपू पुत्र स्व कल्लू प्रसाद निवासी मौजा भुइली खास थाना अदलहाट ने उसकी पुत्री को घसीटकर जबरन बलात्कार किया। परिजनों ने आरोप लगाते हुए बताया कि इस बावत घटना की



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते परिजन व ग्रामीण

अदलहाट थाने में न्याय की गुहार लगाई थी। जहां पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज नही किया गया था। जिसको लेकर परिजन व ग्रामीणों ने सोमवार को विपक्षियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने व थानाध्यक्ष को निलंबित करने की मांग को लेकर एस पी कार्यालय में प्रदर्शन करते हुए पत्रक जानकारी थानाध्यक्ष अदलहाट को दी गयी जिसमें थानाध्यक्ष ने घोर लापरवाही करते हुए विपक्षी का ही साथ दे रहे हैं। जिसको लेकर परिजन व ग्रामीणों ने एसपी आफिस के सामने पत्रक देकर न्याय की गुहार लगाते हुए थानाध्यक्ष के खिलाफ निलम्बन की कार्यवाही की मांग की।

### महिला के साथ छिनैती का वीडीओ हुआ वायरल

**मीरजापुर।** विंध्याचल कोतवाली थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन रोड पर महिलाओं के साथ बाइक सवार युवकों ने छिनती किया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पीड़ित अजय गोस्वामी ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के रोडवेज निवासी अजय गोस्वामी पुत्र स्वर्गीय अशोक गोस्वामी का परिवार विगत दिनों रेहड़ा चुंगी के पास स्थित एक होटल में मांगलिक कार्यक्रम समारोह में परिवार शामिल हुआ था। देर रात लौटते समय रेलवे स्टेशन मार्ग पर बाइक सवार अज्ञात युवकों ने झपट्टा मारकर मोबाइल छीन कर हुए फरार हो गये थे। पीड़ित ने जिसकी सूचना विंध्याचल कोतवाली में अज्ञात मोटरसाइकिल युवकों के खिलाफ दी गई। बाइक सवार अज्ञात युवकों छिनैती करते हुए सोशल मीडिया पर सोमवार की दोपहर वीडियो वायरल हो गया। थाना प्रभारी अतुल राय ने बताया कि अज्ञात बदमाशों ने बाइक सवार महिलाओं के साथ छिनैती की गई है। पीड़ित परिवार की ओर से तहरीर मिली है मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# समाज में अमर्यादित व जातिगत वैमनस्यता फैला रहे हैं भागवत

## भागवत पर एफआईआर दर्ज कर करें कार्रवाई

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** आरएसएस प्रमुख व सरसंघचालक मोहन भागवत द्वारा ब्राह्मण समाज के प्रति विवादित टिप्पणी समाज में ऊँच-नीच की श्रेणी भगवान ने नहीं पंडितों ने बनाई की अमर्यादित एवं समाज में जाति वैमनस्यता फैलाने वाले टिप्पणी के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण कल्याण संस्थान के तत्वावधान में सैकड़ों ब्राह्मण बंधुओं द्वारा सोमवार जिला मुख्यालय में प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों से सम्बन्धित राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन पत्र जिलाधिकारी के प्रतिनिधि सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया तथा आरएसएस प्रमुख एवं सर संघचालक मोहन भागवत के बयान की घोर भर्त्सना एवं निन्दा किया गया। इस दौरान ब्राह्मणों द्वारा आरएसएस प्रमुख



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते समाज के पदाधिकारी

एवं सरसंघचालक मोहन भागवत के बयान पर जोरदार नारेबाजी करते हुए तत्काल इस बयान को वापस लेने की मांग किया गया। मोहन भागवत का बयान ब्राहमण समाज को अपमानित करने के लिए तथा धर्मशास्त्रों के विरूद्ध बयान है। उनके द्वारा समाज में ऊँच नीच की श्रेणी भगवान ने नहीं पंडितों ने बनाई का बयान निःसंदेह ब्राह्मण समाज को अपमानित करने के लिए दिया गया। इसकी जितनी निन्दा की जाय कम है। उन्होंने इस बयान पर तत्काल एफआईआर दर्ज करके कार्यवाही की मांग किया।

# विंध्याचल में खनन माफिया बने पहेली


**चल रहा अवैध खनन**

**पहाड़ तोड़ने की शिकायत पर पहुंचे वन दरोगा को सटाया गया था तमंचा**

**थाने में मामला दर्ज नतीजा टांय-टांय -फिस्स**

**पहाड़ तोड़ने, रेत खोदने का काम जारी**

**जनसंदेश न्यूज**



अवैध खनन के बाद पड़े पत्थर।

**मीरजापुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में सज रहे विंध्याचल क्षेत्र में पहाड़ से लेकर गंगा नदी तक अवैध खनन जारी है। जिसके आका के सामने सारी संवैधानिक शक्तियां निष्क्रिय हो जा रही हैं। अवैध खनन में लिप्त आका के मनबढ़ कारिंदों की हिम्मत का आकलन इसी से किया जा सकता हैं कि 25 सितम्बर 2022 को अवैध खनन रुकवाने के लिए पहुंचे वन विभाग के ही कर्मचारी को तमंचा सटाकर जान से मारने की धमकी दे दी गई। मामला थाना में दर्ज हुआ। नतीजा आज भी खनन जारी है।

पहाड़ ही नहीं जनाब, गंगा नदी के तट से बिना किसी अनुमति के बालू का खनन डंके की चोट पर किया जा रहा है। बालू लदे वाहन पुलिस के सामने से दिन रात फरार्टे भर रही हैं। मजाल है इन वाहनों को रोककर कागजों की जांच की जाए। क्षेत्र में एक नहीं तमाम जगहों पर बालू का खनन धड़ल्ले से किया जा रहा है। दिन के साथ ही अंधेरा होते ही यह वाहन कतार में सड़क पर दौड़ने लगते हैं। क्षेत्र के नदिनी, जोपा, नौगांव आदि स्थानों पर थोड़ी-थोड़ी दूर पर जेसीबी और पोकलैंड मशीन लगाकर बालू का अवैध खनन किया जा रहा है। राष्ट्रीय नदी गंगा में खनन पर प्रतिबंध के बावजूद माफिया दिन-रात अपनी करनी में लगे हैं। जबकि नियमों के पालन का जिम्मा सम्हालने वाले कुंभकर्णी निद्रा में लीन हैं। विंध्याचल थाना क्षेत्र के गैपुरा चौकी, नदिनी चौकी, अष्टभुजा चौकी, विंध्याचल थाना, कटरा कोतवाली के नटवा चौकी, शास्त्री सेतु पुलिस चौकी के सामने से गुजर रही हैं। बाढ़ के समय तराई इलाकों के खेतों में बड़े पैमाने पर बालू जमा हो जाती है। इसके लिए नियम है कि किसान को तीन महीने का लाइसेंस दिया जाता हैं।

इस दौरान किसान खेत से बालू निकलवा सकता है। क्षेत्र के करीब दर्जन भर इलाकों में अवैध खनन किया जा रहा है। वन दरोगा विंध्याचल सेक्शन पंच बहादुर सिंह 25 सितम्बर 2022 को खनन की शिकायत पर वन क्षेत्र बघरा तिवारी पहुंचे थे। थोड़ी ही देर में वहां महुआरी कला निवासी पांच-छह लोगों ने गाली गलौज करते हुए तमंचा सटा कर जान से मारने की धमकी दी थी। मामला थाना में दर्ज कराया गया। नतीजा यह रहा कि आज भी पहाड़ को तोड़ने और नदी से रेत निकालने का काम जारी है।

## विभागीय समन्वय से ही दूर होगा कुपोषण : मण्डलायुक्त

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 ने आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डल के तीनों जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारियों सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर पोषण मिशन कार्यक्रम तथा कुपोषित बच्चों की देखभाल के सम्बन्ध में की जा रही कार्यवाहियों के प्रगति कार्य की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि विभागीय समन्वय स्थापित करते हुये एवं अपने जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने से ही मण्डल को कुपोषण मुक्त बनाया जा सकता हैं। मण्डलायुक्त ने सभी जिला कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि शून्य से छः माह तथा छः माह से तीन वर्ष एवं तीन वर्ष से छः वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रो में नियमानुसार स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाय तथा उनका वजन कराते हुये विस्तृत रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत किया जाय। उन्होने कहा कि इन बच्चों को दी जाने वाली पौष्टिक आहार एवं आयरन की गोली सिरप उपलब्ध कराते हुये अभिभावकों को दवा खिलाने के लिये जागरूक किया जाय। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान कोई बच्चा कुपोषित की श्रेणी में पाया जाता है तो उसको प्राथमिकता के आधार पर देखभाल नियमित रूप से किया जाए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, संयुक्त विकास अधिकारी सुरेश चन्द्र मिश्र, अपर निदेशक स्वास्थ्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेन्द्र प्रसाद, जिला पंचायत राज अधिकारी अरविन्द कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद के अलावा यूनीसेफ के प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते मंडलायुक्त

## संक्षेप

### छह हजार से नहीं होगा किसानों का काम : राम आधार शास्त्री



**अदलहाट।** सोमवार को महेंद्र सिंह के आवास पर ग्राम रसूलपुर में किसान पंचायत हुई जिसकी अध्यक्षता पंडित राम आधार शास्त्री व संचालन जिला मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह ने किया। पंचायत में किसानों ने कहा साल में किसानों को 6000 रू देने से भला नहीं होगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि 10 फरवरी को किसान मजदूर महापंचायत मुजफ्फरनगर में हुई थी। जिसमें निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में और भी ताकत और मजबूती से आंदोलन होगा और 20 मार्च को दिल्ली में बहुत बड़ा आंदोलन होगा। मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि संगठन किसानों के लिए काम करती है। इसको मजबूत करने की जरूरत हैं। प्रदेश महासचिव प्रहलाद सिंह ने कहा कि किसानों को बिजली, गैस, डीजल, खाद, बीज, परिवहन भाड़ा के साथ सभी चीजों के रेट बढ़ गए लेकिन किसानों की आय बढ़ाने की 2022 में दुगुने का वादा भी फेल हो गया। प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्ध नाथ सिंह ने कहा बिजली विभाग के द्वारा किसानों की आरसी काटकर उत्पीड़न बंद किया जाय। जनपद के सभी क्रय केंद्रों पर पंजीकृत किसानों का शत प्रतिशत धान खरीदा जाए। खरीद नहीं होने की दशा में और समय बढ़ाया जाय। पूरे जनपद ही नहीं प्रदेश में छुट्टा पशुओं और जंगली जानवरों से किसानों की फसलों को बचाने के लिए ग्राम स्तर पर पहल कर इनसे बचाया जाय। इस दौरान प्रदेश महासचिव प्रहलाद सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह, मण्डल अध्यक्ष विंध्याचल अनिल सिंह, जिलाध्यक्ष कंचन सिंह फौजी, जिला कोषाध्यक्ष स्वामी दयाल सिंह, जिला सचिव पंचम सिंह, जिला सचिव रामश्रृंगार सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### पुलिस क्षेत्राधिकारी संग संतनगर की फोर्स ने जंगल मे किया काम्बिंग



**मड़िहान।** थाना संतनगर क्षेत्र में पुलिस क्षेत्राधिकारी लालगंज दीक्षांत राज की अगुवाई में थानांतर्गत सिरसी, गजरहा, लेदुकी, मठहवा, सरसंवा, नौतोरवा, पथरहिया आदि जंगलों में काम्बिंग कर ग्रामीणों व चरवाहों को रोक कर गांव की गतिविधि तथा जंगल में किसी भी प्रकार के बाहरी व्यक्तियों के दिखाई देने पर थाना संतनगर के एसयूजी फोन नम्बर 7839858905 पर काल करने की सलाह दिया। क्षेत्राधिकारी लालगंज दीक्षांत राज के साथ थानाध्यक्ष संतनगर कमल टावरी, एसआई मनोज कुमार उपाध्याय व फोर्स रही।

### जेट्रोफा खाने से लगभग दो दर्जन बच्चों की हालत गंभीर

**राजगढ़।** स्थानीय विकास क्षेत्र के करौंदा गांव में जेट्रोफा खाने से लगभग दो दर्जन बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्राथमिक विद्यालय में पढ़ रहे बच्चे खेलते वक्त स्कूल के बाहर लगे जेट्रोफा के पौधे से उसके फल को तोड़कर खाने लगे। कुछ देर बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। जिसके बाद विद्यालय में हड़कंप मच गया और आनन फानन में सभी बच्चों को एंबुलेंस की मदद से राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। खबर लिखे जाने तक बच्चों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

### हवा के झोंके ने ले ली बालिका की जान

**मीरजापुर।** चील्ह थाना क्षेत्र के चील्ह तिराहे के समीप सोमवार की दोपहर में खड़ी ई रिक्शा हवा के झोंके से पलट गया। जिससे ई रिक्शा सवार 9 वर्षीय बालिका की मौत हो गई। बताया जाता है कि चील्ह तिराहे के समीप कटरा कोतवाली क्षेत्र के राजू अपनी ई रिक्शा से पुत्री के साथ पहुंचे थे कि चील्ह तिराहे पर लगे सब्जी की दुकानों से राजू सब्जी खरीदने लगा। उसी समय दोपहर से चल रही तेज हवाओं के एक झोंके से ई रिक्शा सड़क के किनारे खाई में जा गिरा। जिससे ई रिक्शा पर सवार प्रीति 9 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घायल प्रीति को उपचार हेतु मंडल चिकित्सालय भिजवाया। जहां रास्ते में ही प्रीति को मृत्यु हो गयी। परिजन शव को आनन-फानन में लेकर दाह संस्कार के लिए चले गए। घटना के दौरान मां और एक भाई भी मौके पर मौजूद थे।

### तीन मार्च को होगा 150 जोड़ों का सामूहिक विवाह

**लालगंज।** स्थानीय विकासखंड परिषर में गरीब कन्याओं के सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। खंड विकास अधिकारी लालगंज संजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 3 मार्च को 150 जोड़ा गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाएगा जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना का लाभ लाभार्थी प्राप्त कर सकते हैं। जिसमें 96 विकास खंड हलिया विकास खंड व लालगंज विकास खंड के लाभार्थियों का एक साथ आयोजन किया जाएगा। क्षेत्र के जो भी गरीब कन्याओं का विवाह तय हो वह आवेदन करके विवाह का रजिस्टेशन कराकर 3 मार्च को सामूहिक विवाह योजना का अनुदान का लाभ ले सकता है। इसकी जानकारी खंड विकास अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव ने दिया।

### वाहनों की पुलिस ने की जांच

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी प्रभारी धनंजय सिंह अपने पुलिस बल के साथ सोमवार को दोपहर गस्त के दौरान आर्यावर्त बैंक लहंगपुर के सामने दो पहिया वाहन पर तीन सवारी दिखाई देने पर वाहन रोककर ई -चालान किया गया। गस्त के दौरान बैंक परिसर के सामने खड़ी संदिग्ध दोपहिया वाहनों की तलाशी ली गई। इस दौरान वहां पर खडी कई दोपहिया वाहन चालक चेकिंग देखकर इधर-उधर भागते देखे गए। चौकी प्रभारी ने वाहन चालकों को जागरूक करते हुए कहा कि बिना हेलमेट लगाये दो पहिया वाहन व चार पहिया वाहन बिना सीट बेल्ट लगाये न चलाएं। पकड़े जाने पर ई-चालान किया जाएगा। इस मौके पर हेड कांस्टेबल अजय यादव, पारस आदि मौजूद रहे।

### होली के मद्देनजर हुई पीस कमेटी की बैठक

**हलिया।** सोमवार को थाना परिसर में होली के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार की उपस्थिति में तथा क्षेत्र के गणमान्य लोगों के समक्ष पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने कहा कि होली का त्यौहार शांतिपूर्ण सौहार्द पूर्वक मनाया जाए। जहां कहीं अवैध मादक पदार्थ बनाए जाते हैं। उसकी सूचना पुलिस को दें नाम गोपनीय रखा जाएगा। जिससे क्षेत्र में शांति और सौहार्द कायम रहे। होलिका चिन्हित स्थानों पर लगाएं। इस दौरान धनंजय पांडेय, शिव बाबू सेठ, विजेंद्र पांडेय, विक्रम विशाल सिंह जयप्रकाश यादव सहित लोग उपस्थित रहे।

### पैसे के बंटवारे की मांग को लेकर मारपीट में एक घायल

**मीरजापुर।** विंध्याचल थाना क्षेत्र के छोटकी महुवरिया पावर हाउस गांव निवासी रवि गोस्वामी उम्र 15 वर्ष पुत्र शिव शंकर अपने दो मित्रों के साथ बैठे हुए थे। तीनों आपस में पैसों के बंटवारे को लेकर विवाद हुआ। आपस में तीनों में हुई मारपीट में रवि गोस्वामी गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विंध्याचल भर्ती किया गया जहां हालत गंभीर होने पर मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। घायल की तहरीर के आधार पर विंध्याचल पुलिस ने पूछताछ के लिए एक युवक उठाया और मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी। थाना प्रभारी अतुल राय ने बताया कि 3 मित्र आपस में पैसों को बंटवारा को लेकर मारपीट किए है। घायल की तहरीर के आधार पर एक युवक उठाया गया मामले की जांच चल रही हैं।

### 16 किमी लम्बे इमिलिया चट्टी नरायनपुर मार्ग का निर्माण प्रारंभ

**मीरजापुर।** 16 किमी लम्बा इमिलिया चट्टी नरायनपुर मार्ग का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। 9:30 मीटर सड़क को चौड़ा किया जायेगा। जिसमें 5:50 मीटर पेंटिंग होगी और साइट पटरी व नाली के लिए 1:85 मीटर अन्य भूमि पर बनेगा। जनपद की पहली नई विदेशी एफडीआर टेक्नोलॉजी से सड़क का निर्माण किया जायेगा। इसमें नीचे नई एड्हेसिव लिक्विड व सीमेंट से पीक्यूसी और उसके ऊपर अलकतरा व गिट्टी के हार्ड मिक्सर मशीन से पेंटिंग किया जायेगा। जनपद के अत्यंत सघन आबादी क्षेत्र से गुजरने वाली ओडीआर श्रेणी की इमिलिया चट्टी नरायनपुर वाया भुड़कुड़ा, बंगला, रूपौधा मार्ग जनपद स्तरीय प्रमुख मार्गों में शुमार है। इसका कार्य विगत दो-तीन वर्षों से लंबित था जो बहुप्रतीक्षित कार्य का शुभारंभ हो चुका है। इसके लिए 9:30 मीटर सड़क बनाई जाएगी जिसमें से 5:50 मीटर पक्की पेंटिंग होगी तथा शेष में दोनों किनारे पटरी और नाली का व्यवस्था की जायेगी।

### शिव शक्ति महायज्ञ के अंतिम दिन हवन व भंडारे का आयोजन

**हलिया।** कोटार नाथ शिव धाम में आयोजित सात दिवसीय शिवशक्ति महायज्ञ समापन हो गया। श्रीरामकथा के सातवें दिन 2 कुंटल तिल, जौ, तथा चावल सहित हवन-पूजन कराया गया। जिसमें नौ पंडितों द्वारा विधि विधान से यज्ञ समापन के दिन हवन पूजन किया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मुख्य यजमान अश्वनी तिवारी व धर्मपत्नी मंजू तिवारी, यज्ञाचार्य शिवशंकर शास्त्री, गुलाब सिंह, रामा आसरे मौर्य, विनोद कुमार सिंह, सुरेश मिश्रा, प्रेम बहादुर सिंह, रविशंकर तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## क्रिकेटर यशस्वी जायसवाल के दादा भगवती प्रसाद का निधन, लंबे वक्त से थे बीमार

उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के सुरयावां नगर के रहने वाले क्रिकेटर यशस्वी जायसवाल के दादा और वरिष्ठ कांग्रेस नेता भगवती प्रसाद गुप्ता (97) का सोमवार को निधन हो गया। वह काफी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई। यशस्वी इंडिया ए के पूर्व कप्तान हैं और आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हैं। भगवती प्रसाद ने सुरियावां को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने में महत्वपूर्ण निभाने के साथ ही स्वर्गीय पंडित श्यामधर मिश्र के साथ रहकर आजादी की लड़ाई भी लड़ी। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने शहीद ध्रुवलाल मेमोरियल शिक्षा निकेतन बालिका इंटर कॉलेज की स्थापना की।



# डब्ल्यूपीएल ऑक्शन में मंधाना सबसे महंगी: गार्डनर-नेटली भी 3 करोड़ से ज्यादा में बिकीं, 20 खिलाड़ी करोड़पति

## 4 देशों की कप्तानों को खरीददार नहीं मिला, वर्ल्ड चैंपियन टीम की 4 खिलाड़ी ही बिकीं

**नई दिल्ली।** पहली विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के लिए खिलाड़ियों की नीलामी आखिरी चरण पर है। मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में चल रहे इस ऑक्शन में भारत की टॉप ऑर्डर बैटर स्मृति मंधाना सबसे महंगी बिकीं हैं। उन्हें बेंगलुरु ने 3.4 करोड़ रुपए में खरीदा है। मंधाना के अलावा, एश्ले गार्डनर और नेटली सीवर ब्रंट भी 3 करोड़ रुपए से ज्यादा राशि में बिकीं। करीब 5 घंटे चले इस ऑक्शन में पिछले महीने अंडर-19 वर्ल्ड चैंपियन बनी भारतीय टीम की दस खिलाड़ी भी नहीं बिकीं। इस टीम की 4 खिलाड़ियों को ही खरीददार मिले।




महाराष्ट्र की देविका वैद्य ओपन ऑक्शन में 20वीं करोड़पति बनीं। चार भारतीय खिलाड़ियों को दो करोड़ से ज्यादा राशि मिली। लीडरशिप मटेरियल पर खरीददारों का जोर फ्रेंचाइजीज ने लीडरशिप मटेलियल, ऑलराउंडर और तेज गेंदबाजों पर खरीददारों का जोर रहा। शुरूआती 2 सेट की नीलामी में अधिकांश खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपए से ज्यादा राशि में खरीदा। अंडर-19 विमेंस वर्ल्ड कप जिताने वाली भारतीय टीम से श्वेता को 40 लाख रुपए में यूपी ने खरीदा। तेज गेंदबाज तितास साधु को 25 लाख रुपए में दिल्ली ने खरीदा। यूपी ने पार्श्वी चोपड़ा और बैटर एस यशश्री को 10-10 लाख रुपए में खरीदा। नीलामी में चार देशों की कप्तान नहीं बिकीं। इनमें साउथ अफ्रीका की सुने लुस, इंग्लैंड की हीथर नाइट, श्रीलंका की चमारी अटापट्टू और वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज शामिल रहीं।

***देविका ओपन ऑक्शन में करोड़पति बनीं***

ओपन ऑक्शन में महाराष्ट्र की देविका वैद्य को यूपी ने 1.4 करोड़ रुपए में खरीदा है। वे 20वीं करोड़पति बनीं। साथ ही अमनजोत कौर को मुंबई ने 50 लाख में खरीदा। तनुजा कंवर को गुजरात ने 50 लाख में खरीदा। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस 75 लाख रुपए में यूपी की टीम में शामिल हुईं, जबकि जॉर्जिया वेयरहम को गुजरात ने 75 लाख में ही खरीदा। वहीं, एलेश कैप्सी को दिल्ली ने 75 लाख रुपए में खरीदा।

***किस टीम ने किसे खरीदा?***

**दिल्ली कैपिटल्स** - जेमिमा रोड्रिग्ज (भारत), शेफाली वर्मा (भारत), मेग लेनिंग (ऑस्ट्रेलिया), राधा यादव (भारत), शिखा पांडे (भारत), मारिजन कैप (साउथ अफ्रीका), तितास साधु (भारत), एलीस केप्सी (इंग्लैंड), ग्रेस हैरिस (ऑस्ट्रेलिया), जसिया अख्तर (भारत), मिन्नु मानी (भारत)।

**मुंबई इंडियंस** - हरमनप्रीत कौर (भारत), नेटली सीवर (इंग्लैंड), अमीलिया केर (न्यूजीलैंड), यस्तिका भाटिया (भारत), पूजा वस्त्राकर (भारत), हीथर ग्राम (ऑस्ट्रेलिया), इजाबेल वॉन्ग (इंग्लैंड), अमनजोत कौर (भारत), धारा गुज्जर (भारत), साइका इशाक (भारत)।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु** - स्मृति मंधाना (भारत), रेणुका सिंह (भारत), सोफी डिवाइन (न्यूजीलैंड), एलीस पेरी (ऑस्ट्रेलिया), रिचा घोष (भारत), एरिन बर्न्स (ऑस्ट्रेलिया), दिशा कसत (भारत), इंद्राणी रॉय (भारत), श्रेयंका पाटिल (भारत), कनिका आहूजा (भारत), आशा शोभना (भारत)।

**यूपी वॉरियर्ज** - दीप्ति शर्मा (भारत), ताहिलीया मैक्ग्रा (ऑस्ट्रेलिया), शबनिम इस्माइल (साउथ अफ्रीका), सोफी एक्लेस्टोन (इंग्लैंड), एलीसा हिली (ऑस्ट्रेलिया), अंजलि सर्वनी (भारत), राजेश्वरी गायकवाड़ (भारत), पार्श्वी चोपड़ा (भारत), एस यशश्री (भारत), श्वेता सहरावत (भारत), पार्श्वी चोपड़ा (भारत), किरण नवगिरे (भारत), ग्रेस हैरिस (ऑस्ट्रेलिया), देविका वैद्य (भारत), लॉरेन बैल (इंग्लैंड), लक्ष्मी यादव (भारत)।

**गुजरात जायंट्स** - एश्ले गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया), बेथ मूनी (ऑस्ट्रेलिया), सोफिया डंकली (इंग्लैंड), एनाबेल सदरलैंड (ऑस्ट्रेलिया), हरलीन देओल (भारत), डेओंड्रा डॉटिन (वेस्टइंडीज), स्नेह राणा (भारत), सबिनेनी मेघना (भारत), जॉर्जिया वेयरहम (ऑस्ट्रेलिया), मानसी जोशी (भारत), दयालन हेमलता (भारत), मोनिका पटेल (भारत), तनुजा कंवर (भारत)।

## जेमिमा ने विराट के अंदाज में पाकिस्तान को धोया, एक-एक शॉट कॉपी किया आईसीसी ने शेयर किया वीडियो




महिला टी20 विश्व कप में भारत ने पाकिस्तान को हराकर विजयी आगाज किया है। 150 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने शानदार खेल दिखाया और सात विकेट से मैच अपने नाम कर लिया। इस मुकाबले में भारत के लिए जेमिमा रोड्रिग्ज और ऋचा घोष ने शानदार बल्लेबाजी की। दोनों ने चौथे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी कर 19 ओवर में ही भारत को जीत दिला दी। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम के लिए अगले दौर की राह आसान हो गई है। इस मैच में जेमिमा रोड्रिग्ज ने 38 गेंद में नाबाद 53 रन बनाए। उनकी पारी में आठ चौके शामिल थे। उन्होंने चौके के साथ ही टीम इंडिया को छह गेंद रहते जीत दिलाई। जेमिमा की इस पारी ने फैंस को विराट कोहली की नाबाद 82 रन की पारी याद दिला दी। विराट की इस पारी के चलते भारत ने टी20 विश्व कप 2022 के पहले मैच में पाकिस्तान को हराया था। महिला विश्व कप के पहले मैच में जेमिमा ने विराट कोहली के अंदाज में बल्लेबाजी की। वह कोहली की तरह ही तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आईं और मैच जिताकर ही वापस लौटीं। जेमिमा जब बल्लेबाजी के लिए आई थीं, तब भारत का स्कोर एक विकेट पर 38 रन था। इसके बाद उन्होंने एक छोर संभाला और कोहली की तरह ही भारतीय पारी को आगे बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने विराट की मेलबर्न वाली पारी से कई शॉट भी कॉपी किए। अंत में उन्हें ऋचा घोष का साथ मिला, जिन्होंने 20 गेंद में 31 रन बनाए।

## शुभमन गिल बने 'आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

### इंग्लैंड की अंडर-19 कप्तान ग्रेस स्क्रीवन्स महिला वर्ग में यह सम्मान पाने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बनी

**दुबई।** भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल को एकदिवसीय प्रारूप में लगातार अच्छी पारियां खेलने के लिए जनवरी माह का आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया जबकि इंग्लैंड की अंडर-19 कप्तान ग्रेस स्क्रीवन्स महिला वर्ग में यह सम्मान पाने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बनी। गिल ने जनवरी में सीमित ओवरों के क्रिकेट में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन किया। उन्होंने श्रीलंका और न्यूजीलैंड दोनों के खिलाफ एकदिवसीय प्रारूप में काफी रन जुटाए। 23 साल के गिल ने जनवरी में 100 से अधिक के तीन स्कोर बनाए और इस दौरान 567 रन जोड़े। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ हैदराबाद में श्रृंखला के पहले मैच में दोहरा शतक जड़ा। उन्होंने सिर्फ 149 गेंद में 28 बाउंड्री की मदद से 208 रन बनाए और इस दौरान एकदिवसीय प्रारूप में दोहरा शतक




जड़ने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। उन्होंने इसके अलावा श्रीलंका के खिलाफ 116 और न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम एकदिवसीय में 112 रन की पारी भी खेली।

***गिल ने मोहम्मद सिराज और डेवोन कॉन्वे को पीछे छोड़ा***

गिल ने न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे और हमवतन मोहम्मद सिराज को वैश्विक मतदान में पछाड़कर पहली बार आईसीसी के

### मोहम्मद सिराज और डेवोन कॉन्वे को पीछे छोड़ा

महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। इसके साथ ही वह अक्टूबर 2022 में विराट कोहली के बाद यह पुरस्कार जीतने वाले पहले भारतीय भी बने। गिल ने आईसीसी की विज्ञप्ति में कहा, जनवरी मेरे लिए विशेष माह रहा और इस पुरस्कार को जीतकर यह और यादगार हो गया। प्रदर्शन को मान्यता मिलना हमेशा अच्छा होता है और इन पारियों से मुझे काफी आत्मविश्वास मिलेगा विशेषकर घरेलू सरजमीं पर होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप से पहले। ग्रेस ने पहले अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन की बदौलत यह महिला वर्ग का पुरस्कार अपने नाम किया। उनकी अगुआई में टीम ने फाइनल में जगह बनाई जहां उसे चैंपियन बने भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। उन्नीस साल की ग्रेस ने सात पारियों में रवांडा, आयरलैंड और वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार तीन अर्धशतक सहित 41.85 की औसत से 293 रन बनाए।

उन्होंने गेंदबाजी में भी कमाल करते हुए 7.11 के औसत से नौ विकेट चटकाए। ग्रेस ने इस पुरस्कार की दौड़ में ऑस्ट्रेलिया की फोएबे लिचफील्ड और बेथ मूनी को पछाड़ा।

## धर्मशाला की बजाय इंदौर में होगा भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज का तीसरा मैच इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेला जाएगा। पहले यह मैच हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के धर्मशाला स्टेडियम में होना था, लेकिन अब इसे इंदौर में आयोजित कराया जाएगा। बीसीसीआई ने खुद ट्वीट कर यह जानकारी दी है। यह मैच एक मार्च से पांच मार्च के बीच खेला जाएगा। बीसीसीआई ने बताया है कि हिमाचल प्रदेश में खराब मौसम के कारण मैदान में घास सही तरीके से नहीं आई है और इसे पूरी तरह से आने में समय लगेगा। इस वजह से यह मैच अब इंदौर में खेला जाएगा। धर्मशाला के मैदान पर भारतीय टीम आखिरी बार पिछले साल फरवरी के महीने में खेली थी। श्रीलंका के खिलाफ दो टी20 मैच इसी मैदान पर खेले गए थे। इसके बाद हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने



मैदान में नया ड्रेनेज सिस्टम लगाने का फैसला किया। इस वजह से पूरे मैदान में खुदाई की गई। अब यह काम पूरा हो चुका है, लेकिन मैदान में घास सही तरीके से नहीं आई है। कई जगहों पर घास आना बाकी है। इस मैदान की जमीन में बालू की मात्रा ज्यादा है। ऐसे में टेस्ट मैच की मेजबानी के लिए घनी घास की जरूरत होती है। क्योंकि टेस्ट मैच पांच दिन तक चलता है और घास कम होने पर फील्डिंग के दौरान खिलाड़ी चोटिल हो सकते हैं। इसी वजह से यह मैच इंदौर में कराने का फैसला किया गया है।

# 'मैंने हमेशा खेल का आनंद लिया', इंग्लैंड के 2019 विश्व कप विजेता कप्तान इयोन मोर्गन ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से लिया संन्यास

**लंदन।** इंग्लैंड को 2019 विश्व कप जिताने वाले पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन ने सोमवार को खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। मॉर्गन ने हाल ही में समाप्त हुई एसए20 लीग में पार्ल रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करते हुए सात मैच खेले थे। मॉर्गन ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर कहा, मैं बेहद गर्व के साथ क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा करता हूं। काफी सोच-विचार के बाद मेरा मानना है कि अब उस खेल से दूर जाने का सही समय है जिसने बीते वर्षों में इतना कुछ दिया है। साल 2005 में इंग्लैंड आने से लेकर मिडलसेक्स से जुड़ने तक और एसए20 में पार्ल रॉयल्स के लिये खेलने तक, मैंने हमेशा खेल का आनंद लिया। मॉर्गन ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरूआत



आयरलैंड के लिये 2006 में स्कॉटलैंड के विरुद्ध की थी। अपने पदार्पण एकदिवसीय मैच में 99 रन बनाने के बाद उन्हें अगले साल हुए विश्व कप के लिये भी टीम में शामिल किया गया, हालांकि यहां 21 वर्षीय खब्बू बल्लेबाज प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर सके। मॉर्गन ने दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर इंग्लैंड लायन्स के लिये शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) का ध्यान अपनी ओर खींचा, जिसके बाद उन्हें टी20 विश्व कप 2007 की 15-सदस्यीय स्क्वाड में शामिल किया गया। इस घटना के कारण मॉर्गन ने आयरलैंड का दामन छोड़ दिया। उन्होंने कहा, जैसा कि हर खिलाड़ी के करियर में होता है, मेरे करियर में भी उतार-चढ़ाव आये लेकिन मेरा परिवार और मेरे दोस्त हमेशा मेरे साथ रहे। मैं विशेषकर अपनी पत्नी तारा, अपने परिवार और करीबी दोस्तों को धन्यवाद देना चाहूंगा जिन्होंने हर हाल में मेरा साथ दिया है। मॉर्गन ने जून 2022 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने से पहले 379 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। इंग्लैंड ने मॉर्गन की कप्तानी में ही 2019 में अपना पहला एकदिवसीय विश्व कप भी जीता। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद मॉर्गन ने फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलना जारी रखा। उन्होंने दुनियाभर की अलग-अलग लीगों में कुल 374 टी20 मुकाबले खेलकर 131.59 के स्ट्राइक रेट से 7780 रन बनाये।

मॉर्गन ने अपनी टीम के साथियों, कोचों और प्रशंसकों का भी धन्यवाद किया और कहा कि वह क्रिकेट की वजह से ही दुनियाभर में घूम सके और अद्भुत लोगों से मिल सके। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से मैं अपने प्रियजनों के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिता सका हूं, और मुझे उम्मीद है कि अब मैं और भी ज्यादा समय निकाल सकूंगा। बहरहाल, मुझे पेशेवर क्रिकेट खेलने से जुड़ी चुनौतियों और रोमांच की कमी महसूस होगी। मॉर्गन ने कहा, मैं भले ही अपने करियर पर विराम लगा रहा हूं, लेकिन खेल से जुड़ा रहूंगा और एक कमेंटेटर या विशेषज्ञ के तौर पर अंतरराष्ट्रीय एवं फ्रेंचाइजी टूनामेंट में प्रसारकों के साथ काम करता रहूंगा।

***इयोन मोर्गन का क्रिकेट करियर***

इयोन मोर्गन ने इंग्लैंड के लिए 225 वनडे में 13 शतकों के साथ 6957 रन बनाए हैं। कुल मिलाकर मॉर्गन के वनडे क्रिकेट में 14 शतकों के साथ 7701 रन हैं। वहीं इयोन मोर्गन ने 126 मैचों में इंग्लैंड की कप्तानी की, जिसमें उन्होंने 76 जीते और इस दौरान उनके जीत का प्रतिशत 65.25 रहा। उन्होंने अपनी कप्तानी में ही इंग्लैंड को पहला वर्ल्ड कप जिताया।

## वनडे विश्व कप टीम से बाहर होना जीवन का सबसे मुश्किल दौर, खेल छोड़ने पर विचार कर रही थी : जेमिमा रोड्रिग्स

**केपटाउन।** पिछले साल न्यूजीलैंड में वनडे विश्व कप की टीम में जगह बनाने की दौड़ में पिछड़ने से लेकर रविवार को टी20 विश्व कप में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ विजयी रन बनने तक जेमिमा रोड्रिग्स ने 12 महीने से



भी कम समय में शानदार वापसी की है। रविवार को यहां भारत के महिला टी20 विश्व कप के पहले मैच में सात विकेट की जीत में 38 गेंद में नाबाद 53 रन बनाने वाली जेमिमा ने कहा कि एक समय तो वह खेल छोड़ने के बारे में भी विचार कर रही थी। जेमिमा ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, मुझे लगता है कि पिछले साल इस समय जब मैं घर पर थी और मानसिक रूप से अच्छी स्थिति में नहीं थी क्योंकि मुझे (भारत की) 50 ओवर के विश्व कप की टीम से बाहर कर दिया गया था। यह मेरे लिए सबसे कठिन समय था लेकिन उस दौरान बहुत सारे लोग थे जिन्होंने मेरी मदद की। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो कई बार मेरे पास खुद को बताने के लिए कुछ नहीं था। कई बार मैंने हार मान ली थी। मेरे पास आगे बढ़ने की ताकत नहीं थी और मुझे पता है कि बहुत से लोग कहते हैं कि आपको खुद को प्रेरित करने की जरूरत थी पर जब कोई व्यक्ति इस तरह की चीजों से गुजरता है तो वही बता सकता है कि उसे किस चीज का सामना करना पड़ रहा है।

# हैदराबाद में खराब किस्मत के बावजूद निसान फॉमूर्ला ई टीम ने पॉइंट्स हासिल किए

**हैदराबाद।** नॉर्मन नाटो के एक अव्यवस्थित रेस में सातवां स्थान हासिल करने के साथ ही निसान फॉमूर्ला ई टीम ने पहली बार आयोजित हैदराबाद ई-प्रिक्स में पॉइंट्स हासिल किए। इस बीच, साचा फेनेस्ट्राज को पोडियम की उम्मीद थी और एक घटना में अटकने से पहले चौथे स्थान पर चल रहे थे लेकिन सीजन 9 के राउंड 4 में वापस 12 वें स्थान पर पहुंच गए। 14वें स्थान से शुरूआत के बाद, नाटो ने कार की तीव्र रफ्तार रेस को साबित करना जारी रखा। कार के टायर के पंक्चर होने और रेस के बीच में हिट होने के कारण पिट में फंसने के बावजूद, फ्रांसीसी ड्राइवर ने फील्ड पर वापसी की और सातवें स्थान के साथ टीम के लिए अपना पहला पॉइंट हासिल किया, इसके साथ ही रेस में सबसे तेज लैप के लिए बोनस पॉइंट भी हासिल किया। फेनेस्ट्राज ने क्वालीफाइंग में फिर से प्रभावित किया, इस सीजन में दूसरी बार डुअल्स में प्रगति की। हालांकि वे सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूक गए, लेकिन अन्य ड्राइवर्स के लिए ट्रैक लिमिट पेनल्टीज के कारण चौथे स्थान से रेस शुरू की। एक मजबूत शुरूआत के साथ फ्रांसीसी-अर्जेंटीनी को शुरूआती चरणों में शीर्ष-तीन को चुनौती देते देखा गया, इससे पहले कि वह दुर्भाग्य से एक घटना में फंस गए और कई पोजीशन गंवा दी तथा 12वें स्थान पर आ गए। निसान फॉमूर्ला ई टीम के टीम प्रिंसिपल और मैनेजिंग डायरेक्टर टोमासो वोल्पे ने कहा, जब हम बेहतर परफॉर्मेंस नहीं कर पाते हैं तो हम कभी भी बहाने नहीं ढूंढते हैं, लेकिन इस बार टीम ने नॉर्मन के साथ क्वालीफाई करने में एक छोटी सी समस्या के अलावा पूरे सप्ताहांत शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने आगे कहा, दोनों ड्राइवरों ने रेस में कड़ा मुकाबला किया, जिसमें साचा ने पोडियम के लिए चुनौती दी और नॉर्मन पीछे रहने के बाद कई स्थान आगे आए। दुर्भाग्य से, साचा को खुद की गलती नहीं होने के बावजूद एक शानदार परिणाम हासिल करने से रोका गया। वह निश्चित रूप से आज बहुत सारे पॉइंट्स स्कोर करने में सक्षम थे। नॉर्मन ने एक शानदार ड्राइव लगाईऔरपिट स्टॉप के बावजूद कई पोजीशन की बढ़त बनाते हुए पी7 पर समाप्त किया। हम जानते हैं कि हमारे पास एक तेज कार है, इसलिए हम केप टाउन के मुकाबले में वापसी करना चाहेंगे।




## पाकिस्तान की कप्तान बिस्माह मारूफ को वैश्विक टी20 लीग में अवसरों की कमी का मलाल

**केपटाउन।** युवा सनसनी आयशा नसीम ने भले ही टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ अपनी बल्लेबाजी से क्रिकेट जगत को प्रभावित किया हो लेकिन उनकी कप्तान बिस्माह मारूफ को इस बात का दुख है कि पाकिस्तानी महिला क्रिकेटर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी का हिस्सा नहीं होंगी। बिस्माह मारूफ (55 गेंद पर 68 रन) और युवा आयशा (25 गेंद पर नाबाद 43) की पारियों से पाकिस्तान ने भारत को टी20 विश्व कप मुकाबले में कड़ी चुनौती दी लेकिन सोमवार को जब दक्षिण अफ्रीका में मौजूद अधिकतर शीर्ष महिला खिलाड़ी डब्ल्यूपीएल की नीलामी में किसी टीम से जुड़ने की उम्मीद कर रही होंगी तब



पाकिस्तानी लड़कियां इसे केवल अपने फोन पर देख सकेंगी। पाकिस्तानी खिलाड़ियों (पुरुष या महिला) को बीसीसीआई की प्रमुख प्रतियोगिताओं आईपीएल और अब डब्ल्यूपीएल में खेलने की अनुमति नहीं है। बिस्माह ने कहा, पाकिस्तान के रूप में हमें, आप जानते हैं कि हमें लीग में खेलने के अधिक अवसर नहीं मिलते हैं जो बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। बेशक हमें ऐसा होना पसंद नहीं है और निश्चित रूप से हम लीग में मिलने वाले हर अवसर पर खेलना पसंद करेंगे लेकिन हां, स्थिति ऐसी ही है और हम इसे नियंत्रित नहीं कर सकते। भारत के खिलाफ टीम की हार पर बिस्माह ने गेंदबाजी विभाग में गलतियों की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि कुल मिलाकर हमने पूरे मैच में बहुत अच्छी क्रिकेट खेली लेकिन मुझे लगता है कि हमारी गेंदबाजी में गलतियां थीं। मुझे लगता है कि यह कुल मिलाकर एक बहुत अच्छा मैच था और हम अगले मैच में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। बिस्माह ने भारत की बल्लेबाजी की गहराई की तारीफ की।

# मदनी के बयान पर भड़के मौलाना शहाबुद्दीन, कहा- इस्लाम भारत का नया मजहब, ओम-अल्लाह अलग-अलग

## मौलाना बरेलवी ने कहा कि ओम और अल्लाह ये दो शब्द हैं, जिसके माने भी अलग-अलग हैं ओम तीन अक्षरों से बना हुआ एक शब्द है, जो ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों देवताओं का अवतार है

**बरेली।** मौलाना अरशद मदनी के बयान पर बरेली के मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। मौलाना बरेलवी ने कहा कि ओम और अल्लाह ये दो शब्द हैं, जिसके माने भी अलग-अलग हैं। ओम तीन अक्षरों से बना हुआ एक शब्द है, जो ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों देवताओं का अवतार है। बता दें कि दिल्ली के रामलीला मैदान में जमीअत-उलमा-ए-हिंद के अधिवेशन में मौलाना अरशद मदनी ने ओम और अल्लाह को एक बताया था।

मौलाना शहाबुद्दीन ने कहा कि वो जात जिसका न बेटा है और न बेटी और न ही कोई किसी से रिश्तेदारी। वो हर चीज से पाक और बेनियाज है, उसको इस्लाम मजहब के अनुयायी अल्लाह कहते हैं। ये अरबी का शब्द है। इसी को फारसी शब्द में खुदा कहते हैं। ओम और अल्लाह दोनों शब्द अलग-अलग माने रखते हैं। इनके अनुयायी भी अलग-अलग मजहब के हैं। दोनों को साथ में जोड़कर देखना या समझना बहुत बड़ी गलती है।



'इस्लाम भारत का नया मजहब'

मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने आगे कहा कि इस्लाम मजहब भारत का नया मजहब है। भारत में इस्लाम के आने से पहले कई मजहब मौजूद थे, जिनमें बुद्ध, जैन और आर्यन मजहब का नाम लिया जा सकता है। मौलाना अरशद मदनी का ये कहना कि इस्लाम भारत का सबसे पुराना मजहब है, ये बात तारीखी हकीकत के खिलाफ है।

कहा कि इस्लामी तारीख तो ये बताती है कि इस्लाम भारत में आया हुआ नया मजहब है, जिन मुस्लिम बादशाहों ने भारत में सत्ता संभारी उनकी रवादारी और जनता के साथ अच्छे व्यवहार किए। साथ ही सूफियों के भाईचारा के पैगाम ने इस्लाम को फल फूलने का अवसर मिला। भारत में इस्लाम के प्रचार में सूफियों का ही असल योगदान है।

***सूफी संतों ने किया धर्म का प्रसार***

उन्होंने कहा कि अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती, दिल्ली में ख्वाजा निजामुद्दीन चिश्ती, बंगाल में सूफी हकपंडवी, उत्तर प्रदेश के बहराइच में मसूदगाजि आदि जैसे सूफियों ने धर्म का प्रचार-प्रसार किया, जिसकी वजह से भारत में इस्लाम फैला। इन सूफियों के दरबार में सभी धर्मों के मानने वाले लोग अकीदत के साथ जाते थे, वो सभी को आशीर्वाद दे कर गले से लगाते थे। सूफियों के दरबार में मोहब्बत की बातें होती थीं।

### पीयूष गोयल बोले- सदन की कार्यवाही रोकना विपक्ष का इकलौता मकसद

नई दिल्ली। राज्यसभा में सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल विपक्ष पर हमलावर नजर आए। सदन में हंगामे को लेकर केंद्रीय मंत्री और सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा कि ऐसा लगता है कि विपक्षी सदस्य राज्यसभा की कार्यवाही को रोकने के लिए ही आते हैं। वहीं, दूसरी ओर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद अदाणी मुद्दे पर शुरू हुआ विवाद थमता नहीं दिख रहा है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने सोमवार को इस मुद्दे पर लोकसभा में सरकार को घेरा। उन्होंने केंद्र सरकार पर अदाणी समूह को लाभ पहुंचाने के लिए पंजाब के लोगों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया। भाजपा ने राज्यसभा में बार-बार व्यवधान को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा है। केंद्रीय मंत्री और सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा कि ऐसा लगता है कि विपक्ष के कई सदस्य सदन की कार्यवाही को रोकने के एकमात्र उद्देश्य से सदन में आते हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष ने राज्यसभा के सभापति के अनुरोध को बार-बार नजरअंदाज कर उनका अपमान किया इतना ही नहीं कई विपक्षी पार्टियों ने अपनी सीटों से टिप्पणी भी की।

## रीना रॉय जैसी दिखने के सवाल पर सोनाक्षी ने तोड़ी चुप्पी, कहा- मेरी मां से मिलती है शक्ल



**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा अब तक कई सुपरहिट फिल्मों में काम कर चुकी हैं। फिल्म दबंग से करियर की शुरूआत करने वाली सोनाक्षी ने अब तक सलमान खान, अक्षय कुमार, अजय देवगन जैसे बड़े सितारों के साथ काम किया है। हाल ही में एक अखबार को दिए इंटरव्यू में सोनाक्षी सिन्हा ने अपने पिता शत्रुघ्न सिन्हा और रीना रॉय के अफेयर पर खुलकर बात की। सोनाक्षी ने दोनों के बारे में बात करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि यह तब शुरू हुआ जब उनका जन्म भी नहीं हुआ था। एक्ट्रेस ने बताया कि जब वह बड़ी हो रही थीं तब उन्हें इस बारे में पता चला था। अपने पिता के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि जो उन्होंने कई साल पहले किया है उस बात के लिए उन्हें सूली पर नहीं चढ़ाया जा सकता। एक्ट्रेस के मुताबिक हर किसी का अतीत होता है, उनके पिता का भी अतीत है। वहीं, जब इंटरव्यू में उनसे पूछा गया कि उनका चेहरा रीना से बहुत ज्यादा मेल खाता है। इस पर सोनाक्षी ने कहा कि मेरी शक्ल मेरी मां पूनम सिन्हा से मिलती है। उन्होंने दोनों के बीच समानता वाली बात को सिरे से खारिज कर दिया।

## खास खबर

### 'बम ब्लास्ट होने वाला है', मुंबई पुलिस के जॉइंट कमिश्नर को आया फोन

महाराष्ट्र में एक दिन के अंदर ही फोन पर बम विस्फोट की दो धमकियां मिली हैं। गूगल दफ्तर को उड़ाने की धमकी के बाद सोमवार को एक और फोन कॉल में एक कॉलर ने मुंबई पुलिस के जॉइंट कमिश्नर को मीरा भयंडर इलाके में संभावित बम धमाके को लेकर सूचना दी। बताया गया है कि यह फोन रविवार देर रात दो बजे आया, जिसके बाद पुलिस को अलर्ट कर दिया गया। फोन करने वाले ने अपना नाम यशवंत माने बताया था। मामले में जांच जारी है।

### शिष्या से दुष्कर्म का मामलाः कोर्ट में पेश हुआ चिन्मयानंद

शिष्या से दुष्कर्म के मामले में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद सोमवार को एसीजेएम तृतीय के न्यायालय में पेश हुए। कोर्ट ने मामले की अगली तारीख एक मार्च तय की है। बता दें कि वर्ष 2011 में शाहजहांपुर के मुमुक्ष आश्रम में रहने वाली शिष्या ने स्वामी चिन्मयानंद के खिलाफ दुष्कर्म समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में 2022 स्वामी चिन्मयानंद एक बार भी कोर्ट में पेश नहीं हुए थे। इस पर कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट भी जारी किया था। उन्होंने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दी थी।

### 15 साल पुराने मामले में आजम खां और अब्दुल्ला दोषी करार

15 साल पुराने मामले में सपा नेता आजम खां और अब्दुल्ला आजम को कोर्ट ने दोषी करार दिया साथ ही कोर्ट ने बाकी आरोपियों को बरी कर दिया है। दरअसल 2008 में मुरादाबाद के छजलैट थाने में केस दर्ज किया गया था। गाड़ी चेक करने के विरोध में थाने के सामने आजम खां धरने पर बैठ गए थे। मामले में आजम खां, अब्दुल्ला आजम, नगीना के सपा विधायक मनोज पारस, अमरोहा के सपा विधायक महबूब अली, मुरादाबाद देहात से पूर्व विधायक इकराम कुरैशी, डीपी यादव, राजेश यादव और सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष राज कुमार प्रजापति को आरोपी बनाया गया था।

## सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली मेयर चुनाव को लेकर सुनवाई टली, अब शुक्रवार को सुना जाएगा मामला

### उपराज्यपाल के फैसले को चुनौती दी गई थी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली मेयर चुनाव को लेकर दायर याचिका पर पर सुनवाई टाल दी। आम आदमी पार्टी और उनकी मेयर उम्मीदवार शैली ओबरॉय की ओर याचिका दायर का दिल्ली के उपराज्यपाल के उस फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें मनोनीत सदस्यों को मेयर और डिप्टी-मेयर के चुनाव में मतदान करने की मंजूरी दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मेयर चुनाव से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए मौखिक रूप से कहा कि मनोनीत सदस्य दिल्ली नगर निगम के मेयर के चुनाव में मतदान नहीं कर सकते हैं। संविधान में यह बात साफ है। इस बीच दिल्ली के उपराज्यपाल के कार्यालय ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वह 16 फरवरी को होने वाले महापौर चुनाव को 17 फरवरी के बाद की तारीख तक के लिए टाल देगा। आम आदमी पार्टी ने ईस्ट पटेल नगर की पार्षद डॉ. शैली ओबेरॉय को मेयर पद के लिए उम्मीदवार बनाया है। वहीं, भाजपा ने से शालीमार बाग-बी वॉर्ड की पार्षद रेखा गुप्ता उम्मीदवार बनाया है। दिल्ली में पिछले साल सात दिसंबर को एमसीडी के चुनाव नतीजे आए थे, लेकिन दो महीने बाद भी मेयर नहीं मिल सका। चुनाव के लिए तीन बार अलग-अलग तारीखें तय की गईं, लेकिन तीनों बार चुनाव हंगामे की भेंट चढ़ गया। अब मामला देश की सुप्रीम कोर्ट में है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की मेयर उम्मीदवार डॉ. शैली ओबरॉय ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट ने उपराज्यपाल विनय सक्सेना व अन्य लोगों को नोटिस जारी कर मनोनीत सदस्यों के मताधिकार पर जवाब मांगा था।

### सिख बंदियों के लिए प्रदर्शन पर पुलिस अलर्ट, चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर बुलेटप्रूफ ट्रैक्टर तैनात

**मोहाली।** कौमी इंसाफ मोर्चा के प्रदर्शनकारियों एवं पुलिस के बीच आठ फरवरी को हुई भिड़ंत के बाद चंडीगढ़ और मोहाली पुलिस अलर्ट पर है। सोमवार सुबह से ही मोहाली पुलिस ने धरनास्थल और उसके आसपास के इलाके को पुलिस छावनी में बदल दिया। करीब 10 बजे बड़ी संख्या में पुलिस, होमगार्ड, कमांडो और एआरपी (एंटी रायट पुलिस) के जवानों ने मोर्चा संभाल लिया। वहीं धरनास्थल के आसपास सात बुलेटप्रूफ ट्रैक्टर भी दिखे। पुलिस का कहना है कि अब प्रदर्शनकारियों द्वारा माहौल न बिगाड़ा जाए, इसके लिए पुलिस सतर्क है और इसी के मद्देनजर ट्रैक्टर मंगवाए गए हैं। सोमवार को अरदास करने के बाद करीब साढ़े बारह बजे एक 31 सदस्यीय जत्था मुख्यमंत्री आवास की तरफ जाने के लिए निकला। इस दौरान वहां भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद था। प्रदर्शनकारियों को चंडीगढ़-मोहाली सीमा पर रोक दिया गया। इसके बाद करीब डेढ़ बजे प्रदर्शनकारियों ने शांतिपूर्ण ढंग से सड़क पर बैठकर सतनाम वाहेगुरु का जाप करना शुरू कर दिया। इसके बाद उन्होंने सड़क पर बैठकर ही सुखमणि साहब का पाठ किया।

## केंद्र ने बताया: तीन साल में एक लाख से ज्यादा दैनिक वेतनभोगियों ने की आत्महत्या, 35950 छात्रों ने की खुदकुशी

### इस अवधि के दौरान 66,912 गृहिणियों, 53,661 स्व-नियोजित, 43,420 वेतनभोगी और 43,385 बेरोजगार व्यक्तियों ने आत्महत्या की



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को लोकसभा में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 2019 से 2021 तक तीन वर्षों में कुल 1,12 लाख लाख दैनिक वेतन भोगियों ने आत्महत्या की। केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव ने बताया कि इस अवधि के दौरान 66,912 गृहिणियों, 53,661 स्व-नियोजित, 43,420 वेतनभोगी और 43,385 बेरोजगार व्यक्तियों ने आत्महत्या की।

प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय मंत्री ने बताया कि तीन वर्षों (2019, 2020, 2021) में 35,950 छात्रों ने आत्महत्या की। इसके अलावा 31,839 उन लोगों ने भी आत्महत्या की जो किसान और खेतिहर मजदूर थे। उन्होंने कहा कि असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 के अनुसार सरकार को जीवन और विकलांगता कवर, स्वास्थ्य और मातृत्व लाभ, वृद्धावस्था संरक्षण और केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित किसी भी अन्य लाभ से जुड़ी उपयुक्त कल्याणकारी योजनाएं तैयार करके दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों सहित असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना अनिवार्य है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजजेबीवाई) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के माध्यम से जीवन और विकलांगता कवर प्रदान किया जाता है। पीएमएसबीवाई 18 से 50 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों के लिए उपलब्ध है, जिनके पास बैंक या डाकघर खाता है। यादव ने कहा कि इस योजना के तहत किसी भी कारण से बीमा कराए हुए व्यक्ति की मृत्यु होने पर 436 रुपये के वार्षिक प्रीमियम पर दो लाख रुपये का जोखिम कवरेज है, जिसे ग्राहक के खाते से ऑटो डेबिट किया जाना है। उन्होंने कहा कि 31 दिसंबर, 2022 तक इस योजना के तहत 14.82 करोड़ लाभार्थियों को नामांकित किया गया है।

## रामपुर उपचुनाव को चुनौती देने वाली पीआईएल पर 'सुप्रीम' सुनवाई से इनकार


### उपचुनाव में कई मतदाताओं को वोट डालने से रोक दिया गया था



**नई दिल्ली।** रामपुर सदर विधानसभा सीट पर उपचुनाव को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इनकार कर दिया। इस जनहित याचिका में कहा गया था कि रामपुर सदर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में कई मतदाताओं को वोट डालने से रोक दिया गया था। याचिकाकर्ता ने इस आधार पर उपचुनाव को रद्द करने की मांग की थी। बता दें कि आपराधिक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान को अयोग्य घोषित किए जाने के कारण यह सीट खाली हुई थी। सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ता वकील सुलेमान मोहम्मद खान को एक चुनाव याचिका दाखिल करने के लिए कहा। पीठ ने कहा कि 'यह चुनाव कानून को उल्टा करने के बराबर है। आप रिट याचिका दायर करके चुनाव को कैसे चुनौती दे सकते हैं? कृपया एक चुनाव याचिका दायर करें।' पीठ ने आगे कहा कि अब तो नतीजे भी घोषित हो चुके हैं और चुनाव याचिका के अलावा किसी याचिका पर विचार नहीं किया जा सकता है। गौरतलब है कि इस पीठ में जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला भी शामिल हैं। पीठ की टिप्पणी से सहमति दिखाते हुए याचिकाकर्ता सुलेमान मोहम्मद खान ने कहा कि अगर उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर की होती, तो वहां सुनवाई के लिए कम से कम दस दिनों तक सूचीबद्ध नहीं होती। साथ ही चुनाव याचिका केवल परिणाम घोषित होने के बाद ही दायर की जा सकती है और उन्होंने याचिका उससे पहले दायर की थी।

## तुर्किये : भारत के रोमियो और जूली ने छह साल की बच्ची को दी नई जिंदगी, जमकर हो रही दोनों की तारीफ

### एनडीआरएफ के जवान समझ गए कि जूली को मलबे में किसी जिंदा व्यक्ति के संकेत मिले हैं, इसके बाद दूसरे डॉग रोमियो को भी उसी जगह भेजा गया तो उसने भी भौंकना शुरू कर दिया





**तुर्की।** जहां मशीनें असफल हो गईं, वहां भारत के दो स्निफर डॉग्स ने कमाल कर दिया है और छह साल की बच्ची की जान बचा ली। भूकंप से तुर्किये में हुई भारी तबाही के बीच दुनिया के कई देशों के जवान तुर्किये और सीरिया में राहत और बचाव कार्यों में जुटे हैं। भारत की तरफ से भी एनडीआरएफ का दल राहत और बचाव कार्यों में जुटा है। इस दल के साथ स्निफर डॉग्स भी तुर्किये भेजे गए हैं। इन्हीं स्निफर डॉग्स में से दो डॉग्स ने मलबे में दबी छह साल की बच्ची की जान बचाई है। जिसके लिए इन दोनों डॉग्स की खूब तारीफ हो रही है।

खबर के अनुसार, एनडीआरएफ की एक टीम तुर्किये के नुरदागी इलाके में राहत और बचाव कार्यों में जुटी है। इसी दौरान एनडीआरएफ के स्निफर डॉग जूली ने मलबे में एक जगह भौंकना शुरू कर दिया। एनडीआरएफ के जवान समझ गए कि जूली को मलबे में किसी जिंदा व्यक्ति के संकेत मिले हैं। इसके बाद दूसरे डॉग रोमियो को भी उसी जगह भेजा गया तो उसने भी भौंकना शुरू कर दिया। इसके बाद एनडीआरएफ के जवानों को पता चल गया कि यहां कोई जिंदा व्यक्ति मलबे में फंसा हुआ है।

इसके बाद जवानों ने उसी जगह सावधानी से मलबा हटाना शुरू किया तो छह साल की बच्ची वहां से जीवित मिली। बच्ची की पहचान छह साल की बेरेन के रूप में हुई है। फिलहाल बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

बीती 6 फरवरी को तुर्किये और सीरिया में आए भूकंप में अब तक 34 हजार से ज्यादा लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। भूकंप के तुरंत बाद भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर एनडीआरएफ की दो टीमें सभी जरूरी उपकरणों और चार स्निफर डॉग्स के साथ तुर्किये में राहत और बचाव कार्यों के लिए भेजे गए थे। भारतीय सेना के जवान भी तुर्किये भेजे गए हैं, जहां वह एक फील्ड अस्पताल बनाकर भूकंप प्रभावितों का इलाज कर रहे हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी ट्वीट कर एनडीआरएफ द्वारा एक छह साल की बच्ची की जान बचाने के लिए एनडीआरएफ की तारीफ की है।

## अदाणी मुद्दे पर हंगामे के बीच राज्यसभा 13 मार्च तक स्थगित, लोकसभा की कार्यवाही भी टली

### खरगे के भाषण के कुछ अंश रिकॉर्ड से निकाले जाने को लेकर भी विपक्षी सांसद भड़के



**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र में सोमवार की शरुआत हंगामे के बीच हुई। राज्यसभा में अदाणी मामले को लेकर विपक्षी सांसदों ने जोरदार हंगामा किया। इस बीच एलओपी मल्लिकार्जुन खरगे के भाषण के कुछ अंश रिकॉर्ड से निकाले जाने को लेकर भी विपक्षी सांसद भड़क गए और सभापति के आसन के पास पहुंच गए। इसके बाद राज्यसभा की कार्यवाही को 13 मार्च तक स्थगित कर दिया गया। कांग्रेस सांसद शक्तिसिंह गोहिल ने कहा, हम अदाणी मामले में चर्चा चाहते हैं, लेकिन केंद्र ऐसा नहीं चाहता है। हमें इस मुद्दे को सामने रखने का एक भी मौका नहीं मिला। जेपीसी जांच के आदेश क्यों नहीं दिए गए? पीएम जिस तरह से संसद में बोलते हैं, उस तरह से पीएम को बोलना नहीं चाहिए। राज्य सभा में हंगामे के दौरान सांसद राघव चड्ढा, संजय सिंह, इमरान प्रतापगढ़ी, शक्ति सिंह गोहिल, संदीप पाठक और कुमार केतकर सहित अन्य वेल में पहुंच गए। इसके बाद सभापति ने सभी सांसदों को चेतावनी जारी की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राहुल गांधी को लोकसभा सचिवालय के नोटिस पर कहा, राहुल गांधी ने संसद में जो कुछ भी कहा था वह पहले से पब्लिक डोमेन में है, जो सभी लोग बोलते-लिखते हैं वही बात उन्होंने कही है। इसमें कुछ भी असंसदीय नहीं है। इसलिए वह उसी हिसाब से नोटिस का जवाब देंगे।

# बागेश्वर धाम के बंद कमरे में कमलनाथ की धीरेंद्र शास्त्री से मुलाकात, कहा- हनुमानजी के दर्शन करने आया था

## पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ बुंदेलखंड दौरे पर बागेश्वर धाम पहुंचे, कहा कि मैंने प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की



**इंदौर।** पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने सोमवार को छतरपुर के बागेश्वर धाम जाकर हनुमान जी के दर्शन किए। उन्होंने बंद कमरे में धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से दो मिनट मुलाकात भी की। कुछ कांग्रेस नेता भी मिलना चाहते थे, लेकिन कमलनाथ ने बाहर ही रुकवा दिया। पत्रकारों से चर्चा में कहा कि हम तो हनुमान जी के दर्शन करने आए हैं। मैंने छिंदवाड़ा में सबसे बड़ा हनुमान मंदिर बनवाया है। 101 फीट ऊंची प्रतिमा लगी है वहां। यहां मैंने प्रार्थना की है कि मध्यप्रदेश का भविष्य सुरक्षित रहे। प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की। पिछले कुछ समय से धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री चर्चा में हैं और सुर्खियां बने हुए हैं। नागपुर में अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के पदाधिकारियों से चमत्कारों को लेकर हुई तकरार के बाद विवादों में भी घिर गए थे। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री कुछ लोगों का धर्मांतरण कर चर्चा में आए थे। ऐसे में कमलनाथ का बागेश्वर धाम पहुंचना एक बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम है। उनके साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव भी थे और दोनों नेताओं ने बालाजी के दरबार में पूजा-अर्चना की। पिछले दिनों जब धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का मामला गरमाया था, तब प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह और कुछ अन्य कांग्रेस नेताओं ने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पर अविश्वास जताया था। कुछ ने तो ढोंगी और पाखंडी तक कह दिया था। ऐसे में कमलनाथ का बागेश्वर धाम पहुंचना डैमेज कंट्रोल की कोशिश बताया जा रहा है।

***चुनावों के प्रचार-प्रसार की अनौपचारिक शुरूआत***

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ सुबह 11 बजे बागेश्वर धाम पहुंचे। वहां भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की। उसके बाद पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से बंद कमरे में मुलाकात की। काफी देर तक बागेश्वर धाम में रुकने के बाद कमलनाथ वहां से पन्ना के लिए रवाना हो गए। कमलनाथ ने बागेश्वर धाम बालाजी मंदिर में माथा टेककर इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार की अनौपचारिक शुरूआत कर दी। दर्शन करने के बाद पन्ना जिले में एक सभा को संबोधित करने निकल गए।

***बागेश्वर धाम की यात्रा पर यह बोले कमलनाथ***

'मैं अभी बागेश्वर धाम से आ रहा हूं। मैं हनुमान भक्त हूं। भगवान बजरंग बली को प्रणाम करने गया था। महाराज जी से भी मुलाकात हुई। मध्यप्रदेश का भविष्य सुरक्षित रहे, ऐसी मैंने भगवान बजरंगबली से प्रार्थना की। मैंने प्रदेश का सबसे बड़ा हनुमान मंदिर छिंदवाड़ा जिले में बनवाया है। मेरी दिली इच्छा थी कि मैं अजयगढ़ आने के पहले भगवान बजरंग बली के चरणों में प्रणाम करता हुआ आऊं।'



**यश निस्संदेह कन्नड़ सिनेमा के सबसे बड़े नामों में से एक है। 'केजीएफ' के साथ यश पूरे देश में घर-घर में मशहूर हो गए हैं। स्क्रीन पर अपने स्टाइलिश अंदाज और डैशिंग पर्सनैलिटी के कारण वह लोगों के चहेते बन गए हैं। कुछ ऐसा ही कमाल पीछले साल आखिर में रिलीज हुई फिल्म 'कांतारा' के स्टार ऋषभ शेट्टी ने भी किया है। ऋषभ शेट्टी का का जलवा भी कायम है। दोनों सितारों को लेकर एक बड़ी खबर आ रही है। दरअसल, 'द रॉकिंग स्टार' यश और ऋषभ शेट्टी ने हाल ही में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। उनकी इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। आपको बता दें, इन दोनों के साथ इस मुलाकात में दिवंगत अभिनेता पुनीत राजकुमार की पत्नी अश्विनी भी शामिल हुई।**

# सेंसेक्स 250 अंक टूटा, निफ्टी 17800 के नीचे, आईटी शेयरों में दिखी बिकवाली

## सेंसेक्स 250.86 अंकों की गिरावट के साथ 60431.84 अंकों पर



**नई दिल्ली।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। सोमवार को सेंसेक्स 250.86 अंकों की गिरावट के साथ 60431.84 अंकों पर जबकि निफ्टी 85.60 अंक फिसलकर 17770.90 अंकों के लेवल पर बंद हुआ।

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार में सपाट शुरूआत हुई है। शुरूआत में 40 अंकों की बढ़त के बाद बाजार में बिकवाली हावी होती दिखी। फिलहाल सेंसेक्स 149.50 अंकों की बढ़त के साथ 60,533.20 अंकों के लेवल पर कारोबार कर रहा है। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 31.20 अंकों की बढ़त के साथ 17825.30 अंकों पर कारोबार कर रहा है। इस दौरान डेल्हीवरी शेड्स के शेयरो में 5% की गिरावट जबकि अदाणी पोर्ट्स के शेयरों में 2 प्रतिशत की बढ़त दिख रही है। बाजार में शुरूआताी कारोबार में आईटी सेक्टर के शेयरों में कमजोरी दिख रही है। इंफोसिस के शेयरों में दो प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं दूसरी ओर सोमवार के कारोबारी सेशन के दौरान मेटल सेक्टर के शेयरों में मजबूती है। अदाणी एंटरप्राइजेस के शेयरों में भी हल्की मजबूती दिख रही है। टाटा स्टील, टाइटन, पावरग्रिड और एलएंडटी के शेयर बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं। अमेरिकी मुद्रा में मजबूती तथा स्थानीय शेयर बाजारों के सुस्त रुख के बीच सोमवार को शुरूआती कारोबार में रुपया 17 पैसे टूटकर 82.75 प्रति डॉलर पर आ गया। फॉरेक्स डीलरों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में मजबूती से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.68 प्रति डॉलर पर कमजोर खुलने के बाद और टूटकर 82.75 प्रति डॉलर पर आ गया।

### सोना 114 रुपये महंगा हुआ, चांदी में 319 रुपये की गिरावट आई

सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के बाजार में सोने की कीमतों में 114 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़त दर्ज की गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार इस दौरान सोना 56,982 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार करता दिखा। इससे पिछले कारोबारी सेशन में सोना 56,868 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। हालांकि चांदी की कीमतों में 319 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट आई है और यह 66,802 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा है। एचडीएफसी कॉमोडिटीज के सीनियर एनालिस्ट सौमिल गांधी के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी के सरार्फा बाजार में स्पॉट गोल्ड की कीमतें 114 रुपये बढ़कर 56,982 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। वैश्विक बाजार में सोना 1863.10 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा है। वहीं दूसरी ओर, चांदी वैश्विक बाजार में 21.97 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रही है। सौमिल गांधी के अनुसार सोमवार को एशियाई बाजारों के कारोबारी सेशन में सोना सपाट ढंग से कारोबार करता दिखा।

## महालेखाकार का प्रमाणपत्र मिलते ही जीएसटी बकाया जारी कर देगा केंद्र: निर्मला सीतारमण



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से जुड़े बकाये की राशि महा लेखाकार (एजी) का प्रमाणपत्र मिलने के बाद जारी कर दी जाती है, लेकिन कई राज्यों से यह प्रमाणपत्र नहीं मिला है। उन्होंने सदन में द्रमुक सांसद ए राजा के पूरक प्रश्न के उत्तर में यह भी कहा कि राज्यों को एजी प्रमाणपत्र देने को लेकर ह्यसक्षमह्न होना पड़ेगा। सीतारमण ने कहा, जीएसटी मुआवजा कब दिया जाएगा, यह फैसला केंद्र सरकार नहीं करती। यह फैसला जीएसटी परिषद करती है। इस परिषद में सभी राज्यों के वित्त मंत्री बैठकर फैसला करते हैं। उनका कहना था कि जीएसटी से जुड़ी मुआवजा राशि जारी करने में विलंब केंद्र के स्तर पर नहीं हो रहा है, यह विलंब राज्यों की ओर से एजी प्रमाणपत्र नहीं देने के कारण हो रहा है। सीतारमण ने कहा, मैं सदन को बताना चाहती हूं कि राज्य सरकार को इसे लेकर सक्षम होना पड़ेगा कि एजी प्रमाणपत्र दिया जाए। उन्होंने केरल से आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन के पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि राज्य सरकार ने पिछले कई वर्ष से एक भी एजी प्रमाणपत्र नहीं भेजा है, इसलिए जीएसटी बकाया जारी नहीं किया जा सका है। वित्त मंत्री ने कहा कि वित्त आयोग की सिफारिश के अनुसार बकाया राशि के लिए भुगतान के लिए एजी का प्रमाणपत्र जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि सदस्य राज्य सरकार के साथ बैठकर सारे वर्ष के प्रमाणपत्र एक बार में भी केंद्र को भिजवा देंगे, तो तुरंत उसकी बकाया राशि जारी कर दी जाएगी। सीतारमण ने कहा कि इसके लिए केंद्र को जिम्मेदार ठहराना ठीक नहीं है।

### टाटा मोटर्स ने बीएस6 फेज 2 ट्रांजिशन पूरा किया

**मुंबई।** ऑटोमोबाइल बनाने वाली भारत की अग्रणी कंपनी टाटा मोटर्स ने आज आरडीई और ई20 अनुपालक इंजनों वाले यात्री वाहनों की अपनी बीएस6 फेज टू रेंज पेश की है। टाटा मोटर्स ने अनुपालन से आगे बढ़कर, पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के पावरट्रेन विकल्पों में अपने पोर्टफोलियो को नयापन दिया है। इन विकल्पों में नये फीचर्स जोड़े गए हैं, जो बेहतर सुरक्षा, ड्राइविंग की योग्यता, आराम और सहूलियत प्रदान करेंगे। कंपनी ने इस रेंज में 2 साल/75 हजार किलोमीटर की अपनी स्टैंडर्ड वारंटी को बढ़ाकर 3 साल/1 लाख किलोमीटर करदिया है, ताकि स्वामित्व का अनुभव परेशानी से रहित रहे। स्वामित्व के समृद्ध अनुभव पर अपनी बात रखते हुए, राजन अम्बा, वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स, मार्केटिंग एण्ड कस्टमर केयर, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड, ने कहा, टाटा मोटर्स वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के सरकार के मिशन में हमेशा से एक सक्रिय भागीदार रही है। हम अपने प्रोडक्ट्स में लगातार कुछ नया कर रहे हैं और ऐसी टेक्नोलॉजीज ला रहे हैं, जो न सिर्फ उत्सर्जन पर नजर रखती हैं, बल्कि गाड़ी चलाने का शानदार अनुभव देती हैं।

## जोमैटो ने देश के 225 शहरों में बंद की सर्विस:दिसंबर में खत्म तिमाही में कंपनी को 346.6 करोड़ रुपए का घाटा, लेकिन रेवेन्यू बढ़ा

### देश के 1,000 से ज्यादा शहरों में बिजनेस

फूड डिलीवरी टेक कंपनी जोमैटो ने देश के 225 छोटे शहरों में अपनी सर्विस बंद कर दी है। कंपनी ने अपने घाटे को कम करने के लिए ऐसा किया है। ये वो शहर हैं जिन्होंने दिसंबर तिमाही में कंपनी के ग्रॉस ऑर्डर वैल्यू में केवल 0.3% क्रॉन्ट्रीब्यूट किया। दिसंबर में खत्म तिमाही में कंपनी को 346.6 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है। शुक्रवार को कंपनी ने अपनी तीसरी तिमाही नतीजे जारी किए हैं।

225 शहरों में सर्विस बंद करने पर कंपनी ने कहा, 'पिछली कुछ तिमाहियों में इन शहरों का परफॉर्मेंस अच्छा नहीं रहा।' हालांकि, कंपनी ने प्रभावित शहरों का नाम नहीं बताया हैं। वहीं कंपनी ने अपने मुनाफे को बढ़ाने के लिए किए जा रहे उपायों के बारे में भी बात की। जोमैटो ने बताया कि उसने ऑर्डर फ्रीक्वेंसी बढ़ाने के लिए गोल्ड सब्सक्रिप्शन लॉन्च किया है। दावा है कि 9 लाख लोगों ने उसके इस प्रोग्राम को जॉइन किया है।




जोमैटो भारत में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किए जाने वाले फूड डिलीवरी ऐप में से एक है। पिछले साल 2021-22 में कंपनी का फूड ऑर्डरिंग और डिलीवरी का बिजनेस देश के 1,000 से ज्यादा शहरों में चल रहा था। वहीं रिजल्ट की बात करें तो कंपनी का घाटा वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही में 5 गुना बढ़कर 343 करोड़ रुपए रहा है। हालांकि, रेवेन्यू सालाना आधार पर 1112 करोड़ रुपए से 75% बढ़कर 1,948 करोड़ रुपए हो गया।

*कैसे हुई जोमैटो की शुरूआत?*

इस कंपनी की शुरूआत 2008 में हरियाणा के गुरुग्राम से हुई थी। तब इसका नाम जोमैटो नहीं बल्कि फूडीबाई था, जो ईबे से प्रेरित था। इसकी स्थापना दीपिंदर गोयल और पंकज चड्डा ने की थी। 2008 में जोमैटो फूड डिलीवरी नहीं, बल्कि रेस्टोरेंट डिस्कवरी सर्विस थी, यानी इसका काम शहर के अलग-अलग रेस्टोरेंट के बारे में जानकारी देना था।

ये सर्विस काफी सफल रही और 2 साल से भी कम समय में फूडीवाई से 20 लाख कस्टमर्स और 8,000 रेस्टोरेंट्स जुड़ गए। 2010 के आखिर में कंपनी के फाउंडर ने इसे जोमैटो नाम से री-लॉन्च किया। इसके साथ ही कंपनी ने फूड डिलीवरी सर्विस भी शुरू कर दी।

### सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व एनएसई प्रमुख को दी गई जमानत को खारिज करने से किया इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने को-लोकेशन घोटाले में एनएसई की पूर्व प्रमुख चित्रा रामकृष्ण को दी गई जमानत को खारिज करने से इनकार कर दिया है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रामकृष्ण को डिफॉल्ट जमानत देने के 28 सितंबर के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। बता दें कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने बीते 28 सितंबर (बुधवार) को सीबीआई की ओर से जांच की जा रही को-लोकेशन घोटाला मामले में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की पूर्व प्रमुख चित्रा रामकृष्ण और पूर्व समूह संचालन अधिकारी आनंद सुब्रमण्यम को जमानत दे दी थी। जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन ने कहा था कि वह एनएसई के दो पूर्व अधिकारियों को वैधानिक जमानत दे रहे हैं। देश के सबसे बड़े स्टॉक एक्सचेंज में हुई गड़बड़ी के इस मामले में मई 2018 में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## बढ़े हुए एयर इंडिया समूह ने प्रगतिशील नेटवर्क अनुकूलन जारी रखा

**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी एयरलाइन और स्टार अलायंस की सदस्य एयर इंडिया ने नवंबर 2022 में एयर एशिया इंडिया की पूर्ण सब्सिडी के बाद नेटवर्क की प्रगति अनुकूलन में नवीनतम कदम की घोषणा की है। इस मौजूदा चरण में, तीन स्टेशनों - भुवनेश्वर (बीबीआई), बागडोगरा (आईएक्सबी) और सूरत (एसटीवी) - को अब एयर इंडिया के बजाय एयर एशिया इंडिया द्वारा सेवा प्रदान की जाएगी। दिल्ली-विशाखापत्तनम और मुंबई-लखनऊ का संचालन विशेष रूप से एयर इंडिया द्वारा किया जाएगा। सभी मामलों में, उड़ान की आवृत्ति समान रहती है। इसके अतिरिक्त, एयर इंडिया दिल्ली और/या मुंबई से, कोचीन (सीओके), त्रिवेंद्रम (टीआरवी), विशाखापत्तनम (वीटीजेड) और नागपुर (एनएजी) से निर्बाध, दो-तरफा घरेलू-अंतर्राष्ट्रीय-कनेक्टिविटी को सक्षम करने के लिए कनेक्शन बढ़ाएगी। दो महानगरों से लंबी दूरी की अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित हो रही हैं। एयर इंडिया दिल्ली और चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु के बीच और मुंबई से चेन्नई, कोलकाता और बेंगलुरु के



बीच भी अपनी उड़ानें बढ़ा रही है। शेड्यूल में ये बदलाव 13 फरवरी, 2023 से शुरू होने वाले हैं। इस विस्तार पर टिप्पणी करते हुए, एयर इंडिया के सीईओ और एमडी श्री कैंपबेल विल्सन ने कहा, एयर एशिया इंडिया का अधिग्रहण, एयर इंडिया के चल रहे पुनर्गठन और विस्तार के साथ, समूह के उड़ान नेटवर्क को अनुकूलित करने के लिए विशेष रूप से एक अभूतपूर्व अवसर प्रदान करता है। यह हमें मेट्रो-मेट्रो बाजारों और उच्च कनेक्टिविटी मार्गों पर पूर्ण-सेवा एयरलाइन पर ध्यान केंद्रित करते हुए, और अधिक अवकाश उन्मुख या मूल्य संवेदनशील बाजारों पर कम लागत वाली एयरलाइन पर ध्यान केंद्रित करते हुए, सबसे उपयुक्त एयरलाइन व्यवसाय मॉडल के साथ मार्गों का बेहतर मिलान करने की अनुमति देता है।

### 200 जिलों में आयोजित होगा प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला

**नई दिल्ली।** स्किल इंडिया मिशन के तहत माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के भारत के युवाओं के करियर के अवसरों को बढ़ावा देने के विजन के तहत, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला (पीएमएनएएम) 13 फरवरी, 2023 को देश भर के 200+ जिलों में आयोजित करने जा रहा है। अप्रेन्टिसशिप ट्रेनिंग के माध्यम से स्थानीय युवाओं को प्रासंगिक अवसर प्रदान करने के लिए कई स्थानीय व्यवसायों और संगठनों को इस अप्रेन्टिसशिप मेले का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह आयोजन विभिन्न सेक्टर्स का प्रतिनिधित्व करने वाली कई कंपनियों की भागीदारी का गवाह बनेगा। भाग लेने वाले संगठनों के पास एक ही प्लेटफार्म पर संभावित अप्रेन्टिसों से मिलने और मौके पर ही आवेदकों को चुनने का मौका होगा, जिससे आवेदकों को अपनी आजीविका को मजबूत करने और नए कौशल सीखने का अवसर मिलेगा।

## उत्तर प्रदेश खेल ने एचसीएल फाउंडेशन के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए

**लखनऊ।** खेल क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की विकास की कहानी निरंतर जारी है क्योंकि यह माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के भारत को एक खेल शक्ति बनाने के सपने की ओर अग्रसर है जिसे एक ऐतिहासिक घटना भी कहा जा सकता है क्योंकि उत्तर प्रदेश विभाग ने अनुराग सिंह ठाकुर, केंद्रीय युवा मामले और खेल एवं सूचना और प्रसारण मंत्री, गिरीश चंद्र यादव, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), खेल और युवा कल्याण, उत्तर प्रदेश सरकार और श्री नवनीत सहगल, आईएएस, अतिरिक्त मुख्य सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार की उपस्थिति में कई ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। इन्वेस्ट यूपी समिट में उत्तर प्रदेश को खेल के क्षेत्र में अवसरों के लिए तैयार करना नामक खेल-केंद्रित सत्र में राज्य के जमीनी स्तर के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और राज्य में एथलीट प्रशिक्षण को सशक्त बनाने के लिए पीपीपी मॉडल पर काम करने के लिए कॉरपोरेट्स और संगठनों




के साथ तालमेल बनाने के लिए समझोते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए है। एचसीएल फाउंडेशन भारत के मौजूदा खेल पारिस्थितिकी तंत्र में उन्हें मुख्य विचारधारा में लाने की नजर से कई खेलों में प्रतिभाओं की पहचान करने और उनका पोषण करने के लिए 5,000 वंचित बच्चों,युवाओं और विकलांग व्यक्तियों के साथ काम करना चाहता है। प्रस्तावित प्रोजेक्ट को उत्तर प्रदेश के लखनऊ, गौतम बुद्ध नगर और हरदोई जिलों में शुरू किया जाएगा। डॉ. निधि पुंढीर, वाइस प्रेसिडेंट, ग्लोबल सीएसआर, एचसीएल फाउंडेशन ने बताया, स्पोर्ट्स फॉर चेंज' एचसीएल फाउंडेशन की एक सीएसआर पहल है, जिसमें पूरे भारत में 27,000 से ज्यादा एथलीटों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

## खुदरा महंगाई जनवरी में बढ़कर तीन महीने के उच्चतम स्तर पर, 6.52 प्रतिशत पर पहुंचा आंकड़ा

**नई दिल्ली।** खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी में बढ़कर तीन महीने के उच्चतम स्तर 6.52 प्रतिशत पर पहुंच गई। इससे पहले जनवरी महीने में सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर में खुदरा महंगाई दर एक साल के सबसे निचले स्तर 5.72 फीसदी पर आ गई थी।




दिसंबर लगातार दूसरा महीना था जिसमें जिसमें खुदरा मुद्रास्फीति आरबीआई के 4 (+/- 2) फीसदी के टॉलरेंस बैंड के भीतर आ गई थी। दो महीने की गिरावट के बाद जनवरी महीने में यह फिर इस टॉलरेंस बैंड के बाहर पहुंच गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर 2022 में 6.77 प्रतिशत और नवंबर में 5.88 प्रतिशत थी। दिसंबर में ग्रामीण क्षेत्रों में सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति नवंबर के 6.09% से घटकर दिसंबर में 6.05% हो गई थी। वहीं, शहरी क्षेत्रों में यह 5.39% रही थी। खुदरा महंगाई दर लगातार 40 महीने से मध्यम अवधि के लक्ष्य चार प्रतिशत से ऊपर रही है। ग्रामीण और शहरी भारत में खुदरा मुद्रास्फीति क्रमशः 6.85 प्रतिशत और 6.00 प्रतिशत रही। समूहों में अनाज और उत्पादों, अंडे, मसालों सहित अन्य सामग्री ने जनवरी में खुदरा मुद्रास्फीति में वृद्धि में योगदान दिया है। पिछले साल मई से रिजर्व बैंक ने मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए अल्पकालिक ब्याज दर में 250 बेसिस प्वाइंट की बढ़ोतरी की है। इसी महीने रेपो दर में 25 बेसिस प्वाइंट की बढ़ोतरी की गई है। रेपो दर बढ़ाने से अर्थव्यवस्था में मांग को कम करने में मदद मिलती है और इस प्रकार मुद्रास्फीति के प्रबंधन में मदद मिलती है।

## ऑडी ने भारत में नई ऑडी क्यू3 स्पोर्टबैक को लॉन्च करने की घोषणा की

**नई दिल्ली।** जर्मनी की लग्जरी कार निमार्ता कंपनी ऑडी ने सोमवार को भारत में नई ऑडी क्यू3 स्पोर्टबैक को लॉन्च करने की घोषणा की जिसकी एक्स शोरूम कीमत 51.43 लाख रुपये है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि ऑडी क्यू3 स्पोर्टबैक स्पोर्टी लुक और बेहतर हैंडलिंग जैसी विशिष्टताओं के साथ रोजमर्रा की कार जरूरतों के साथ अपनी मजबूत स्थिति दर्ज कराता है। यह इसे भारत में ऑडी ब्रांड का पहला कॉम्पैक्ट क्रॉसओवर बनाता है। मानक के तौर पर क्वाट्रो ऑल-व्हील ड्राइव और 2.0 लीटर टीएफएसआई पेट्रोल इंजन से लैस नई ऑडी क्यू3 स्पोर्टबैक 190 एचपी और 320



एनएम का टार्क पैदा करती है। ऑडी क्यू3 स्पोर्टबैक अपने सेगमेंट में सबसे तेज है और केवल 7.3 सेकंड में 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ लेती है। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा, ऑडी क्यू3 स्पोर्टबैक एक ऐसी कार है जो शानदार डिजाइन और स्पोर्टी परफॉर्मेंस देती है। यह संभावित ऑडी क्यू3 ग्राहकों को चुनने का विकल्प देता है। ऑडी क्यू3 सेगमेंट लीडर रही है और हमें विश्वास है कि नई ऑडी क्यू3 स्पोर्टबैक ग्राहकों के बीच अपनी लोकप्रियता को दोहराएगी। पिछले साल लॉन्च की गई ऑडी क्यू3 की जबरदस्त सफलता ने हमें नई ऑडी क्यू3 स्पोर्टबैक लॉन्च करने की प्रेरणा दी है और हमें देश में इसकी सफलता पर पूरा भरोसा है। नई ऑडी क्यू3 स्पोर्टबैक एस-लाइन एक्सटीरियर पैकेज के साथ ज्यादा स्पोर्टी और शार्पर है, जो अपने कूपे जैसे डिजाइन और स्टाइलिश नए अलॉय व्हील्स के साथ सेगमेंट में पहली कार है। बिना चाबी की एंट्री और वांछित स्पेस की मौजूदगी जैसी विशिष्टता इसे उन ग्राहकों के लिए एक पसंदीदा कार बनाते हैं जो एक शानदार कार के साथ यूटिलिटी और आराम की ख्वाहिश रखते हैं।

## संक्षेप

### रेनॉ और निसान ने नए निवेश तथा वाहनों के माध्यम से अपने भारतीय परिचालनों के लिए प्रतिबद्धता दोहरायी

**चेन्नई।** रेनॉ और निसान ने भारत के लिए नई दीर्घकालिक रणनीति की घोषणा करते हुए प्रोडक्शन और आर एंड डी गतिविधियां बढ़ाने, इलैक्ट्रिक वाहनों की पेशकश करने तथा आने वाले समय में कार्बन-न्यूट्रल मैन्यूफैक्चरिंग की तरफ बढ़ने की अपनी दीर्घकालिक योजनाओं की जानकारी दी है। ये कंपनियां चेन्नई स्थित अपनी फैक्ट्री में, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों के लिए छह नए वाहनों के निर्माण के लिए मिलकर काम करेंगी जिनमें दो नए इलैक्ट्रिक वाहन शामिल हैं। साथ ही, इस रेनॉ-निसान सेंटर को एक अंतरराष्ट्रीय निर्यात केंद्र के तौर पर स्थापित किया जाएगा। इन नए प्रोजेक्ट्स को समर्थन देने के लिए करीब 600मिलियन डॉलर/ ?5300करोड़ के निवेश की योजना है जिसके परिणामस्वरूप चेन्नई स्थित रेनॉ निसान टैक्नोलॉजी एंड बिजनेस सेंटर में नौकरियों के 2,000 नए अवसर उपलब्ध होंगे। साथ ही, इस आरएनएआइपीएल फैक्ट्री में अक्षय ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देकर इसे आने वाले समय में कार्बन-न्यूट्रल बनाने की भी योजना है।

### कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ने अग्रणी माइक्रोफाइनैंस संस्था सोनाटा फाइनैंस का अधिग्रहण किया

**मुंबई।** कोटक महिंद्रा बैंक (केएमबीएल/बैंक) ने घोषणा करते हुए बताया कि उसने मौजूदा शेयरधारकों से सोनाटा फाइनैंस प्राइवेटलिमिटेड (एसएफपीएल) के 100% इक्विटी शेयरों का अधिग्रहण करने के लिएबाध्यकारी शेयर खरीद समझौते को पूरा कर लिया है। सोनाटा फाइनैंस प्राइवेट लिमिटेड एक गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी है, जिसे एनबीएफसी-एमएफआई के तौर पर वर्गीकृत किया गया है। यह समझौता भारतीय रिजर्व बैंक समेत अन्य नियामकीय मंजूरियों के अधीन है। अधिग्रहण लगभग 537 करोड़ रुपये के कुल नकद रकम से संबंधित है। इसअधिग्रहण के साथ, विनियामक और अन्य अनुमोदन प्राप्त करने के बाद, एसएफपीएल बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बन जाएगी। एसएफपीएल वित्तीय समावेशन क्षेत्र में बैंक को एकमहत्वपूर्ण कंपनी बनने में सक्षम बनाने की दिशा में मजबूत मंच प्रदान करेगा, जोआर्थिक रूप से कमजोर और कम सेवा वाले परिवारों की जरूरतों को व्यावहारिक रूप से व्यावसायिक विकल्प के जरिए पूरा करता है।

### आईटेल मोबाइल ने ऋतिक रोशन को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी मोबाइल फोन ब्रांड आईटेल को भारतीय सुपरस्टार ऋतिक रोशन को अपना ब्रांड एंबेसडर घोषित करते हुए गर्व हो रहा है। उपभोक्ताओं के सभी वर्गों में ऋतिक की बेजोड़ लोकप्रियता और उनकी मास फैन अपील मिलकर आईटेल मोबाइल इंडिया के लिए एक नई उपभोक्ता कहानी की शुरूआत करेगी।आईटेल ने 8,000 रुपये से कम के सेगमेंट में सबसे पसंदीदा ब्रांड के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है और पहली बार खरीदारों के बीच रिपीट ग्राहकों की रिकॉर्ड संख्या है। उपभोक्ताओं के साथ स्थापित किए गए भरोसे को और मजबूत करने और अपने मजबूत विकास पथ को बनाए रखने के लिए आईटेल ने भारतीय सुपरस्टार ऋतिक रोशन को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। रितिक का अखिल भारतीय स्टारडम जो दूर-दराज के इलाकों तक फैला हुआ है और एक सुपरस्टार होने का उनका कद, जो प्रौद्योगिकी को अपनाने के मिलेनियल युग से संबंधित है, तकनीक को हर किसी के लिए सुलभ और सस्ती बनाने के आईटेल के मिशन के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। रितिक अपनी आकर्षक सामग्री के माध्यम से एक नया और अनूठा दृष्टिकोण पेश करते हैं, जबकि आईटेल अभूतपूर्व उत्पाद और अद्वितीय ग्राहक सहायता प्रदान करता है।

### प्लास्टइंडिया 2023 का 11वां एडीशन शानदार रूप से सफल रहा

**कानपुर।** अब दुनिया की सबसे बड़ी प्लास्टिक एग्जीबिशन बन चुकी इंटरनेशनल प्लास्टिक एग्जीबिशन प्लास्टइंडिया 2023 का 11वां एडीशन शानदार रूप से सफल रहा। 5-दिवसीय सम्मेलन में 3.60 लाख विजिटर्स की भारी भीड़ देखी गई। प्लास्टिक इंडस्ट्री के लिए सबसे व्यापक एग्जीबिशंस में से एक, लगभग 1800 एग्जीबिटर ने प्लास्टइंडिया 2023 में अपने लेटेस्ट विश्व-स्तरीय प्रोसेसिंग मशीनरी, रॉ मैटेरियल, रिसाइक्लिंग टेक्नोलॉजी और लेटेस्ट ऑटोमेशन टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन किया। एग्जीबिटर्स सफलतापूर्वक पोटेंशियल कस्टमर्स तक पहुंचे और अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए नए एवेन्यू की पहचान की। 5 दिनों में कई हाई वैल्यू ट्रांजेक्शन किए गए। माननीय रसायन और उर्वरक और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख भाई मंडाविया की अध्यक्षता में हाई-पावर्ड सीईओ कॉन्क्लेव का आयोजन एग्जीबिशन वेन्यू पर किया गया। कॉन्क्लेव में 90 से अधिक इंडस्ट्री लीडर्स और सीईओ ने भाग लिया और इस बात पर विचार-विमर्श किया कि भारतीय प्लास्टिक इंडस्ट्री अपनी पूरी क्षमता तक कैसे पहुंच सकती है। इस बात पर सहमति हुई कि उद्योग और नीति निमार्ता हाथ से हाथ मिलाकर चलेंगे ताकि नीतियां उद्योग के लिए हतोत्साह करने के बजाय उत्साहजनक हो सकें। भारतीय प्लास्टिक इंडस्ट्री को ग्लोबल सोर्सिंग हब बनने के लिए एक उपयुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए यदि कुछ बदलाव किए जाने हैं तो नीति निमार्ता इस बारे में विचार करने के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर रसायन और उर्वरक मंत्रालय के रसायन विभाग के संयुक्त सचीव श्री अरुण बरोका भी मौजूद थे।

### जन स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने की तम्बाकू उत्पादों पर अधिक कर लगाने की वकालत

**नई दिल्ली।** अर्थशास्त्रियों और जन स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बजट में सिगरेट पर शुल्क वृद्धि का स्वागत करने के साथ ही 'अमृत काल' में अन्य तंबाकू उत्पादों को भी महंगा करने और देश को धूम्रपान-मुक्त बनाने के लिए उच्च करों की वकालत की है। अर्थशास्त्री और भाजपा के प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा कि सिगरेट पर राष्ट्रीय आपदा आकस्मिक शुल्क में 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी का बजट प्रस्ताव स्पष्ट रूप से तंबाकू नियंत्रण नीति को अधिक मजबूत करने तथा देश में हर साल 13 लाख से अधिक लोगों की जान लेने वाले हानिकारक उत्पादों पर उच्च कर लगाने की सरकार की मंशा को दशार्ता है। अग्रवाल ने एक नागरिक समूह मंच 'टोबैको-फ्री इंडिया' के एक कार्यक्रम में कहा कि तम्बाकू के उपयोग को कम करने के लिए सबसे कुशल रणनीति 'कर नीति' के जरिये ऐसे हानिकारक उत्पादों की कीमत बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि इस मकसद को 'किफायती, उपलब्धता और जागरूकता' की अवधारणा को अमल में लाकर पूरा किया जा सकता है। तंबाकू उत्पादों की 'किफायती' और 'उपलब्धता' को कम करके उनके हानिकारक प्रभावों के बारे में सार्वजनिक 'जागरूकता' बढ़ाकर करों को बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान देश के अग्रणी अस्पताल एम्स के गठिया रोग विभाग की प्रमुख डॉक्टर उमा कुमार ने भी सिगरेट पर शुल्क में वृद्धि का स्वागत किया।

### सार्वजनिक बैंकों का लाभ तीसरी तिमाही में 65 प्रतिशत बढ़ा, बैंक ऑफ महाराष्ट्र सबसे आगे

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) ने चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में सम्मिलित रूप से कुल 29,175 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो एक साल पहले की तुलना में 65 प्रतिशत अधिक है। इन बैंकों के बीच बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा है। सार्वजनिक बैंकों के अक्टूबर-दिसंबर 2022 तिमाही परिणामों के अनुसार, बीओएम का लाभ139 प्रतिशत की जोरदार उछाल के साथ 775 करोड़ रुपये हो गया। इस तरह बीओएम ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बीच सर्वाधिक लाभ वृद्धि दर्ज की है। कोलकाता स्थित यूको बैंक दूसरे स्थान पर है जिसने तीसरी तिमाही में 653 करोड़ रुपये का लाभ कमाया। यह पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के उसके लाभ से 110 प्रतिशत अधिक है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन बैंक भी तिमाही में 100 प्रतिशत से अधिक लाभ वृद्धि हासिल करने में सफल रहे हैं। मुंबई स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने 2,245 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया जो एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 107 प्रतिशत अधिक है। चेन्नई स्थित इंडियन बैंक का भी लाभ 102 प्रतिशत बढ़कर 1,396 करोड़ रुपये हो गया।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

रहस्यमय

**सूचना मिलते ही परिजनों में मचा कोहराम**

जनसंदेश न्यूज

**चंदवक।** क्षेत्र के हरिहरपुर गांव निवासी युवक की गाजीपुर जनपद के खानपुर थाना क्षेत्र के पत्तेपुर गांव में सरसों के खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मां, पत्नी, बच्चों सहित अन्य परिजनों का करुण क्रंदन सुन हर किसी की आंखें नम हो जा रही थी।

हरिहरपुर गांव निवासी स्वतंत्र कुमार पांडेय डबलू यूनियन बैंक चंदवक में बैंक मित्र हैं। सोमवार सुबह दस बजे बाइक से घर से निकले लेकिन बैंक न जाकर खानपुर थाना क्षेत्र के पत्तेपुर गांव कब कैसे पहुंचे यह पता नहीं चल पा रहा है। दोपहर में पत्तेपुर गांव में स्थित पुराने खंडहर हो चुके स्कूल के पास इनकी बाइक खड़ी थी। कुछ दूरी पर सरसों के खेत में शव देखकर ग्रामीणों ने शोर मचाया। आसपास के लोग जुट गए। सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मोबाइल के आधार पर सूचना परिजनों को दी। युवक का शव मिलने की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। तहसील केराकत में कार्यरत भाई अरुण कुमार पांडेय बबलू जहां घटना स्थल पर पहुंचे वहीं मां चिंतामणि, पत्नी सरिता, बेटे ओम, बेटी कृतिका, वैष्णवी का रो-रो कर बुरा हाल है।

पत्नी व बच्चों के करुण क्रंदन से हर किसी की आंखे नम थी। थानाध्यक्ष खानपुर संजय मिश्रा ने बताया कि शव मिला है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। जल्द ही पूरे घटना क्रम का खुलासा कर दिया जाएगा।

## कार की चपेट में आने से बाइक सवार युवक घायल

**खेतासराय।** पीएचसी सोंधी के सामने सोमवार को कार की चपेट में आकर एक बाइक सवार युवक घायल हो गया। उपचार के लिए उसे पीएचसी में भर्ती कराया गया। घटना के बाद मौके पर जुटी भीड़ ने कार चालक की पिटाई कर दी। आजमगढ़ के पाकड़पुर गांव निवासी 22 वर्षीय बब्लू पुत्र लाल बहादुर बाइक से खुटहन रोड होते कहीं जा रहा था। पीएचसी सोंधी के सामने एक कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिसमें वह घायल हो गया।

## रोजगार मेला 15 से आयोजित

**भदोही।** जिला सेवायोजन अधिकारी शिवानी ने बताया कि निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उत्तर प्रदश लखनऊ के निदेर्शानुसार बेरोजगार अभ्यर्थियो को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय भदोही एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान फत्तुपुर भदोही तथा कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 15 फरवरी को प्रातः 10 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन केशव प्रसाद डिग्री कालेज औराई में किया जायेगा। जिसमें निजी कम्पनियो द्वारा टेक्रिकल पालटेक्रिक जैसे इलेक्ट्रिाकल, इलेक्ट्रानिक्स इत्यादि ट्रेडो में अभ्यर्थियो का चयन किया जायेगा। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थियो को सेवायोजन पोर्टल पर पंजीयन करने के उपरांत आनलाइन आवेदन भी करना अनिवार्य है। अभ्यर्थी साक्षात्कार के समय अपने बायोडाटा के साथ समस्त मूल प्रमाण पत्रो एवं वोटर कार्ड तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति व एक फोटो के साथ अवश्य लाये। इस कार्य हेतु कोई मार्ग व्यय देय नही है।

# ट्रैक डबलिंग के चलते यात्रियों की बढ़ीं मुश्किलें

परेशानी

**20 फरवरी से 28 तक वाराणसी लखनऊ, जौनपुर, इंटरसिटी निरस्त पंजाब मेल का बदलेगा रूट**

**मुंगराबादशाहपुर।** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में रेलवे प्रशासन ने प्रतापगढ़ रेलवे जक्शन से अंतू रेलवे स्टेशन के रेललाइन दोहरीकरण कार्यों के चलते आने वाले दिनों में रेल यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि इस रूट पर 20 फरवरी से 28 फरवरी तक ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

वाराणसी, लखनऊ जौनपुर जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। इसके अलावा पंजाब मेल को बदले रूट से भी चलाया जाएगा इससे यात्रियों की मुश्किलें बढ़ेंगी। इस दौरान बादशाहपुर स्टेशन से एक मात्र ट्रेन काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस का ही सहारा रहेगा। यह ट्रेन पहले से ही सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को निरस्त चल रही है। प्रतापगढ़ जिले में रेल लाइन दोहरीकरण कार्य के तहत प्रतापगढ़ रेलवे जंक्शन से चिलबिला जं0, जगेशरगंज, और अंतू रेलवे स्टेशनों के बीच प्री-नॉन इंटरलॉकिंग, नॉन-इंटरलॉकिंग और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य होना है। इस वजह से 20 से 28 फरवरी तक ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। कई रेलगाड़ियों का संचालन निरस्त रहेगा। पंजाब मेल समेत कई ट्रेनें बदले मार्ग से चलाई जाएंगी। इससे यात्रियों को काफी दिक्कतें होंगी। उत्तर रेलवे ने कुछ और रेलगाड़ियों को लेकर कुछ बदलाव किए हैं। इन बदलावों में ट्रेनों को पूर्ण रूप से और आंशिक रूप से कैंसिल किया जाना और कुछ ट्रेनों के रूट में बदलाव किया जाना शामिल है। उत्तर रेलवे की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया है कि लखनऊ मंडल के वाराणसी-लखनऊ वाया प्रतापगढ़, रायबरेली रेलखंड के प्रतापगढ़ जं0-चिलबिला जं0 ए अंतू रेलवे स्टेशन स्टेशनों पर रेल लाइन दोहरीकरण के लिए नॉन इंटरलॉकिंग के कारण कुछ रेलगाड़ियां निरस्त की गई है, कुछ आंशिक रूप से निरस्त की गई हैं और कुछ के मार्ग में परिवर्तन किया गया है।

## संक्षेप

### रोडवेज बस किराये में वृद्धि को लेकर किया प्रदर्शन



**जौनपुर।** रोडवेज बसों में 25% से अधिक किराया वृद्धि के खिलाफ एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) पार्टी की जिला कमेटी के तत्वाधान में सोमवार को बदलापुर तहसील मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारे लगाए और मुख्यमंत्री को सम्बोधित 5 सूत्रीय मांग पत्र उपजिलाधिकारी बदलापुर को सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने मांग किया कि उत्तर प्रदेश के रोडवेज बसों में 25% से भी ज्यादा की गई किराया वृद्धि अविलंब वापस ली जाए। रोडवेज बसों में सीनियर सिटीजन के लिए किराये में विशेष छूट दी जाए। 60 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा सुनिश्चित किया जाए। छात्रों व परीक्षार्थियों को सस्ते दर पर बस पास मुहैया कराया जाए। सार्वजनिक क्षेत्रों व विभागों का निजीकरण बंद किया जाए। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव-2022 के अपने चुनावी घोषणापत्र में कहा था कि उत्तर प्रदेश के रोडवेज बसों में 60 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा मुहैया करायी जाएगी लेकिन मुफ्त यात्रा तो दूर, उल्टे रोडवेज बसों में 25% से भी अधिक किराया वृद्धि करके एक बार फिर भाजपा सरकार की वादा खिलाफी सबके सामने है। यह किराया वृद्धि ऐसे समय में की गई है कि जब छात्रों व परीक्षार्थियों को अपनी परीक्षाएं दूर दूर तक जाकर देने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी व घटती आय क्षमता से जूझ रहे लोगों के ऊपर यह किराया वृद्धि कमरतोड़ आर्थिक बोझ का प्रहार है। भाजपा जिन राज्यों में अपनी सरकारें नहीं बना पाई है, वहां सत्ता में आने के लिए लंबे चौड़े वादे कर रही है। लेकिन जहां सत्तासीन है वहां जन विरोधी व पूंजीपति परस्त नीतियां लागू कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉमरेड हीरालाल गुप्ता व संचालन कॉमरेड इंदु कुमार शुक्ल (एडवोकेट) ने किया। कार्यक्रम को एसयूसीआई(सी) पार्टी के राज्य कार्यालय सचिव कॉमरेड जगन्नाथ वर्मा, जिला सचिव कॉमरेड रविशंकर मौर्य, मिथिलेश कुमार मौर्य, दिलीप कुमार खरवार, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, राजबहादुर मौर्य, लालता प्रसाद मौर्य, अलगूराम पटेल, अशोक कुमार खरवार, जवाहरलाल मिश्र व जयप्रकाश पाण्डेय आदि ने सम्बोधित किया।

### करंजाकलां ब्लॉक में दो दिनी बीडीसी प्रशिक्षण शुरू



**करंजाकला।** विकास खंड करंजाकला ब्लॉक के सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में योजनाओं के क्रियान्वयन व विकास कार्यों के बारे में प्रशिक्षण दिया जायेगा। क्रियान्वयन के लिए 6 समितियों के भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण शिविर का उद्धघाटन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व भाजपा नेता सुनील कुमार यादव मम्मन ने दीप प्रज्वलन करके किया। इस मौके पर दो दिवसीय प्रशिक्षण के बारे में उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए जानकारियां रहेंगी तभी सब अपनी भूमिका समझ पाएंगे और विकास को गति मिलेगी और विकास की गुणवत्ता बढ़ेगी। खंड विकास अधिकारी आरडी यादव ने कहा कि आमजन के विकास में क्षेत्र पंचायत, ग्राम पंचायत दोनों की अहम भूमिका होती है और प्रशिक्षण में क्षेत्र पंचायत की समितियों की अपनी जिम्मेदारियां होती हैं। इसके अलावा केंद्रीय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, पंचायत कल्याण कोष, योजना मातृभूमि योजना, पंचायत क्षेत्र विकास योजना, विकास लक्ष्य, गवर्नमेंट की स्थापना, पंचायत पुरस्कार, अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। समितियों के गठन पर भी जानकारी दी गई। किस तरह से क्रियान्वयन करना है और समितियों में क्षेत्र पंचायत सदस्य की भूमिका के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण ट्रेनर कन्हैया राम, राधेश्याम द्वारा दिया गया। मंडलीय निदेशक पंचायत सुनील सिंह ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत नागेंद्र यादव, मुकेश कुमार, उत्तम कुमार, रमेश यादव, शरद सिंह मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह का आगमन कल

**जौनपुर।** प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल ने अवगत कराया है कि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात, उत्तर प्रदेश दिनेश प्रताप सिंह 15 फरवरी को अपरान्ह 4.30 बजे निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग पहुंचेंगे। अपरान्ह 5 बजे जनप्रतिनिधियों, संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक एवं स्थानीय समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान करेंगे। केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी विकास की परियोजनाओं, लोक कल्याणकारी योजनाओं, कानून व्यवस्था आदि के संबंध में जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग में करेंगे। 6.10 बजे माधव भवन में विचार परिवार के साथ बैठक करेंगे। 6.50 बजे ग्राम चौपाल का आयोजन एवं प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करेंगे। 7.30 निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग में स्मार्ट सिटी परियोजना, स्ट्रीट वेंडर्स को पीएम स्वनिधि वितरण, उनके पुर्नवास, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्लास्टिक फ्री शहर के तहत किए जा रहे प्रयास व ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों की समीक्षा करेंगे। 8.05 बजे अनुसूचित जाति/जनजाति बस्तियों का भ्रमण एवं सहभोज करेंगे। 9 बजे निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग में रात्रि विश्राम करेंगे। 16 फरवरी को 9.15 बजे गौशाला कृषि भवन में निराश्रित गो-वंश प्रबंधन एवं गो-आश्रय स्थल का निरीक्षण करेंगे। 9.40 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे। 10.10 बजे प्राइमरी स्कूल व कस्तूरबा गांधी विद्यालय का निरीक्षण, राजकीय महाविद्यालयों में स्थापित स्मार्ट क्लास,

व विज्ञान केंद्र का निरीक्षण करेंगे। 11.40 बजे जनपद में विद्युत आपूर्ति एवं विद्युत देयों के भुगतान में उत्पीड़न की शिकायतों की समीक्षा करेंगे।

# खामियां मिलने पर एनएमसी दल नाराज

खफा

**चिकित्सा महाविद्यालय के दौरे के समय मिली त्रुटियों को दूर करने का निर्देश**

जनसंदेश न्यूज

**करंजाकला।** सिद्दीकपुर के उमानाथ सिंह स्वशासित राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का एनएमसी की टीम ने निरीक्षण किया और संसाधनों की जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। इस दौरान काफी खामियां मिलने का मामला भी सामने आया है जिस पर टीम ने नाराजगी जाहिर करते हुए सुधार लाने की नसीहत दी।

उमानाथ सिंह राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एनएमसी की 3 सदस्यीय टीम निरीक्षण करने आई जिसमें डॉ. नीतू अरोरा, डॉ. विश्व चंद टीम में शामिल रहे। इस दौरान टीम ने शैक्षिक संस्थान, रिसर्च लाइब्रेरी, म्यूजियम,



मेडिकल कालेज का निरीक्षण करती एनएमसी की टीम

बायोकेमिस्ट्री, लैब ऑफिस, हिस्ट्री लैब, मेडिकल लैब, फामोकोलॉजी, डासेक्शन हॉल, वॉशिंग एरिया, कुल्ड स्टोर का निरीक्षण किया जिसमें रखरखाव को लेकर उन्होंने सवाल भी किए। वहां मौजूद चिकित्सक जवाब नहीं दे सके।

उन्होंने रखरखाव व अन्य व्यवस्थाओं पर चिंता जाहिर की। इसके साथ ही चिकित्सकों के बारे में जानकरी कर विवरण लिया। साथ ही दवाओं के वितरण रजिस्टर, पैथोलॉजी सामग्री के बारे में भी जानकारी ली। इसके साथ गर्ल्स हॉस्टल पहुंचे जहां की दुर्दशा देखकर नाराजगी जाहिर की। ब्वायज हॉस्टल, टाइप 4 बिल्डिंग को भी देखा सबके बारे में पूछताछ किया और सभी में कुछ न कुछ सुधारने के साथ दवाओं के रखरखाव के बारे में दिशा निर्देश दिया। इस दौरान प्रिंसिपल डा. शिवकुमार, वाइस प्रिंसिपल रुचिरा सेठी मौजूद रही।

## डॉक्टर की कार से टीम की कार का शीशा टूटा

**करंजाकला।** उमानाथ सिंह राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में एनएमसी की टीम निरीक्षण करने के लिए आई थी। चिकित्सक की कार से साइड लगने पर एनएमसी टीम की कार के दाहिने साइड का मिरर टूट गया और एनएमसी टीम की इनोवा कार बाहर मेडिकल परिसर में खड़ी कर दी और निरीक्षण करने चली गई। इसी दौरान एक महिला चिकित्सक कार से आई और एनएमसी टीम की इनोवा कार में दाहिने तरफ साइड लगने से कार का मिरर टूट गया जिससे इनोवा कार के कुछ हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि इस मामले पर महिला चिकित्सक ने खेद प्रकट किया और कहा कि यह गलती से हुआ महिला चिकित्सक ने आश्वासन दिया कि कार का टूटे मिरर की भरपाई की जाएगी।

## संक्षेप

### सीतामढ़ी में अग्नि को साक्षी मानकर 45 जोड़े हुए एक दूजे के



**गोपीगंज।** सीतामढ़ी में सोमवार को सीता जयंती के अवसर पर सीता समाहित स्थल ट्रस्ट द्वारा 45 जोड़ों का वैदिक मंत्रोचार के बीच सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। इस अवसर पर मन्दिर से बैंड बाजे के साथ बारात निकली गई जो दयावंती पूजं मांडल स्कूल परिसर के मल्टीपरपज हाल पहुंची। मुख्य ट्रस्टी अतुल पुंज व प्राचार्या अंजलि सिंह एवं आशा उपाध्याय सहित ट्रस्ट के लोगों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर बरात का स्वागत किया। आकर्षक रूप से सजे मंडप में वर और वधू ने एक दूसरे के गले में जयमाल डालकर फेरे लिए और अग्नि को साक्षी मानकर एक दूसरे के लिए जीवन भर समर्पित रहने का प्रण लिया। इस दौरान मंगल गीत और तालियों से पूरा परिसर गुंजायमान रहा। इस अवसर पर ट्रस्ट के चेयरमैन अतुल पुंज एवं उनके सहयोगी रमेशचंद्र दुआ, मुकुन्दी दुआ, निम्मा आनन्द, कैलाश चंद आदि ने वर वधू को सुखमय वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया।

### पानी टंकी निर्माण में बाधा पहुंचाने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई: सीडीओ

**भदोही।** मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने सोमवार को विकास भवन सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत महत्वपूर्ण बिंदुओं व आयामों पर समीक्षा बैठक किया। समीक्षा बैठक के दौरान जल जीवन मिशन योजना के सभी महत्वपूर्ण घटक इंटेक वेल, डब्लू टीपी, सीडब्लूआर, ओएसटी, रॉ वाटर राइजिनिंग मेन, क्लीयर वाटर राइजिनिंग मेन एवं डिस्टीब्यूशन नेटवर्क इत्यादि कार्यो के आधार पर कार्यदायी संस्थाओ के द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की गयी। कार्यदायी एजेंसी मेसर्स वेलशपन इंटर प्राइजेज, कावेरी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्रा. लि., मेसर्स जी. ए. इंफ्रा., इंडियन इंस्टिट्यूट फार डेवलपमेंट स्टडीज एंड रिसर्च, ओम ग्रामोदयोग एवं विकास समिति, मेसर्स मेधज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा. लि., राज्य पेयजल एवं स्टेशन मिशन के अंतर्गत जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई के कार्यो व प्रगति पर गहन समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जीए इन्फ्रा प्रा.लि. द्वारा पानी टंकी निर्माण हेतु ग्राम पंचायत में चिन्हित की गयी जमीनों पर लैण्ड डिस्प्यूट है। मुख्य विकास अधिकारी ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पानी टंकी निर्माण में जमीन व रास्ता संबंधित अनावश्यक हस्ताक्षेप करने वाले व्यक्तियों पर सख्त कार्यवाही करते हुए सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित के कार्य में बाधा पहुॅचाने वालों पर कठोर कार्यवाही की जाए। बैठक में डीसी मनरेगा राजाराम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहें।

### दो बाइकों की हुई टक्कर

**भदोही।** ऊंज थाना क्षेत्र के जीटी रोड पर आमने सामने हुई दो बाइको की टक्कर में दोनो बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलावस्था में उपचार के लिए निजी नर्सिग होम में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए रेफर कर दिया गया। ज्ञात हो कि परीक्षा देकर हंडिया से दो बाइक पर छात्र आ रहे थे। पीछे वाला बाइक सवार रेलिंग से टकरा गया और आगे बाइक मे टक्कर मार दिया जिससे दोनो बाइक सवार घायल हो गये।

### नाबालिग लड़की भगाने पर दी तहरीर

**भदोही।** ऊंज थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक लड़की भगाने की तहरीर स्थानीय थाने मे दर्ज कराया गया। तहरीर मिलते ही पुलिस छानबीन में जुट गयी है। ज्ञात हो कि एक गांव की लड़की के पिता ने अपने ही पडोसी के रिश्तेदार के ऊपर अपनी नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की तहरीर दी गयी है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## कालीन उद्योग को बढ़ावा देती है सीईपीसी: उमर हमीद



**भदोही।** कालीन निर्यात संवर्धन परिषद का 41 वां फाउंडेशन डे नई दिल्ली स्थित मुख्य कार्यालय में सोमवार को बड़े धूमधाम से मनाया गया। उमर हमीद, अध्यक्ष, कालीन निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा कैप्टन मुकेश कुमार गोंबर, उपाध्यक्ष और परिषद प्रशासनिक समिति के सदस्य महावीर प्रताप शर्मा, गुलाब नबी भट्ट, वासिफ अंसारी, श्री राम मौर्य, फिरोज वजीरी, बोध राज मल्होत्रा, दर्पण बरनवाल, रोहित गुप्ता के अलावा परिषद के कार्यकारी निदेशक सह सचिव डॉ. स्मिता नागरकोटी की मौजूदगी में केक कटकर मनाया गया।

उमर हमीद, अध्यक्ष ने बताया कि कालीन निर्यात संवर्धन परिषद (सीईपीसी) की स्थापना वर्ष 12 फरवरी 1982 में कंपनी अधिनियम के तहत निर्यातकों द्वारा की गई थी और यह एक गैर-लाभकारी संगठन है, जिसकी स्थापना हस्तनिर्मित कालीनों और अन्य फर्श कवरिंग के निर्यात को बढ़ावा देने तथा विकसित करने के उद्देश्य से की गई थी।

अब तक सीईपीसी के देश भर में 2500 से अधिक सदस्य हैं। सीईपीसी दुनिया भर के सभी प्रमुख और विकासशील बाजारों में व्यापार प्रतिनिधिमंडल भेजता है, परिषद द्वारा प्रदर्शनियों, मेलों के माध्यम से दुनिया भर में भारतीय निर्यात को प्रदर्शित करता है और साथ ही साथ कालीन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए आयातकों को आमंत्रित करता है। परिषद् द्वारा कालीन उद्योग से जुड़े बुनकरों के लिए बाल कल्याण योजना के अंतर्गत निःशुल्क चिकित्सा के साथ साथ उनके बच्चो के लिए विद्यालय भी चलाया जाता है।

### टॉप-टेन व हिस्ट्रीशीटर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**भदोही।** जनपद में मादक तस्करों के विरुद्ध लगातार की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में थानाध्यक्ष दुगार्गंज विनोद कुमार दूबे मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिरी सूचना के आधार पर जनपद स्तर के टॉप टेन व हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त राजेश बिंद उर्फ खेतई पुत्र स्व. सुदामा बिंद निवासी छनौरा थाना दुगार्गंज जनपद भदोही को अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। अभियुक्त के कब्जे से एक प्लास्टिक के झोले में कुल 06 किग्रा नाजायज गांजा बरामद किया गया है। उक्त गिरफ्तारी के आधार पर शातिर अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अंतर्जनपदीय अभियुक्त लूट, हत्या, चोरी, धोखाधड़ी, अवैध तस्करी जैसे गंभीर अपराध करने वाले गिरोह का सक्रिय सदस्य है, जिसके विरुद्ध न्यायालय से वारंट भी जारी था। अभियुक्त के विरुद्ध जनपद भदोही, प्रयागराज, वाराणसी व जौनपुर में गैंगस्टर, लूट, हत्या, चोरी, गुंडा, आयुध व एनडीपीएस एक्ट सहित गंभीर अपराधों के लगभग 05 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्त के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जांच सहित अन्य जनपदों से भी आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

# एनईआर रूट पर ट्रेनों पर पत्थरबाजी रोकने को लेकर किया गया जागरूक

अभियान

**रेल लाइन के किनारे बसे गांवों के लोगों को किया गया जागरूक**

जनसंदेश न्यूज



**गोपीगंज।** त्योहारों पर ट्रेनों पर अराजकतत्वों द्वारा कीचड़, पत्थर फेंकने, चेन पुलिंग के मामलों को लेकर भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो जिसको लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे के प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार यादव अपने स्टाफ के साथ रामनाथपुर-हंडिया खास रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे लाइन के किनारे बसे दर्जनों गांव में जाकर रेलवे पर पत्थर फेंकने और कोई क्षति न पहुंचाने के लिए लोगों को जागरूक किया।

इस दौरान उन्होंने रविवार को जगतपुर, पहाड़पुर, आसेपुर, बड़ोखरा, बिझवनिया, दुसौती सैदाबाद सहित कई गांवों के लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि वे रेलगाड़ी पर पत्थर न मारें, चेन पुलिंग न करें, चेन पुलिंग से ट्रेनें गंतव्य स्थान पर देरी से पहुंचती है। ग्रामीणों से ऐसे लोगों की पहचान कर पुलिस को अवगत कराने की अपील की गई। ग्रामीणों को बताया कि रेलवे एक्ट के तहत ट्रेन पर पथराव करना गैर जमानती अपराध की श्रेणी में आता है, ऐसा करने पर 3 साल की सजा या जुमार्ना अथवा दोनों का प्रावधान है। रेलवे ट्रैक पर पत्थर नही रखने के साथ रेलवे को किसी प्रकार की क्षति न पहुंचाने तथा सहयोग करने के लिए जागरूक करते हुए अपील की गई। बताया कि पत्थर लगने से रेलगाड़ी से यात्रा करने वाले यात्रियों को गंभीर चोट आ सकती है, इससे उनकी जान भी जा सकता है। रेलवे समपार फाटक बंद होने की हालत में उसको पार न करें नहीं तो रेलवे एक्ट के तहत उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई हो सकती है।

# इस बार वाराणसी से भी उड़ान भर सकेंगे हाजी: मुमताज अंसारी

सुविधा

**खुद्दामे हज समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आवेदन करने वाले लोगों को दी गई हज के गाइडलाइन की जानकारी**

**भदोही।** जिले में हज यात्रा-2023 पर जाने वाले जायरीनों के फार्मों का ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गया। खुद्दामे हज समिति द्वारा नगर के आलमपुर मोहल्ले में स्थित समिति के सरपरस्त हाजी शाहिद हुसैन अंसारी के आवास पर इसको लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 10 जायरीनों का फार्म ऑनलाइन भरा गया।

इस अवसर पर हाजी शाहिद हुसैन अंसारी ने कहा कि देश में 175025 हाजियों का कोटा है। अब वीआईपी कोटे को खत्म कर दिया



गया है। 2023 के हज में पर हेड 412450 रुपए खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि हज फेयर का 15 परसेंट का खर्च 2 साल के बच्चों के लिए निश्चित किया गया है। इसके ऊपर के सभी लोगों का पूरा खर्च लगेगा। उन्होंने कहा कि समिति की तरह से सभी जायरीनों का पूर्व वर्षों की भांति खिदमत किया जाएगा। समिति के सरपरस्त हाजी मुमताज अहमद अंसारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए 3 जगह का ऑप्शन रहेगा। जो वाराणसी, लखनऊ व दिल्ली से उड़ान भर सकेंगे। उन्होंने कहा कि जायरीन भदोही के पीरखांपुर मोहल्ले में स्थित मदरसा के अलावा

हज फार्म ऑनलाइन गोपीगंज मदरसा हबीबिया आदि सेंटरों से करा सकते हैं। आज ऑनलाइन फार्म आवेदन करने वालों में प्रमुख रूप से एहसान राईन, परवीन बानो, असलम अंसारी, जरीना खातून, मो. नसीम, हाफिज मोबिन, मोहम्मद नदीम, मोहम्मद फरीद आदि रहे। इस मौके पर हाजी हबीबुल्लाह, हाजी इमाम बेग, हाजी जाहिद अली अंसारी, हाजी सोहैब आलम नदवी, मो.हसन अंसारी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

## सरकार की गलत नीतियों से यात्री बस से सफर को हो रहे वंचित: माबूद

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश के द्वारा यात्री किराया मूल्य वृद्धि कर आमजन के साथ बड़ा धोखा किया है। जरूरतमंद व्यक्ति अपने जरूरत के लिए बसों से सफर करता है। आज सरकार की गलत नीतियों के कारण बस से सफर करने के लिए वंचित होना पड़ रहा है। सरकार लगातार आम जनता के साथ ठगी कर रही है।



उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य माबुद खान ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के द्वारा भाड़े में वृद्धि को जनता को ठगने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार को महंगाई कम करने के लिए पेट्रोलियम पदार्थों में एक्साइज ड्यूटी को कम करना चाहिए था लेकिन सरकार में बैठे राष्ट्रवाद और धर्म के चादर में लिपटी भारतीय जनता पार्टी सरकार के द्वारा 25 पैसे प्रति किलोमीटर मूल्य वृद्धि कर जनता के जेब में सीधी डकैती किया है।

कहा कि केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार होने के बाद भी राष्ट्रीय राजमार्गों में पड़ने वाले टोल टैक्स के कारण जनता को दिनदहाड़े लूटने का फरमान जारी कर प्रदेश की जनता के पैसे लूट कर सरकारी खजाना भरने का प्रयास कर रही है। जबकि प्रदेश और केंद्र की भाजपा मोदी और योगी सरकार के द्वारा प्रतिदिन अपनी उपलब्धियों को गिराने के लिए प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को दो करोड़ रुपए का विज्ञापन देना जनता के पैसे का खुल्लम खुल्ला बंदरबांट कर रही है। बस भाड़ा मूल्य वृद्धि कर सरकार जनता को सीधे-सीधे आर्थिक रूप से कमजोर करना चाहती है।

# पुलिस व गोवंश तस्करों में मुठभेड़

**टक्कर**

**तीन गिरफ्तार, एक गोली से घायल**

**सरायख्वाजा व खुटहन पुलिस को मिली कामयाबी**

**बाइक, तमंचा व वध करने के उपकरण हुए बरामद**

जनसंदेश न्यूज

**खुटहन।** खुटहन व सरायख्वाजा थानों की संयुक्त पुलिस टीम ने रविवार की देर रात मुठभेड़ में तीन शातिर गोवंश तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें से एक पैर में गोली लगने से घायल हो गया। एक सिपाही भी आरोपियों की गोली से जख्मी हो गया। मौके से तमंचा, कारतूस, मोटर साइकिल, तीन मोबाइल फोन व गोकशी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बरामद हुए हैं।

एसपी (सिटी) डाक्टर संजय कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत खुटहन थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव व सरायख्वाजा थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा अपनी-अपनी टीम के साथ गभिरन तिराहे पर मौजूद थे। उसी समय मुखबिर ने सूचना दी कि गभिरन-पोटरिया रोड पर सलहदीपुर के सरहद पर गोवंश तस्कर गोवंश वध करने की तैयारी कर रहे हैं। पुलिस टीम तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंची। गोतस्कर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिए। गोली कांस्टेबल आशीष यादव के दाहिने बांह के ऊपरी हिस्से में लगी। आत्मरक्षार्थ पुलिस के गोली चलाने पर रुस्तम निवासी हरि का पूरा (पिलकिछा) थाना खुटहन पैर में गोली लगने से घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने भाग रहे उसके दो साथियों रियाजु ग्राम लमहन थाना महराजगंज व शहनवाज ग्राम अढ़नपुर थाना सरपतहां को भी पकड़ लिया। घायल गो-तस्कर व सिपाही को जिला अस्पताल ले जाया गया। डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बीएचयू रेफर कर दिया। उन्होंने बताया कि आरोपितों से पूछताछ के दौरान सनसनीखेज घटना का अनावरण हुआ। गो-वंश तस्करी व वध में बहुत बड़ा गैंग संलिप्त है। इस गैंग का मास्टर माइंड मन्नान निवासी बखरा थाना सरायमीर आजमगढ़ व पापा, गुड्डू उर्फ लगंड़ा निवासी अरंद थाना शाहगंज हैं। इसी गिरोह के लोगों ने गो-वध कर उनके मुंडो व अवशेषों को वाहनों से स्कार्पियो व पिकअप से लाकर पिछले दिनों खुटहन के पटैला के सेवईनाला व इटारी सरायख्वाजा नाले में फेंका था। इनकी गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। गैंगस्टर एक्ट की भी कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम में खुटहन थाने के प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव, एसआइ विजय शंकर सिंह, एसआइ राम मिलन यादव, हेड कांस्टेबल संजय ओझा, संतोष यादव, सुदर्शन यादव, गजेंद्र प्रताप सिंह, आशीष यादव, सरायख्वाजा थाना के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र, एसआई सुरेन्द्रनाथ सिंह, शहाबुद्दीन शाह, हेड कांस्टेबल अमलेश सिंह, अनुज प्रताप सिंह रहे।


पुलिस की गोली से घायल गो-वंश तस्कर

# युवाओं की प्रतिभा निखारने का मंच है प्रतिस्पर्धा : प्रो. निर्मला एस. मौर्य

**संबोधन**

**युवा महोत्सव से लौटी टीम का कुलपति ने किया स्वागत**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में सोमवार को महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ युवा महोत्सव से प्रतिभाग कर लौटी वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम का सम्मान किया गया। इस युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस मौके पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि बच्चों को इस तरह के कार्यक्रमों में प्रतिभाग करना चाहिए। महोत्सव और प्रतियोगिताएं युवाओं की उनकी प्रतिभा निखारने का एक मंच प्रदान करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में अपने जज्बा को बनाए रखें। जीत, हार, मेडल यह अलग चीज है। हमें अनुशासित रूप से अपने प्रयास करने चाहिए ताकि लोग हमारे कला की सराहना करें। इस मौके पर कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि फल की इच्छा के बिना कर्म करने वाले को सार्थक दिशा मिलती है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में रियाज जरूरी होता है। आप लोगों का प्रयास सफल रहा इसके लिए बहुत-बहुत बधाई।

वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने कहा कि हमें और भी इवेंट्स को बढ़ाने चाहिए, ताकि किसी एक में हम अच्छा प्रदर्शन न कर पाए तो दूसरे में कोई हमसे आगे ना बढ़ पाए। युवा महोत्सव की टीम को लेकर जाने वाले डॉ. विनय वर्मा को कुलपति समेत अधिकारियों ने बधाई दी। इस मौके पर प्रो. बंदना राय, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. मुराद अली, प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. मनोज पांडेय, डॉ. विनय वर्मा, उद्देश सिंह सहित युवा महोत्सव में शामिल टीम मौजूद रही।



युवा महोत्सव से लौटी टीम का स्वागत करती कुलपति

# विद्यार्थी निडर एवं तनावरहित होकर परीक्षा में बैठें: फादर पी विक्टर

जनसंदेश न्यूज

**सलाह**

**सीआईएससीई बोर्ड की परीक्षा शुरू**

**करंजाकला।** सेंटजॉन्स स्कूल में सीआईएससीई बोर्ड की परीक्षाएँ सोमवार से शुरू हो गयी। जनपद में सीआईएससीई बोर्ड के दो ही विद्यालय हैं। एक सेंटजॉन्स स्कूल सिद्दीकपुर दूसरा सेंटजॉन्स स्कूल सबरहत शाहगंज हैं।


सीआईएससीई बोर्ड की परीक्षा देते परीक्षार्थी

सोमवार को इंटरमीडिएट की अँग्रेजी प्रथम प्रश्न पत्र की परीक्षा शुरू हुई जिसमें सेंटजॉन्स जौनपुर में 91 विद्यार्थी एवं सेंटजॉन्स सबरहत में 29 विद्यार्थी परीक्षा में भाग ले रहे हैं। इंटरमीडिएट की परीक्षा 20 मार्च तक एवं हाईस्कूल की परीक्षा 29 मार्च तक चलेगी। हाईस्कूल की परीक्षा 27 फरवरी से शुरू होगी। हाईस्कूल में 157 बच्चे भाग ले रहे हैं। परीक्षा के लिए विद्यार्थियों को आशीर्वचन देने के बाद सेंटजॉन्स स्कूल सिद्दीकपुर के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने बच्चों से कहा कि निडर एवं तनावरहित होकर परीक्षा में बैठें।

परीक्षा का भय परिणाम को प्रभावित करता है। शांत मन से परीक्षा में बैठने पर ईश्वर भी मदद करता है और कक्षा में गुरुजनों द्वारा पढ़ाया गया पाठ याद आ जाता है।

## व्यापार मंडल ने एसपी से व्यापारियों की बतायी समस्या

**जौनपुर ।** उद्योग व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष दिनेश टंडन के नेतृत्व में नवागंतुक पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अजय पाल शर्मा से शिष्टाचार मुलाकात करते हुए जौनपुर आगमन पर स्वागत किया और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में व्यापारी निर्भिक होकर अपना व्यापार करते हुए देश और प्रदेश का मान सम्मान बढ़ाएंगा। तत्पश्चात मुंगरा बादशाहपुर व्यापार मंडल से आए हुए तहसील अध्यक्ष विश्वामित्र व नगर अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने संयुक्त रुप से मुंगराबादशाहपुर में तैनात कुछ सिपाहियों एवं थानाध्यक्ष द्वारा नगर के व्यापारियों का उत्पीड़न करने एवं व्यापार मंडल पदाधिकारियों से दुर्व्यवहार किए जाने की बात पुलिस अधीक्षक से बताई जिसमें पुलिस अधीक्षक ने उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया और व्यापार मंडल पदाधिकारियों से कहा कि व्यापारियों की कोई भी समस्या हो सुबह 10 बजे से 12:30 बजे तक और 5 से 6 तक मैं सुनने के लिए हमेशा तैयार रहूंगा और उस समस्या का निदान भी करूंगा। प्रतिनिधिमंडल में जौनपुर नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल, युवा जिला अध्यक्ष संतोष अग्रहरी, नगर उपाध्यक्ष अमर जौहरी, नगर महामंत्री मुन्ना लाल अग्रहरि व मनोज कुमार साहू, विश्वनाथ जायसवाल, नंदलाल, शिवकुमार, निशू केसरी, दीपक शुक्ला आदि व्यापारी गण उपस्थित रहे।

# पुरोहित एवं शिक्षक के रूप में फादर अजय अविस्मरणीय रहेंगे : फादर पी विक्टर

**किया याद**

**सेंटजॉन्स परिवार ने पूर्व प्रधानाचार्य फादर अजय को अर्पित की श्रद्धांजलि**

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** सेंटजॉन्स स्कूल सिद्दीकपुर के पूर्व प्रधानाचार्य फादर अजय कुमार गाजीपुर की नन्दगंज के पास सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी। उनके शोक में विद्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में फादर अजय की दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर, अध्यापक-अध्यापिका, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने उनके चित्र पर पुष्पमाला एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। समीना फारूकी ने फादर अजय कुमार के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया। शिक्षक के रूप में फादर अजय ने जमवान संत इंटर कॉलेज में अपनी सेवा प्रदान की ततपश्चात सेंटमेरी स्कूल भदोही एवं सेंटजॉन्स स्कूल सिद्दीकपुर में प्रधानाचार्य के रूप में अपनी भूमिका निभाई। इसके बाद फादर अजय उच्च शिक्षा के लिए बैंगलोर चले गए। बैंगलोर से आने के बाद गाजीपुर में पुरोहित के रूप में अपनी सेवा प्रदान कर रहे थे। प्रार्थना के लिए चर्च में जाते समय दुर्घनाग्रस्त हो गए और इस आसार संसार को हमेशा के लिए अलविदा कह गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने अपने शोक संदेश में कहा कि एक पुरोहित एवं शिक्षक के रूप में फादर अजय ने अविस्मरणीय यादें छोड़ी है। उनको याद करते हुए फादर भावुक हो गए और कहा कि वे उनके विद्यार्थी रह चुके थे और उन्हें 'गुरुजी' कहकर ही पुकारते थे। कैलिसिया और शिक्षा जगत में उनके द्वारा की गई सेवाओं को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। यह ऐसी क्षति है जिसे कभी भी पूरा नहीं किया जा सकता।


फादर अजय को श्रद्धांजलि अर्पित करता सेंटजॉन्स परिवार

## संक्षेप

### पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार



**केराकत।** क्षेत्र के कुशैला निवासी उमेश पुत्र विजई 40 वर्ष व धरौरा निवासी शिवकुमार पुत्र सेचन 32 वर्ष को सोमवार को अभियान के तहत पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। गौरतलब हो कि पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये विशेष अभियान के तहत उपनिरीक्षक अटल बिहारी मिश्रा व उपनिरीक्षक नान्हू यादव अभियान के दौरान वारंटी उमेश पुत्र विजई व अभियुक्त शिवकुमार पुत्र सेचन को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। गिरफ्तार करने वाली टीम में हे.का. संतोष कुमार गिरि, सुनील यादव, का. अजय कुमार सिंह, विवेक पाण्डेय, जितेंद्र यादव व प्रभाकर यादव मौजूद रहे।

### रेलवे ट्रैक पर मृत मिली किशोरी

**चंदवक।** औड़िहार-जौनपुर रेल प्रखंड पर बीरीबारी गांव के सामने रविवार देर रात रेलवे ट्रैक पर एक किशोरी मृत अवस्था में पड़ी मिली। उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे। बताया जाता है कि गाजीपुर जनपद के खानपुर थाना क्षेत्र के गोपालापुर निवासी दिनेश यादव की 17 वर्षीय पुत्री शिवांगी यादव अपने ननिहाल अटहरपार गांव में मामा दिनेश के यहां रहती है। बीच में वह अपने घर गई थी लेकिन पंद्रह दिन पहले वह ननिहाल आ गई थी। रविवार देर रात बीरीबारी गांव के सामने रेलवे ट्रैक पर वह मृत पड़ी मिली। उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे। जानकारी होने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में चौकी प्रभारी देवेन्द्र दुबे ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### किशोर के साथ युवक ने किया अप्राकृतिक दुराचार

शाहगंज। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत नगर के एक मोहल्ले में एक युवक ने पड़ोसी किशोर के साथ अप्राकृतिक दुराचार किया। किशोर की हालत खराब होने पर युवक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने आरोपित के खिलाफ तहरीर दे न्याय की गुहार लगाई है। बताया जाता है कि नगर के एक मोहल्ले में रविवार की रात घर के बाहर खेल रहे एक किशोर को पड़ोसी युवक ने अपने घर के अंदर बुला कर जबरदस्ती अप्राकृतिक दुराचार किया। दुराचार के बाद युवक ने किशोर को धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। घर आने पर किशोर ने सारी बात परिजनों को बताई। परिजन ने बच्चे को राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार हेतु उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर आरोपित युवक के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने धारा 377 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तालाश कर रही है।

### दुष्कर्म व पॉक्सो के आरोपित गिरफ्तार

**खुटहन।** थाना क्षेत्र के दो अलग अलग स्थानों से सोमवार को पुलिस ने दुष्कर्म व पाक्सो के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर चलान न्यायालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव ने बताया कि खुटहन चौराहे पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक पैदल आता दिखा। रुकने के इशारे पर वह भागने लगा। हमराहियों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। उसने अपना नाम पता हरदोई जिले के मल्लाव थाना क्षेत्र के नगर मल्लाव निवासी सत्यनारायण उर्फ सुभाष उर्फ शिवम पुत्र बाबूलाल बताया। आपराधिक कुंडली खंगालने पर वह दुष्कर्म और पाक्सो ऐक्ट का आरोपित निकला। वहीं मुखबिर की सूचना पर बदलापुर थाना क्षेत्र के घनश्यामपुर बाजार से छेड़छाड़ व पाक्सो ऐक्ट का आरोपित जो स्थानीय थाना क्षेत्र कृष्णापुर गांव का निवासी है उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आवश्यक कार्रवाई के बाद दोनों आरोपितों को चलान न्यायालय भेज दिया गया।

### एसपी सिटी ने पुलिस कार्यालय का किया निरीक्षण

**जौनपुर।** एसपी सिटी डा. संजय कुमार द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में शिकायत प्रकोष्ट, डीसीआरबी, विशेष जांच प्रकोष्ठ, प्रधान लिपिक कार्यालय, रिट सेल, आंकिक शाखा में अभिलेखों के रखरखाव व शाखा प्रभारी/कर्मचारियों से कार्यों की जानकारी लेते हुए लम्बित कार्य को तत्काल पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ कर्मचारियों को चेतावनी दी गई। प्रधान लिपिक कार्यालय में अभिलेखों के रखरखाव की हेतु प्रधान लिपिक सतीश सिंह की प्रशंसा की गई।

### 19 मार्च को होगा फिल्मी सितारों का आगमन

**जौनपुर।** नगर के एक होटल में फ्रेंड ग्रुप ट्रस्ट द्वारा आयोजित बैठक में आयोजन समिति के सारे सदस्यों ने अपनी अपनी बातों को रखा। मिस यूपी क्वीन एंड मिसेस यूपी क्वीन सीजन 2 के आयोजन के लिए यह बैठक संपन्न हुई। 19 मार्च को जनपद में इसका ग्रैंड फिनाले कार्यक्रम होगा। आयोजक सलमान शेख ने बताया कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित कर प्रतिभाशाली प्रतिभागियों को ग्रैंड फिनाले में लाया जाएगा। ग्रैंड फिनाले में निर्णायक के रूप में बॉलीवुड अभिनेत्रियों एवं अन्य सितारों का आगमन होगा। इस अवसर पर आयोजन समिति की सदस्य उर्वशी सिंह ने कहा कि हमारे जनपद का नाम लोग बनारस के बगल में जानते है ऐसे आयोजनों से अपने जनपद का नाम और सम्मान बढ़ेगा। आयोजक मिनाज शेख ने बताया कि विजेता को 51,000/ कैश व गिफ्ट हैंपर दिया जायेगा। ज्योति श्रीवस्तव ने कहाकि ऑडिशन 19 फरवरी से शुरू हो जायेगा। वंशिका सिंह और डॉक्टर आकांक्षा दिवेदी द्वारा बताया गया की ट्रस्ट की तरफ से एक सराहनीय कार्य किया जा रहा है और महिलाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है और प्रदेश के कई जिलों में ऑडिशन के बाद मिस एंड मिसेज फाइनलिस्ट को जनपद में लाया जाएगा। इस अवसर पर एडवाइजर ज्योति कपूर, उर्वशी सिंह, ज्योति श्रीवास्तव, वंशिका सिंह, सलमान शेख, शिवम शर्मा, शरिक खान, आदित्यसत्यम, सरला माहेश्वरी, डॉक्टर आकांक्षा दिवेदी, जारा इवेंट की पूरी टीम शामिल रही।

### बीएड प्रथम वर्ष और तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा स्थगित

**करंजाकला।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में बीएड प्रथम वर्ष एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 17 फरवरी से 1 मार्च तक स्थगित रहेगी। बीएड प्रथम वर्ष तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 17 फरवरी से 1 मार्च अपरिहार्य के कारण स्थगित रहेगी। नवीन परीक्षा की तिथि शीघ्र ही जारी की जाएगी यह जानकारी परीक्षा नियंत्रण ने दी है।

# जेसीआई जौनपुर क्लासिक का हुआ सातवां शपथ ग्रहण समारोह

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। जेसीआई जौनपुर क्लासिक के तत्वाधान में संस्था का सातवां शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में इस वर्ष के लिए शिवम सिंह को अध्यक्ष पद के लिए चुना गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष जेएफपी अभिनव चौरसिया ने अध्यक्ष शिवम सिंह को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए कहा की संस्था के शपथ ग्रहण का साक्षी बनकर मुझे बहुत गर्व की अनुभूति हो रही है।

इसी क्रम में नोटिस स्पीकर पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जेसीआई सीनेटर अनिल सिंह ने कहा व्यक्तित्व विकास की संस्था जेसीआई नेतृत्व क्षमता व उद्यमियों की प्रशिक्षण कार्यशाला है। विशिष्ट अतिथि अभिषेक सिंह ने कहा जेसीआई क्लासिक उत्तरोत्तर प्रगति करे यही मेरी शुभकामना है। संस्थापक अध्यक्ष जेसीआई सीनेटर विशाल गुप्ता ने कहा कि जेसीआई क्लासिक अब हर चुनौती के लिए तैयार है। अध्यक्ष शिवम सिंह ने कहा मैं जेसीआई क्लासिक का नाम राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने की अपनी पूरी कोशिश करूंगा एवं इस वर्ष यातायात से जुड़े नियमों को जागरूकता अभियान के तहत प्राथमिकता दूंगा। कार्यक्रम में नई कार्यकारिणी एवं नए सदस्यों को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के पश्चात गत वर्ष के लिए अवार्ड वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के संयोजक जेसी राजू साहू रहे। कार्यक्रम का संचालन बबीता उपाध्याय एवं शालिनी सेठ ने किया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष श्याम जी सेठ, रिचा गुप्ता, लक्ष्मी सिंह, ज्योत्सना साहू, सारिका सिंह, श्रवण अस्थाना, कार्तिक सेठ, प्रदीप उपाध्याय, आनंद देव वर्मा, सतपाल सिंह, सुजीत अग्रहरी, करण सिंह, आदित्य सिंह, अभिषेक बैंकर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में नवनियुक्त सचिव जेसी योगेश साहू ने आभार ज्ञापित किया।




# सनराइज पब्लिक स्कूल में फूड कार्निवाल आयोजित

**नन्हे-मुन्ने बच्चों ने लगाया स्टाल**

**शाहगंज।** सनराइज पब्लिक स्कूल में सोमवार को फूड कार्निवाल का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों द्वारा खाद्य सामग्री स्टाल लगा प्रदर्शन किया। कार्निवाल में आटोमेटिक वेडिंग मशीन (एटीएम) को लगाया गया था जो आकर्षण का केंद्र रहा।

एटीएम कक्षा 11 कामर्स के छात्रों ने तैयार किया था। बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के नाश्ता, इडली, डोसा, चाउमीन, पास्ता, ब्रेड, पकौड़ा, फुल्की, छोला, चाट आदि का स्टाल लगाया गया था। इस दौरान प्रधानाध्यापक बृजेश पाठक, डा. ज्ञान चन्द्र चित्रवंशी, जागृति चित्रवंशी, प्रियंका, अविका, अनुराग, हसन, अमित, संदीप, सुमन, कुसुम, मानिक, हाजिक, कुंवर आदि मौजूद रहे।

# जेसीआई चेतना ने मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम आयोजित किया



**जौनपुर।** जेसीआई जौनपुर चेतना द्वारा माता पिता पूजन कार्यक्रम पूर्व संध्या पर संस्था अध्यक्ष सोनी जायसवाल के नेतृत्व में शहर के एक प्रतिष्ठित स्थान पर आयोजित किया गया। अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि माता पिता का स्थान भगवान के बाद आता है इसलिए सभी को अपने माता-पिता का पूरा ध्यान रखते हुए उनकी सेवा करनी चाहिए।

समाज भी इस कार्य को देखकर उसका अनुकरण करता है जिससे समाज में संस्कार की बढ़ोतरी होती है। संस्था के सदस्यों के बच्चों ने अपने माता-पिता का टीका लगाकर आरती उतारते हुए माल्यार्पण कर पैर छूते हुए प्रणाम किया। निवर्तमान अध्यक्ष/जोन कोऑर्डिनेटर ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम करके जेसीआई चेतना संस्था समाज में एक संदेश देने का कार्य कर रही है। संस्था के पदाधिकारी और अध्यक्ष बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष सरला माहेश्वरी, सचिव मीरा अग्रहरि, राकेश जायसवाल, डॉ. प्रशांत त्रिवेदी, रंजीत सिंह, मंजू जायसवाल, सुधा बैंकर, डॉ. आकांक्षा द्विवेदी, रविंदर कौर, ज्ञानेश्वरी गुप्ता आदि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन सचिव मीरा अग्रहरी ने किया। आए हुए सभी पदाधिकारी और सदस्यों का आभार कार्यक्रम संयोजक रिंकी जायसवाल ने व्यक्त किया।

# एसपी ने खुटहन थाने का किया औचक निरीक्षण



**खुटहन।** पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा द्वारा खुटहन थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण कर रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया। मालखाने में माल मुकदमाती के व्यवस्थित रख-रखाव तथा नियमानुसार माल का विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा की गई व महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए एवं प्रत्येक जनशिकायत का फीडबैक स्वयं प्रभारी निरीक्षक को करने के लिए निर्देशित किया गया। पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान साफ-सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने हेतु भी निर्देशित किया गया।

**जायजा**

**फरियादियों से अच्छा व्यवहार करने का दिया निर्देश**

# घटिया सड़क निर्माण को लेकर नाराज ग्रामीणों ने किया विरोध, काम रोका

**भड़के**

**मामले की शिकायत डीएम से की गई, सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के बरैयाकाजी नरौली रोड का मामला**

जनसंदेश न्यूज

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जौनपुर-खुटहन मार्ग से बरैयाकाजी मोड़ से लेकर नरौली गांव तक बन रही सड़क में घटिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन और विरोध जताते हुए नारेबाजी करते हुए काम रोक दिया और मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की है। पैर से मारने पर गिट्टियां उखड़ जा रही है जिसका वीडियो भी वायरल कर दिया।

जौनपुर-खुटहन मार्ग के बरैयाकाजी मोड़ पर स्थित मां दुर्गा विद्यालय से लेकर नरौली गांव तक कुल 5 किलोमीटर पक्की सड़क के मरम्मत का कार्य चल रहा है। यह निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा है। निर्माण कार्य मानक के अनुसार न तो गिट्टियां बिछाई जा रही हैं और न ही तारकोल का इस्तेमाल किया जा रहा है जिसे जिसकी पेंटिंग के बाद दूसरे दिन गिट्ट उखड़ जा रही है और ग्रामीणों द्वारा पैर मारने पर गिट्टी भरभराकर उखड़ छिटक जा रही है। घटिया निर्माण को देखकर ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया और विरोध जताते हुए काम को रोक दिया। वही निर्माण एजेन्सी व ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ग्रामीणों ने विरोध जताया।

लोगों ने मौके पर काम रोक दिया और मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की है और कार्यवाही की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि घटिया किस्म की सामग्री इस्तेमाल की जा रही है। बता दें कि इस सड़क की मांग मां दुर्गा विद्यालय के प्रबंधक सूर्य प्रकाश सिंह मुन्ना ने मांग करते हुए विभाग को प्रस्ताव दिया लेकिन इसके घटिया निर्माण को लेकर आसपास के कई गांव के लोग भड़क गए हैं। इस मामले की शिकायत गांव के आशीष सिंह ने व्हाट्सएप पर जिलाधिकारी से कर दिया और जांच कराए जाने की मांग की है।


घटिया निर्माण को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण